CMYK

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 08°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, रविवार 18 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 144 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 28 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




मीरा एंड्रीवा ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल का खिताब खेल टाइम्स



ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध किया, तो टैरिफ लगाएंगे, ट्रम्प की सभी देशों को धमकी पेज 12

# पहली स्लीपर वंदे भारत हुई रवाना

## हावड़ा-गुवाहाटी की 958 किमी की दूरी 14 घंटे में करेगी तय

कोलकाता, वार्ता

**पीएम नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। ट्रेन की अधिकतम स्पीड 180 किमी है। श्री मोदी ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाने से पहले यहां विद्यार्थियों से बात भी की। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने श्री मोदी को पेंटिग भेंट कीं। प्रधानमंत्री ने ट्रेन में केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों से बातचीत की।

प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि पहले लोग दूसरे देशों की आधुनिक ट्रेनों को देखकर आस लगाया करते थे कि भारत में भी ऐसी ट्रेनें हों। अब वह सपना सच हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन मां दुर्गा और मां कामाख्या की भूमि को जोड़ रही है। उन्होंने इसके लिए पश्चिम बंगाल और असम के लोगों को बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि रेलवे कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है। आज पश्चिम बंगाल सहित देश में 150 से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। आधुनिक और तेज गति से चलने वाली ट्रेनों का एक नेटवर्क बन रहा है। पश्चिम बंगाल के गरीब और मध्यम वर्ग परिवारों को इसका फायदा हो रहा है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल को मिली चार अन्य वंदे भारत ट्रेनों का जिक्र करते हुए कहा कि जो लोग बंगाल और पूर्वी भारत की यात्रा के लिए देश के अलग-अलग हिस्सों से आते हैं, ये ट्रेनें उनके सफर को आसान बनाएंगी। आज भारतीय रेल आधुनिक होने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भी हो रही है। भारत के रेल इंजन, डिब्बे और मेट्रो कोच भारत की तकनीक की पहचान बन रहे हैं। आज हम अमेरिका और यूरोप से ज्यादा लोकोमोटिव बना रहे हैं। दुनिया के कई देश पैसेंजर कोच और मेट्रो कोच आयात कर रहे हैं। यह पश्चिम बंगाल के हावड़ा से गुवाहाटी (कामाख्या) के बीच 958 किलोमीटर की दूरी सिर्फ 14 घंटे में तय करेगी।



■ प्रधानमंत्री मोदी ने हरी झंडी दिखाई, अधिकतम स्पीड 180 किमी

### टीएमसी पर बरसे पीएम मोदी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्र सरकार की योजनाओं, भाजपा के विस्तार और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखे हमलों के साथ बड़ा राजनीतिक संदेश दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि बंगाल के हर गरीब परिवार के पास पक्का घर हो, हर जरूरतमंद को मुफ्त राशन मिले और केंद्र सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ गरीबों तक पहुंचे।






## संक्षिप्त समाचार

### गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या, आरोपी रूसी नागरिक गिरफ्तार

**पणजी।** गोवा में दो रूसी महिलाओं की हत्या का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दोनों शव शुक्रवार को बरामद किए गए। पुलिस ने दोनों की हत्या के आरोप में 37 साल के रूसी नागरिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान एलेक्सी लियोनोव के रूप में की गई है। वहीं, मृतक महिलाओं का नाम एलेना कस्थानोवा (37) और एलिना वानीवा (37) था। गोवा दोनों महिलाओं की हत्या एक ही पैटर्न में की गई। दोनों का चाकू से गला रेता गया था। हाथ बॉडी के पीछे की तरफ रस्सी से बंधे थे। मामला तब सामने आया, जब गुरुवार रात गोवा के अरंबोल में किराए के मकान से आरोपी की लिव-इन पार्टनर एलेना कस्थानोवा का शव बरामद हुआ।

### वायुसेना की सूर्य किरण टीम दिखाएगी करतब

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानन क्षेत्र की ताकत दिखाने वाले सालाना आयोजन विंग्स इंडिया 2026 में वायु सेना की सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम भी अपने करतब दिखाएगी। विंग्स इंडिया नागर विमाननं क्षेत्र का एशिया का सबसे बड़ा आयोजन है। इस साल इसका आयोजन हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर 28 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इसका शुभारंभ नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू करेंगे।

### राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद

**नई दिल्ली।** आगामी गणतंत्र दिवस और बीटिंग द रिट्रीट समारोह के मद्देनजर राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को यहां एक वक्तव्य जारी कर कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह और उससे जुड़े कार्यक्रमों की रिहर्सल के चलते राष्ट्रपति भवन अगले सप्ताह 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए बंद रहेगा।

# बांग्लादेश में एक महीने में 9वें हिंदू की हत्या

## कर्मचारी को बचाने आए होटल कारोबारी को पीट-पीटकर मारा

ढाका, वार्ता

**बांग्लादेश के** गाजीपुर जिले में शनिवार को एक हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह अपनी मिठाई की दुकान में काम करने वाले एक नाबालिग कर्मचारी को बचाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

मृतक की पहचान 55 वर्षीय लिटन चंद्र घोष उर्फ काली के रूप में हुई है। वह बैशाखी स्वीटमीट एंड होटल का मालिक था। यह दुकान नगरपालिका इलाके के पास बरनगर रोड पर स्थित है। बांग्लादेश में बीते एक महीने में अब तक 9 हिंदुओं की हत्याएं हो चुकी हैं। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 11 बजे मासूम मिया (28) दुकान में आया। किसी मामूली बात को लेकर उसका दुकान में काम करने वाले 17 साल के कर्मचारी अनंत दास से विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। कुछ देर बाद मासूम मिया के माता-पिता, मोहम्मद स्वपन मिया (55) और मजीदा खातून (45) मौके पर पहुंचे और झगड़े में शामिल हो गए। जब दुकान मालिक लिटन चंद्र घोष ने बीच-बचाव कर अपने कर्मचारी को बचाने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उस पर भी हमला कर दिया। इसी दौरान लिटन के सिर पर फावड़े से वार किया गया। पुलिस के मुताबिक, चोट इतनी गंभीर थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा फैल गया। लोगों ने तीनों आरोपियों स्वपन मिया, मजीदा खातून और मसूम मिया को पकड़ लिया और बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। कलिगंज थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) मोहम्मद जाकिर हुसैन ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में हैं और हत्या के मामले में कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। शुरुआती प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बांग्लादेश में 16 जनवरी को हिंदू युवक की पेट्रोल पंप पर कुचलकर हत्या कर दी गई थी। युवक पेट्रोल का भुगतान किए बिना भाग रही एसयूवी को रोकने की कोशिश कर रहा था। मृतक की पहचान 30 साल के रिपन साहा के रूप में हुई है। वह पेट्रोल पंप पर कर्मचारी था। पुलिस ने बताया कि एसयूवी चालक ने जानबूझकर उसे कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह करीब 4:30 बजे एक काली एसयूवी पेट्रोल पंप पर आई। वाहन में करीब 5,000 टका (लगभग 3,710 रुपये) का ईंधन भरवाया गया। जब ड्राइवर ने पैसे दिए बिना गाड़ी आगे बढ़ाने की कोशिश की, तो रिपन साहा ने वाहन रोकने की कोशिश की। इसी दौरान एसयूवी ने उसे कुचल दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी वाहन लेकर फरार हो गए। बाद में पुलिस ने एसयूवी जब्त कर ली और वाहन मालिक अबुल हाशेम उर्फ सुजन (55) और ड्राइवर कमाल हुसैन (43) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि अबुल हाशेम पेशे से ठेकेदार है। वह बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की राजबाड़ी जिला इकाई का पूर्व कोषाध्यक्ष और जिला जुबो दल का पूर्व अध्यक्ष रह चुका है।



■ पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया

### गणतंत्र दिवस से पहले आतंकियों के निशाने पर दिल्ली

**नई दिल्ली।** भारत की इंटेलिजेंस एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस से पहले दिल्ली में आतंकी हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है। एक न्यूज एजेंसी के अनुसार, आईबी से जुड़े सूत्रों ने बताया है कि प्रतिबंधित खालिस्तानी और बांग्लादेश के आतंकी संगठन दिल्ली समेत देश के कई शहरों को निशाना बनाने की कोशिश कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि पंजाब के कुछ गैंगस्टर विदेश से संचालित खालिस्तानी और कट्टरपंथी हैंडलरों के लिए फुट सोल्जर की भूमिका निभा रहे हैं। ये हैंडलर अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने और भारत की आंतरिक सुरक्षा को बाधित करने के लिए क्रिमिनल नेटवर्क का इस्तेमाल कर रहे हैं। ये गैंगस्टर हरियाणा, दिल्ली- एनसीआर, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में एक्टिव हैं।

# मुंबई में शिंदे के सभी 29 पार्षद होटल में शिफ्ट

## मेयर बनाने के लिए भाजपा को चाहिए 25 पार्षद

**मुंबई।** महाराष्ट्र नगर निगम चुनाव रिजल्ट के एक दिन बाद मुंबई में राजनीतिक हलचल बढ़ गई है। शिवसेना (शिंदे) ने सभी 29 पार्षदों को ताज होटल शिफ्ट कर दिया है। शिवसेना (शिंदे) के इस फैसले को मुंबई के मेयर पद से जोड़कर देखा जा रहा है। 227 पार्षदों वाली बीएमसी में भाजपा ने 89 सीटों पर जीत दर्ज की है। बहुमत का आंकड़ा 114 है।

भाजपा को मेयर बनाने के लिए 25 पार्षदों की जरूरत होगी। उधर सीएम फडनवीस ने कहा कि मेयर कौन बनेगा और कब चुना जाएगा। ये सभी फैसले मैं, एकनाथ शिंदे और हमारे पार्टी नेता मिलकर लेंगे। इस पर कोई विवाद नहीं है। शिंदे गुट और अजित पवार गुट को जितनी उम्मीद थी, परिणाम वैसा नहीं आया। दोनों डिप्टी सीएम अपनी पार्टियों की सीटें कम आने से नाराज हैं। शनिवार को महाराष्ट्र सरकार की कैबिनेट बैठक में भी दोनों उप मुख्यमंत्री नहीं गए। शिवसेना की ओर से कहा गया शिंदे बीमार हैं। महाराष्ट्र में निगम चुनावों में बीजेपी ने कुल 29 नगर निगमों में से 17 पर जीत दर्ज की है। वहीं, उसके नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 8 निगमों में जीत हासिल की। इस तरह भाजपा गठबंधन को 25 नगर निगमों में जीत मिली है। महाराष्ट्र चुनाव में मिली हार के यूबीटी के संजय राऊत ने एकनाथ शिंदे को शिवसेना का जयचंद बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अगर एकनाथ शिंदे शिवसेना के जयचंद नहीं बनते, तो भाजपा को मुंबई में कभी मेयर नहीं मिलता। मराठी लोग शिंदे को जयचंद के रूप में याद रखेंगे। 227 सदस्यों वाली बीएमसी में भाजपा ने 89 और सहयोगी शिवसेना ने 29 सीटें जीतीं। जबकि उद्धव की शिवसेना को 65 और एमएनएस को 6 सीटें मिलीं।



■ मुंबई में राजनीतिक हलचल बढ़ी, कैबिनेट मीटिंग में नहीं पहुंचे शिंदे और अजित

# ईरान से लौटे भारतीय, एयरपोर्ट पर परिजन से मिलकर रोये

**नई दिल्ली।** ईरान में जारी हिंसा के बीच फंसे कई भारतीय नागरिक शुक्रवार देर रात दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचे। इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स हैं। कुछ लोग भारत सरकार की पहल से लौटे, तो कुछ अपने खर्च पर वापस आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर परिजन से मिलते ही कई नागरिक फूट-फूटकर रोने लगे।

उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान ईरान में हालात कैसे बिगड़े। ईरान से लौटे जम्मू-कश्मीर के एक युवक ने कहा कि वहां हालात बहुत खराब हैं। हिंसक विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। ईरान से लौटी एक मेडिकल स्टूडेंट ने बताया कि भारतीय दूतावास ने उनसे संपर्क किया था, लेकिन वह निजी फ्लाइट से खुद दिल्ली पहुंची। भारत सरकार ने गुरुवार को एडवाइजरी जारी करके भारतीय नागरिकों से अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी दस्तावेज हमेशा अपने पास रखने को कहा था। भारत सरकार के प्रयासों से निजी फ्लाइट के जरिये नागरिक वापस लौटे हैं। ईरान से लौटे भारतीयों के स्वागत के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर उनके परिवार मौजूद थे। ईरान में वहां की करेंसी रियाल के ऐतिहासिक रूप से नीचे गिरने और महंगाई के विरोध में 28 दिसम्बर 2025 में प्रदर्शन शुरू हुए थे। देश के सभी 31 प्रांतों में हिंसा फैल गई है। इसमें 3 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। ज्यादातर लोग गोली लगने से मारे गए हैं। ईरान ने 14 जनवरी को अपना एयरस्पेस अस्थायी रूप से बंद कर दिया था। इसके बाद तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने वहां मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द से ईरान छोड़ने की सलाह दी थी। ईरान ने 15 जनवरी को अपना एयरस्पेस खोला, जिसके बाद कई भारतीय अपने देश लौटे। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि हमारे लगभग 9,000 नागरिक इस समय ईरान में रह रहे हैं। इनमें से अधिकांश छात्र हैं। वहां के हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर हमने भारतीय नागरिकों को वहां उपलब्ध साधनों से देश छोड़ने की सलाह दी है। इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने ईरान में फंसे भारतीय लोगों के लिए एक एडवाइजरी की थी। सरकार ने भारतीय नागरिकों से अपने पासपोर्ट, वीजा और अन्य जरूरी डॉक्यूमेंट्स हमेशा अपने पास तैयार रखने को कहा था। भारतीय दूतावास ने लोगों के लिए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल एड्रेस भी जारी किया है। ईरान में भारतीय लोगों को +989128109115, +989128109109, +989128109102 और +989932179359 पर संपर्क करने को कहा गया है। ईमेल एड्रेस cons-tehran@mea.-gov.in पर मदद ली जा सकती है।



■ कहा: वहां इंटरनेट नहीं, हालात बदतर, 28 दिसम्बर से हिंसा जारी

# यूपी में कोहरे में 40 गाड़ियां टकराईं, सात की मौत

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में शनिवार को सर्दी के इस सीजन का सबसे घना कोहरा छाया। 15 जिलों में 40 से ज्यादा वाहन कोहरे के कारण टकरा गए। इन घटनाओं में डेढ़ साल की बच्ची समेत 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से ज्यादा घायल हुए।

राज्य में 100 से ज्यादा ट्रेन देरी से चल रही हैं। जम्मू-कश्मीर में कंपकंपाने वाली सर्दी का 40 दिन का चिल्लई कलां जारी है। शनिवार को इसका 28वां दिन था। कश्मीर में मिनिमम टेम्परेचर में भारी गिरावट आई। श्रीनगर में टेम्परेचर -4.0 डिग्री सेल्सियस रहा, शोपियां -5.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इनके अलावा पहलगाम में -2.6डिग्री सेल्सियस, गुलमर्ग में -4.2डिग्री सेल्सियस, सोनमर्ग में -2.9डिग्री सेल्सियस रहा। हिमाचल के लाहौल स्पीति और चंबा में बर्फबारी हुई। स्पीति के शिंकुला दर्रा में 25 टूरिस्ट व्हीकल बर्फबारी में फंस गए, जिन्हें पुलिस ने रेस्क्यू किया। शिमला और चौपाल के अलावा सभी शहरों के तापमान में बढ़ोतरी हुई। सियोबाग का पारा 1.0 डिग्री सेल्सियस से सीधे 8.0डिग्री सेल्सियस पहुंचा।

■ श्रीनगर में पारा -4 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

## संक्षिप्त समाचार

### ताजमहल में भगवा ले जा रहे हिंदूवादी संगठन को रोका

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा जिला में ताजमहल पर भगवा ध्वज ले जा रहे हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। शनिवार को ताजमहल में चल रहे शाहज. हां के उर्स के आखिरी दिन अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता 21 मीटर लंबा भगवा ध्वज लेकर जा रहे थे, जिन्हें पुलिस ने ताजमहल से पहले पुरानी मंडी चौराहे पर रोक लिया। दरअसल ताजमहल में शाहजहां के उर्स के आखिरी दिन चादर पोशी होती है और अखिल भारत हिन्दू महा सभा के कार्यकर्ताओं ने ऐलान किया था किया था कि ताजमहल में भगवा ध्वज फहराएंगे। पुलिस को पहले से ही जानकारी थी और ऐसे में पुलिस सतर्क भी थी। दरअसल हिन्दूवादी संगठन ताजमहल को तेजोमहालय मंदिर मानते हैं और मंदिर मानकर ही भगवा ध्वज लेकर जा रहे थे।

### वशिष्ठ केंद्रीय सतर्कता आयोग के आयुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी ने केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 की धारा 4 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रवीण वशिष्ठ को केंद्रीय सतर्कता आयोग में सतर्कता आयुक्त नियुक्त किया है। शनिवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार वशिष्ठ ने शुक्रवार को केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के समक्ष सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें यह शपथ भारत के राष्ट्रपति द्वारा केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम, 2003 की धारा 5(3) के प्रावधानों के अनुसार अधिकृत किया गया था। बिहार कैडर के 1991 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी प्रवीण वशिष्ठ का तीन दशकों से अधिक का विशिष्ट सेवाकाल रहा है।

# इतिहास को भूलने वाला समाज अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है: हरिवंश

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ इतिहास केवल अतीत का लेखा जोखा नहीं है, लोकतांत्रिक संस्थाओं, जनचेतना और राष्ट्रीय चरित्र की नींव

राज्यसभा उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने शनिवार को कहा कि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह न केवल अपना भविष्य खो देता है, बल्कि अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है। सिंह ने शनिवार को यहां भारत मंडपम में दिल्ली विधान सभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित कॉफी टेबल बुक वीर विठ्ठल भाई की गौरव गाथा: एक शताब्दी यात्रा पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि जो समाज अपने इतिहास को भूल जाता है, वह न केवल अपना भविष्य खो देता है, बल्कि अपनी नैतिक दिशा भी खो देता है।

इतिहास केवल अतीत का लेखा-जोखा नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं, जनचेतना और राष्ट्रीय चरित्र की नींव है। इसलिए वीर विठ्ठलभाई पटेल की विरासत को पुनर्जीवित करना कोई अकादमिक अभ्यास नहीं, बल्कि एक लोकतांत्रिक दायित्व है। उन्होंने पुस्तक को भारतीय इतिहास के एक अत्यंत जीवंत और निर्णायक काल का प्रामाणिक दस्तावेज बताया। रॉलेट एक्ट काल का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वीर विठ्ठलभाई पटेल ने विधाई परिषद में 220 से अधिक संशोधन प्रस्तुत किए और परिषद के प्रथम भारतीय अध्यक्ष बने। उन्होंने वीर विठ्ठलभाई पटेल की व्यक्तिगत ईमानदारी, औपनिवेशिक सत्ता से समझौता न करने का साहस, नेताजी सुभाष चंद्र बोस को दिया गया मार्गदर्शन तथा स्वतंत्रता संग्राम हेतु अपनी वसीयत और संसाधन सौंपने का भी उल्लेख किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि वर्ष 1912 से 1933 का कालखंड भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का सबसे निर्णायक चरण रहा, जिसका समापन 22 अक्टूबर 1933 को वीर विठ्ठलभाई पटेल के निधन के साथ हुआ।

# रोहित वेमुला के सवाल खत्म नहीं हुए: राहुल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ दलित समाज आज भी उसी तरह के माहौल का हिस्सा, उसकी लड़ाई लड़ना हमारी जिम्मेदारी

■ भाजपा शासन में शिक्षा को भी राजनीतिक एजेंडे के तहत निशाना बनाया जा रहा है: कांग्रेस

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि एक दशक पहले जिस रोहित वेमुला की जान गई थी, उसी तरह के सवाल आज भी जिंदा है और देश का दलित समाज उसी तरह के माहौल का हिस्सा बना हुआ है, इसलिए उसकी लड़ाई लड़ते रहना हमारी जिम्मेदारी है।

गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज रोहि. हत वेमुला की मौत को गए 10 साल हो गए, लेकिन उसका सवाल आज भी हमारे सीने में धड़क रहा है और पूछा जा रहा है कि क्या इस देश में सपने देखने का हक सबको बराबर है। उनका कहना था कि रोहित पढ़ना, लिखना चाहता था। विज्ञान, समाज और इंसानियत को समझकर इस मुल्क को बेहतर बनाना चाहता था, लेकिन इस व्यवस्था को एक दलित का आगे बढ़ना मंजूर नहीं था। उन्होंने कहा कि देश में आज भी संस्थागत जातिवाद, सामाजिक बहिष्कार, रोज-रोज की बेइज्जती, 'औकात' दिखाने वाली भाषा और अमानवीय व्यवहार है और यही वह जहर था, जिसने एक होनहार युवा को उस मुकाम तक धकेल दिया, जहां उसकी गरिमा छीन ली गई और उसे अकेला कर दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि क्या आज दलित युवाओं की हकीकत क्या बदली है। उनका कहना था कि कैंपस में वही तिरस्कार, हॉस्टल में वही अलगाव, क्लास में वही कमतर समझना, फिर वही हिसा और कभी-कभी वही मौत। क्योंकि जाति आज भी इस देश में सबसे बड़ा एडमिशन फॉर्म है। इसीलिए रोहित वेमुला एक्ट कोई नारा नहीं, एक जरूरत है, ताकि शैक्षणिक संस्थानों में जातिगत भेदभाव अपराध बने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो और किसी भी छात्र को उसकी जाति के नाम पर तोड़ने, चुप कराने और बाहर करने की छूट खत्म हो। यह लड़ाई सिर्फ संसद की नहीं है। यह लड़ाई कैंपस की है, युवाओं की है, हमारी है। दलित युवाओं- आवाज उठाओ, संगठन बनाओ, एक-दूसरे के साथ खड़े रहो। मांग करो रोहित वेमुला एक्ट अभी लागू करो। कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकारें इस कानून को जल्द से जल्द लागू करने की प्रक्रिया में हैं। हम एक ऐसा भारत चाहते हैं, जो न्यायपूर्ण, मानवीय और समान हो, जहां किसी दलित छात्र को अपने सपनों की कीमत अपनी जान से न चुकानी पड़े। रोहित, तुम्हारी लड़ाई हमारी जिम्मेदारी है। वहीं कांग्रेस ने सरकार पर शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर तबाह करने का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि अच्छी शिक्षा किसी भी विकसित राष्ट्र की नींव होती है, लेकिन भाजपा शासन में शिक्षा को भी राजनीतिक एजेंडे के तहत निशाना बनाया जा रहा है।

## उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने चंदौली में जताया भरोसा

# एकीकृत न्यायालय परिसर देश के लिए बनेंगे प्रेरणास्रोत

**चंदौली, वार्ता**



■ सीजेआई ने छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर का शुभारंभ किया

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में बनने वाले एकीकृत न्यायालय परिसर देश में न्यायिक व्यवस्था के लिए प्रेरणाश्रोत साबित होंगे।

मुख्य न्यायाधीश ने यहां से छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर का शुभारंभ करने के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता का इजहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद। आज की ऐतिहासिक यात्रा में शामिल हो सका। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया कि यह क्षेत्र ऐतिहासिक धार्मिक मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। उसी इतिहास में उन्होंने आज एक नई कड़ी जोड़ी है, जब यहां न्यायिक मंदिरों की भी स्थापना की जा रही है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक सपने को साकार करने के लिए मैं गर्व के साथ कह सकता हूं कि छह इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स और अन्य चार जो बनने वाले हैं, इनके बनने से उत्तर प्रदेश पूरे भारत में एक उदाहरण बनेगा। ये इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स पूरे भारत के लिए एक बेंचमार्क बनेंगे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आपने देखा होगा कि इन इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्प्लेक्स को देखकर ऐसा लगता है कि अगले पचास वर्षों या उससे अधिक समय तक जो आवश्यकताएं होंगी, उन्हें वे पूर्ण रूप से पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। हर प्रकार की सुविधा से लैस ए न्यायिक कोर्ट कॉम्प्लेक्स वकीलों के लिए तथा न्याय के उपभोक्ता यानी आम आदमी के लिए, जो न्याय के अधिकार के लिए अदालत में आते हैं, बहुत ही सराहनीय सुविधाएं प्रदान करते हैं। मैं सरकार और उच्च न्यायालय को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में जिला न्यायपालिका को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। सभी का अपना हाईकोर्ट होगा। सुप्रीम कोर्ट से भी अधिक मौलिक अधिकारों को लागू करने की क्षमता होगी। संविधान निर्माताओं का इसके पीछे यही कारण था कि जिला न्यायपालिका स्थापित होगी, तो न्याय के सपने को भारत में पूरा किया जा सकेगा। लोगों को अपने क्षेत्र में नजदीक में ही अदालत की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वाराणसी के बारे में भी हमारे न्यायमूर्ति ने उल्लेख किया। हम लोग तो चाहते हैं कि हर जनपद में कोर्ट कॉम्प्लेक्स बने। प्रदेश सरकार की ओर से मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि पैसों की कमी नहीं है और होने भी नहीं दी जाएगी। इच्छाशक्ति की कमी जरूर दिखती है।

### मुख्य न्यायाधीश के पहुंचने से पहले अधिवक्ताओं ने बैठने को लेकर किया हंगामा

**चंदौली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति सूर्यकांत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शनिवार को प्रदेश के छह जिलों चंदौली, महोबा, अमेठी, शामली, हाथरस एवं औरैया के एकीकृत न्यायालय परिसर के शुभारंभ के पहले अधिवक्ताओं ने बैठने की व्यवस्था को लेकर जमकर हंगामा किया। अधिवक्ताओं ने आरोप लगाया कि 28 वर्षों की जद्दोजहद के बाद ऐसा मौका आया है, लेकिन कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को आगे बिठा दिया गया है, जबकि अधिवक्ताओं को पीछे बैठाया जा रहा है। शोर-गुल सुनकर मौके पर कई अधिकारी अधिवक्ताओं से संवाद करने पहुंच गए। चंदौली सिविल बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम मूल रूप से अधिवक्ताओं का है। चंदौली जिले के पदाधिकारियों को पीछे बैठा दिया गया है, जबकि अन्य जनपदों के लोगों को आगे की सीटें दी जा रही हैं।

# जीरो पावर्टी अभियान से मिलेगी शैक्षणिक संस्थानों को ताकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ गरीब परिवारों के समग्र विकास के लिए कार्य होगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को गरीबी मुक्त बनाने की दिशा में योगी सरकार एक और अहम कदम उठाने जा रही है। सरकार के महत्वाकांक्षी 'जीरो पावर्टी अभियान' से प्रदेश के विश्व विद्यालयों और महाविद्यालयों को जोड़ने की तैयारी की जा रही है।

इसके तहत उच्च शिक्षण संस्थानों के साथ एमओयू किए जाएंगे, जिनके माध्यम से प्रत्येक संस्थान 10 से 15 ग्राम पंचायतों को गोद लेकर वहां चिन्हित गरीब परिवारों के समग्र विकास के लिए कार्य करेगा। इस पहल के अंतर्गत एनएसएस, एनसीसी, एमएस डब्ल्यू सहित अन्य पाठ्यक्रमों के छात्र स्वयंसेवक के रूप में अभियान से जुड़ेंगे। ये छात्र गांवों में जाकर जीरो पावर्टी परिवारों का सर्वे करेंगे और उन्हें आजीविका, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण से जोड़ने में सहयोग करेंगे। अभियान की शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में राजधानी लखनऊ से की जाएगी। इसके परिणामों के आधार पर इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। जीरो पावर्टी अभियान के नोडल अधिकारी एवं प्रमुख सचिव (योजना) आलोक कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों से जुड़े छात्र ग्राम पंचायत स्तर पर परिवारों की जरूरतों का आकलन करेंगे और उनके लिए माइक्रो प्लानिग के माध्यम से कौशल प्रशिक्षण, रोजगार और उद्यमिता के अवसर सुनिश्चित किए जाएंगे। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए प्रत्येक संस्थान में नोडल शिक्षक नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि युवाओं को स्किलिग प्रोग्राम, अप्रेंटिसशिप और प्लेसमेंट अवसरों से जोड़ा जाएगा।



सेंसेक्स 83570.35
निफ्टी 25694.35



सोना रु. 142601
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 287550
प्रति किलो



# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक आईसीएसआई सदस्यों को देगा विशेष बैंकिंग सुविधा

**मुंबई, वार्ता**

देश के सबसे बड़े लघु वित्त बैंक एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भारतीय कंपनी सेक्रेटरी संस्थान (आईसीएसआई) के सदस्यों के लिए विशेष बैंकिंग सुविधाओं की घोषणा की है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बताया कि इसके लिए उसने संस्थान के साथ शनिवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इसके तहत आईसीएसआई के सदस्यों को विशेष बैंकिग और क्रेडिट कार्ड सुविधाएं देने के साथ उन्हें नियुक्तियों में भी प्राथमिकता दी जाएगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को हाल ही में रिजर्व बैंक से पूर्ण बैंक में बदलने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी मिली है। आईसीएसआई के अध्यक्ष धनंजय शुक्ला और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में ब्रांच बैंकिंग के सर्किल प्रबंधक रजत माथुर ने हस्ताक्षर किए। संस्थान के सदस्यों को बचत खाता पैकेज प्रदान किया जाएगा, जबकि कंपनी सेक्रेटरी के फर्मों को बिजनेस खाता पैकेज के तहत चालू खाता दिया जाएगा। इन खातों पर न्यूनतम बैलेंस की जरूरत नहीं रहेगी। इनके साथ डीमैट खाता खोलने पर कोई वार्षिक शुल्क नहीं लगेगा। घर पर बैंकिंग के तहत महीने में दो बार विजिट की सुविधा होगी। बचत खाते के साथ लॉकर शुल्क में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बताया कि इन खातों के साथ जारी डेबिट कार्ड से कंपनी सेक्रेटरी घरेलू हवाई अड्डों पर हर तिमाही में दो बार लॉन्ज तक पहुंच का लाभ उठा सकेंगे। उन्हें प्रतिबद्ध संबंध प्रबंधक की भी सुविधा मिलेगी। साथ ही बचत खाते पर प्रीमियम क्रेडिट कार्ड और चालू खाते के साथ सावधि जमा पर ओवरड्राफ्ट की सुविधा भी मिलेगी। जिन पदों के लिए कंपनी सेक्रेटरी योग्य होंगे उन पर नियुक्ति में उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

# पीएम विश्वकर्मा हाट 18 से 31 जनवरी तक दिल्ली हाट में होगी आयोजित

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) 18 से 31 जनवरी तक यहां दिल्ली हाट में पीएम विश्वकर्मा हाट 2026 का आयोजन कर रहा है, जिसमें पारंपरिक शिल्पकला और सांस्कृतिक अनुभवों को प्रदर्शित किया जाएगा। एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी तथा मंत्रालय में राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह प्रदर्शनी पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत कारीगरों और शिल्पकारों को समर्पित एक प्रदर्शनी होगी जो रविवार से 31 जनवरी तक यहां आईएनए दिल्ली हाट में सुबह 10:30 बजे से रात 10 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगी।

प्रदर्शनी का उद्देश्य भारत की समृद्ध पारंपरिक शिल्पकला विरासत का उत्सव मनाना और उसे प्रदर्शित कर कारीगरों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों, हितधारकों और आम जनता के सामने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करने और उनका विपणन करने के लिए एक प्रमुख मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी में देश भर के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 117 से अधिक कारीगर भाग लेंगे। आधिकारिक सूचना के अनुसार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा हाट 2026 में विदेशी दूतावासों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। यह प्रदर्शनी पारंपरिक शिल्पकलाओं की एक विस्तृत श्रृंखला, शिल्पकला के प्रत्यक्ष प्रदर्शन और सांस्कृतिक अनुभवों को प्रदर्शित करेगी जो 'विश्वकर्मा का अभियान, विकसित भारत का निर्माण' की भावना को दर्शाएगी।

# चावल, गेहूं मजबूत, दालों में नरमी, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं में भी तेजी रही। चीनी के दाम में टिकाव रहा जबकि दालों में नरमी देखी गई।

खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 14 रुपये बढ़कर 3,795 रुपये प्रति क्विटल पर पहुंच गई। गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,867 रुपये प्रति क्विटल के भाव बिका। आटे की कीमत 11 रुपये बढ़ी। दाल- दलहनों में गिरावट का रुख रहा। तुअर दाल औसतन 142 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 76 रुपये और चना दाल 62 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। उड़द दाल की कीमत 37 रुपये और मूंग दाल की 13 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 264 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। पाम ऑयल 28 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये सस्ता हुआ। सोया तेल की कीमत 70 रुपये बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 58 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव नौ रुपये प्रति क्विटल बढ़ गए। वहीं चीनी लगभग गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7710.84 रुपये, मसूर काली 8061.09 रुपये, मूंग दाल 10069.98 रुपये, उड़द दाल 10368.40 रुपये, तुअर दाल 10482.32 रुपये प्रति क्विंटल।

अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2867.04 रुपये और चावल 3795.39 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.35 रुपये प्रति क्विटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4294.70 रुपये और गुड़ 4975.40 रुपये प्रति क्विटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17608.86 रुपये, मूंगफली तेल 17687.79 रुपये, सूरजमुखी तेल 15968.93 रुपये, सोया तेल 13839.45 रुपये, पाम ऑयल 12471.96 रुपये और वनस्पति 14502.60 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# माघ मेले का आकर्षण बने हैं गोल्डन बाबा

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के संगम तट पर बसी टेंट नगरी में जगद्गुरु संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा के सुर्खियों में आने के बाद अब एक और बाबा इन दिनों माघ मेले में चर्चा में बने हुए है। मूलरूप से कानपुर के रहने वाले गूगल गोल्डन बाबा उर्फ मनोज आनंद ने सोने-चांदी के गहने पहने हुए है। गोल्डन बाबा ने योगी आदित्यनाथ को देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए नंगे पैर रहने का कठोर संकल्प भी लिया हुआ है।

चांदी के मुकुट और हाथों में सोने के लड्डू गोपाल के साथ बाबा का यह अनोखा अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है। कानपुर से आए गूगल गोल्डन बाबा अपने अनोखे अंदाज के लिए पूरे माघ मेले में इन दिनों छाए हुए है। बाबा अपने हाथों में सोने से बने लड्डू गोपाल की मूर्ति हमेशा लेकर चलते है। मनोज आनंद उर्फ गोल्डन बाबा महाराज अपने शरीर पर करीब पांच करोड़ की कीमत का आभूषण पहनकर रहते है। गोल्डन बाबा अपने हाथों में देवी देवताओं की आकृति वाली अंगूठियां और गले में सोने और चांदी का शंख भी पहने हुए है। बाबा की वेशभूषा एकदम अलग दिखती है। गोल्डन बाबा ने अपने सिर पर कई किलों का चांदी से बना हुआ मुकुट भी पहना हुआ है। बाबा ने भगवा रंग के कपड़े पहने हुए और उसमें मुख्यमंत्री योगी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए बकायदा एक पोस्टर छपा हुआ है। गूगल गोल्डन बाबा कहते है कि वो केवल अपने आभूषणों के लिए ही नहीं जाने जाते, बल्कि अपने एक कठोर संकल्प के लिए भी लोग उन्हें जानते है। लोग उन्हें गूगल गोल्डन बाबा के नाम से जानते है। बाबा ने बताया कि उनको सोना और चांदी पहनने का शौक इसलिए है, क्योंकि वो एक क्षत्रिय है। उन्होंने जो सोने और चांदी के आभूषण पहने हुए है उसकी कीमत करीब पांच करोड़ से कम नहीं है। बाबा के मुताबिक कई किलों सोना उन्होंने पहना हुआ है। करीब 20 साल से वो इस वेशभूषा में रहते है। गूगल गोल्डन ने बताया कि जब तक योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाद देश के प्रधानमंत्री नहीं बन जाते, तब तक वो नंगे पैर परिक्रमा करेंगे। बाबा पहले पांच लाख रुपये की चांदी की चप्पल पहनते थे लेकिन अब उन्होंने नंगे पैर रहने का प्रण लिया है। बाबा चांदी के बर्तन में भोजन करते है और उनके चांदी के मुकुट पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर लगी हुई है। वो अबतक यूपी के सभी जिलों में घूम चुके है। बाबा पिछले आठ सालों से मेले में आते है और यहां अनुष्ठान करते है। बाबा ने बताया कि इतना सोना और चांदी पहनकर उनको कोई डर नहीं लगता, क्योंकि उनके लड्डू गोपाल उनके साथ है। उनको किसी सुरक्षा की जरूरत नहीं है। वो अपने प्रभु के साथ सुरक्षित है। गोल्डन बाबा से ए सवाल पूछे जाने पर बाबा पहले क्या करते थे, तो उन्होंने जवाब में कहा कि वो पैदायशी रईश है।

# समग्र विकास की योजना को बाधित करने साजिशें जारी

**वाराणसी, वार्ता**



■ मुख्यमंत्री ने मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियों को खंडित करने वाले कथित वीडियो की ओर किया इशारा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धार्मिक नगरी काशी के मणिकर्णिका घाट पर मूर्तियों को खंडित करने वाले कथित वीडियो की ओर इशारा करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में काशी के समग्र विकास की योजना को बाधित करने के लिए साजिशें रची जा रही हैं और दुष्प्रचार किया जा रहा है।

काल भैरव मंदिर और विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करने के बाद योगी ने शनिवार को यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि काशी के समग्र विकास की योजना को बाधित करने के लिए साजिशें रची जा रही हैं और दुष्प्रचार किया जा रहा है। इसके सही तथ्य जनता के सामने आ सकें, इसलिए मुझे आज काशी आना पड़ा है। उन्होंने कहा कि काशी अविनाशी है। काशी के प्रति हर सनातनी और हर भारतवासी अपार श्रद्धा रखता है। स्वतंत्र भारत में काशी को जो सम्मान मिलना चाहिए था और जिस गति से उसका विकास होना चाहिए था, वह समग्र विकास पहले नहीं हो पाया। पिछले 11 वर्षों में काशी अपनी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण करते हुए उसका संवर्धन कर रही है।

साथ ही भौतिक विकास के माध्यम से नई ऊंचाइयों को छू रही है। काशी को एक नई वैश्विक पहचान मिली है। काशी का प्रतिनिधित्व देश की संसद में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी की पुरातन काया को संरक्षित रखते हुए उसे नए कलेवर में देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत किया जा रहा है। इसी के अनुरूप 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं काशी के लिए स्वीकृत हुई हैं। इनमें से 36 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाएं लोकार्पित हो चुकी हैं और शेष पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रतिदिन पांच हजार से 25 हजार तक श्रद्धालु आते थे। आज यह संख्या डेढ़ लाख से डेढ़ लाख प्रतिदिन हो गई है। पीक सीजन में यह संख्या 6 लाख से 10 लाख तक पहुंच जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि काशी विश्वनाथ धाम बनने के बाद अब तक अकेले काशी ने देश की जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है। योगी ने यहां पत्रकारों से कहा कि गत वर्ष काशी में 11 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए।

### योगी ने 'कथक सम्राट' पंडित बिरजू महाराज को दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'कथक सम्राट' और 'पद्म विभूषण' से सम्मानित महान नृत्याचार्य पंडित बिरजू महाराज की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य-कला, विशेषकर कथक को वैश्विक पहचान दिलाने में अतुलनीय योगदान दिया। उनकी नृत्य-साधना, कोमल भाव-अभिव्यक्ति, लयात्मक सौंदर्यबोध और संगीत-ज्ञान ने भारतीय कला परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पंडित बिरजू महाराज की विलक्षण कला-साधना और गुरु परंपरा सदैव भावी पीढ़ियों के कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रगोत बनी रहेगी। उनके योगदान को भारतीय संस्कृति और कला जगत सदैव श्रद्धा के साथ स्मरण करेगा। गौरतलब है कि संगीत और साहित्य की नगरी काशी में 17 जनवरी यानी शनिवार को पांच प्रदेशों के कथक कलाकारों का जुटान होगा। कथक सम्राट पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज को 'कथक यज्ञ' के माध्यम से श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का शेफ समुदाय से संवाद

# उत्तराखंड के संवाद को लोकल से ग्लोबल बनाएं: सीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

हल्द्वानी।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शेफ समुदाय से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि सभी मिलकर उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों को "लोकल से ग्लोबल" बनाने की दिशा में कार्य करें। उनकी रचनात्मकता और प्रस्तुति उत्तराखंड के स्वाद को दुनिया की थाली तक पहुंचा सकती हैमुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को आम्रपाली विश्वविद्यालय परिसर से आयोजित श्रीअन्न आधारित "शेफ संवाद" कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आवास से वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की। इस अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से जुड़े युवा शेफ, होटल एवं पर्यटन क्षेत्र के विशेषज्ञ, शिक्षाविद् एवं छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों, श्रीअन्न आधारित खानपान और इससे जुड़े रोजगार व पर्यटन अवसरों पर सार्थक संवाद स्थापित करना रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह संवाद केवल भोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और पहचान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने सभी शेफ साथियों, होटल एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़े विषय विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए आम्रपाली विश्वविद्यालय और उसकी पूरी टीम को इस विचारशील और सार्थक "शेफ संवाद" कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड संस्कारों, संस्कृति और विविध व्यंजनों की भूमि है। यहां के व्यंजन पहाड़ों की जीवनशैली, परंपराओं और आत्मा की कहानी कहते हैं। आज का पर्यटक केवल प्राकृतिक सौंदर्य ही नहीं, बल्कि स्थानीय संस्कृति और खानपान का अनुभव भी करना चाहता है। ऐसे में शेफों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि वे स्थानीय स्वाद के माध्यम से राज्य की पहचान को वैश्विक मंच तक पहुंचाते हैं।

श्रीअन्न पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल भोजन या फसल नहीं, बल्कि उत्तराखंड के समग्र विकास का सशक्त माध्यम बन रहा है। श्रीअन्न के माध्यम से गांव, किसान और समाज का अंतिम व्यक्ति विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है। मंडुवा, झंगोरा, कोदा और रामदाना जैसी फसलें कम पानी में उगने वाली, पोषक तत्वों से भरपूर और किसानों की आय बढ़ाने वाली हैं, जो उत्तराखंड की जलवायु और मिट्टी के अनुकूल हैं।

मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज श्रीअन्न के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शन कर रहा है। भारत वैश्विक स्तर पर मोटे अनाज का सबसे बड़ा उत्पादक है और कुल वैश्विक उत्पादन में लगभग 38.4 प्रतिशत योगदान देता है। बदलती वैश्विक खाद्य प्राथमिकताओं के बीच फूड प्रोसेसिंग, हेल्थ फूड, होटल, कैफे, होम-स्टे और फूड स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए व्यापक संभावनाएं हैं।

कार्यक्रम के अंत में मुख्यमंत्री ने शेफ समुदाय से विशेष आग्रह करते हुए कहा कि सभी मिलकर उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों को "लोकल से ग्लोबल" बनाने की दिशा में कार्य करें। उनकी रचनात्मकता और प्रस्तुति उत्तराखंड के स्वाद को दुनिया की थाली तक पहुंचा सकती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि "शेफ संवाद" से निकले विचार उत्तराखंड को पर्यटन, रोजगार और संस्कृति के क्षेत्र में एक नए विजन केवल साथ आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे और उत्तराखंड को सशक्त, आत्मनिर्भर व गौरवशाली राज्य बनाने का संकल्प अवश्य पूरा होगा।उत्तराखंड के पारंपरिक भोजन में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग और कौशल विकास विभाग मिलकर इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। सरकार का लक्ष्य है कि युवा स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान के आधार पर स्वरोजगार एवं उद्यमिता की ओर अग्रसर हों।युवा शेफों ने उत्तराखंड के पारंपरिक भोजन को लेकर अनेक सवाल किए इस अवसर पर विधायक बंशीधर भगत, आम्रपाली विश्वविद्यालय से संजय मिश्रा सहित देश भर से आए अनेक प्रतिष्ठित शेफ उपस्थित रहे।



**सभी होटलों के मेन्यू में पारंपरिक उत्तराखंडी व्यंजन शामिल करने के निर्देश,शेफों के लिए साझा प्लेटफॉर्म बनाने की दिशा में पर्यटन विभाग को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश,श्रीअन्न बना उत्तराखंड के समग्र विकास और रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम,पारंपरिक व्यंजनों की शुद्धता और मानकीकरण पर सरकार का फोकस,युवाओं के लिए फूड स्टार्टअप, पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी में नए अवसर, शेफ संवाद से निकले विचार देंगे उत्तराखंड के पर्यटन और संस्कृति को नई पहचान**

### युवा शेफों ने किए उत्तराखंड के पारंपरिक भोजन को लेकर अनेक सवाल

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से युवा शेफों ने उत्तराखंड के पारंपरिक भोजन के प्रचारख्प्रसार, गुणवत्ता मानकों, सरकारी प्रयासों और इस क्षेत्र में करियर की संभावनाओं को लेकर अनेक प्रश्न किए। शेफ शक्ति प्रसाद के प्रश्न का उत्तर देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सभी होटलों के मेन्यू में उत्तराखंड के पारंपरिक व्यंजनों को शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री आवास तथा विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में मेहमानों को उत्तराखंड का पारंपरिक भोजन प्राथमिकता से परोसा जाता है, जिससे स्थानीय व्यंजनों को सम्मान और पहचान मिल सके। शेफ संजीव जुयाल द्वारा उत्तराखंड के सभी शेफों को एक साझा मंच पर लाने के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस दिशा में पर्यटन विभाग को एक समग्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए जाएंगे, ताकि राज्य के शेफ समुदाय को एक अंब्रेला प्लेटफॉर्म के तहत जोड़ा जा सके और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिल सकें।वहीं, शेफ सुनील उपाध्याय द्वारा पारंपरिक उत्तराखंडी भोजन की शुद्धता, प्रमाणिकता और मानक तय करने को लेकर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने अवगत कराया कि सरकार इस विषय पर गंभीरता से कार्य कर रही है। पारंपरिक व्यंजनों की गुणवत्ता बनाए रखने, उनकी पहचान संरक्षित करने और मानकीकरण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं, ताकि उत्तराखंड के स्वाद की मौलिकता बनी रहे।

# राज्यपाल व सीम ने किया उपराष्ट्रपति का स्वागत

शाह टाइमस ब्यूरो

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के देवभूमि उत्तराखंड आगमन पर जॉलीग्रांट हवाई अड्डे में उनका स्वागत किया।





# उत्तरकाशी में गणेश जोशी ने सुनीं जन समस्याएं

**अधिकांश शिकायतों का मौके पर किया निस्तारण, जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम में हुए शामिल**

शाह टाइम्स संवाददाता

उत्तरकाशी। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने जनपद उत्तरकाशी के गंगोरी स्थित इंटर कॉलेज में "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित बहुउद्देशीय शि. विर का शुभारंभ किया। शिविर में कुल 32 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।

कैबिनेट मंत्री ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और स्वयं सहायता समूहों को सीआईएफ के चेक प्रदान किए। इसके साथ ही कृषि विभाग के माध्यम से 80 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को दो पावर वीडर एवं आटा चक्की वितरित की गई। शिविर में ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जनता का हित सर्वोपरि है और जन समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर मौके पर ही किया जाना चाहिए। उन्होंने "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" अभियान की शुरुआत के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्याय पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों से ग्रामीणों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो रहा है।कैबिनेट मंत्री ने जानकारी दी कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना को और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से इसका नाम बदलकर विकसित भारतख्गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशनख्ग्रामीण किया गया है।उन्होंने इस योजना के पोस्टर का विमोचन भी किया। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत अब कार्यदिवस 100 से बढ़ाकर 125 कर दिए गए हैं तथा भुगतान व्यवस्था को 15 दिनों से बदलकर साप्ताहिक कर दिया गया है।

यह योजना वर्ष 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने जल निगम के एक्शन शिविर में अनुपस्थित रहने पर संबंधित अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान, जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान, ब्लॉक प्रमुख भटवाड़ी ममता पंवार, मंडल अध्यक्ष राजेश राणा, महावीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जय भारत, एडीएम मुक्ता मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



# एनएसयूआई ने गांधी पार्क में दिया धरना

शाह टाइम्स संवाददाता

देहरादून। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) उत्तराखंड की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक का द्वितीय दिवस शनिवार को एक सशक्त आंदोलनात्मक स्वरूप में संपन्न हुआ। दूसरे दिन एनएसयूआई के नेतृत्व में केंद्र सरकार की और से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के नाम में किए गए परिवर्तन के विरोध में गांधी पार्क, देहरादून में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे शांतिपूर्ण धरना दिया गया।धरने के दौरान एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि महात्मा गांधी का अपमान और गरीबों के अधिकारों पर हमला किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एनएसयूआई नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा यह निर्णय तत्काल वापस नहीं लिया गया और मनरेगा अधिनियम को पूर्ववत बहाल नहीं किया गया, तो एनएसयूआई पूरे प्रदेश में व्यापक जनआंदोलन छेड़ेगी।प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने कहा कि एनएसयूआई छात्रों और गरीब-मजदूर वर्ग की आवाज है और जब-जब संविधान, गांधी और आम जनता पर हमला होगा, एनएसयूआई सड़कों पर उतरकर लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करेगी।

कार्यक्रम में वैभव वालिया, सौरभ यादव (प्रदेश प्रभारी), लक्ष्यजीत (सह-प्रभारी), विकास नेगी (प्रदेश अध्यक्ष), अजय रावत (राष्ट्रीय सचिव), प्रदीप सिंह तोमर (राष्ट्रीय संयोजक), अभय कैतुरा (प्रदेश उपाध्यक्ष), सूरज नेगी, आयुष सेमवाल, अमन सिंह, लवदीप सिंह सहित प्रदेश भर से आए संगठन पदाधिकारी, छात्र संघ प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बगीचे में लगे सैकड़ों सेब के पेड़ जलकर खाक

कालसी। जौनसार-बावर क्षेत्र में इस वर्ष बारिश और बर्फबारी न होने के कारण भीषण सूखे की स्थिति बन गई है। लगातार पड़ रहे सूखे का सीधा असर किसानों की फसलों और बागवानी पर देखने को मिल रहा है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसी क्रम में चकराता तहसील के ग्राम अष्टाड़ निवासी किसान ब्रह्मदत्त जोशी के सेब के बगीचे में आग लगने की घटना सामने आई है। आग लगने से बगीचे में लगे सैकड़ों सेब के पेड़ जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पटवारी अंकित पाल मौके पर पहुंचे और बगीचे का निरीक्षण किया। पटवारी अंकित पाल ने बताया कि बगीचे में कुल 850 सेब के पेड़ लगे हुए थे, जिनमें से लगभग 300 सेब के पेड़ आग की चपेट में आकर पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। आग लगने के कारण किसान को भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान ब्रह्मदत्त जोशी ने बताया कि सूखे की मार पहले से ही किसानों को झेलनी पड़ रही है, ऊपर से इस आगजनी की घटना ने उनकी आजीविका पर संकट खड़ा कर दिया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि हुए नुकसान की कुछ हद तक भरपाई हो सके।

### तटवर्ती क्षेत्र में हो सकती है तबाही: रावत

कोटद्वार। नगर निगम कोटद्वार के गाड़ीघाट, रतनपुर कुंभीचौड़ क्षेत्र में नगर निगम कोटद्वार के द्वारा खो नदी पर सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जा रहा है, जिसके कारण शमशान घाट के पास नदी की चौड़ाई को कम कर दिया है। इससे आने वाले मानसून सत्र में किसी बड़ी आपदा की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
60/1, एक्वा हाऊस, इन्दिरा नगर ( अनुराग चौक के पास), देहरादून - 248006.
Phone No/Fax. 0135 2532509 Email Id.eemdujs@rediffmail.com

पत्रांक : 4001/ निविदा सूचना / 2025-26, दिनांक : 16.01.26

"जल संचय जीवन संचय "

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबंधक, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से जनपद देहरादून की अनुरक्षण खण्ड शाखा के हरबर्टपुर नगरीय जोन-2 पेयजल योजना के अन्तर्गत नवनिर्मित नलकूप में कॉलम पाइप एवं पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति, अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य हेतु शाखा में पंजीकृत ठेकेदारो / फर्मों से मुहरबंद निविदायें दिनांक 03.02.2026 की सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के सम्मुख अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत अधिकारी द्वारा कार्यालय अधिशासी अभियंता, अनुरक्षण खण्ड, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून में खोली जाएंगी, निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में (राजकीय / सार्वजनिक अवकाश को छोडकर) निर्धारित शुल्क जमा कर दिनांक 02.02.2026 सांय 5.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकतें हैं।

| क. स. | इकाई का नाम | कार्य का नाम | धरोहर राशि रु.में | निविदा मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हरबर्टपुर इकाई | हरबर्टपुर नगरीय जोन-2 पेयजल योजना के अन्तर्गत नवनिर्मित नलकूप में कॉलम पाइप एवं पम्पिंग प्लान्ट सामग्री की आपूर्ति, अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | 13400.00 | 1000.00+ 18% GST | डी० एवं उच्चत्तर | 02 माह |

नोट- निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी एवं शर्तें विभागीय नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

अधिशासी अभियन्ता

# स्टार्टअप इंडिया रैंकिंग में उत्तराखण्ड को मिला 'लीडर' दर्जा

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने प्रदान किया सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिशिएसन**

शाह टाइम्स ब्यूरो

देहरादून।भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग द्वारा जारी स्टेटस स्टार्टअप इकोसिस्टम रैंकिंग (5वां संस्करण) में उत्तराखण्ड को मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम विक. सित करने में 'लीडर' के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर उत्तराखण्ड सरकार के उद्योग विभाग को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिशिएसन प्रदान किया गया।इस सम्मान से यह स्पष्ट होता है कि उत्तराखण्ड में स्टार्टअप नीति के जरिए नवाचार, उद्यमिता, निवेश प्रोत्साहन और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में कामयाब रहा है, जिसे अब राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जा रहा है। उत्तराखंड की उपलब्धि को राष्ट्रीय स्तर पर एक मॉडल के तौर पर भी देखा जा रहा है।यह सम्मान उत्तराखण्ड के लिए गर्व का विषय है। हमारी सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल नीतियां, सरल प्रक्रियाएं और मजबूत इकोसिस्टम विकसित किया है। राज्य के युवाओं में नवाचार की अद्भुत क्षमता है और सरकार हर स्तर पर उन्हें सहयोग प्रदान कर रही है। यह उपलब्धि प्रदेश के सभी उद्यमियों, स्टार्टअप्स और अधिकारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड



### पुलिस की त्वरित कार्यवाही से मोबाइल बरामद

सतपुली। शनिवार को सर्वेंद्र सिंह, निवासी सतपुली द्वारा अपने वीवो कंपनी के मोबाइल फोन के गुम हो जाने के संबंध में थाना सतपुली में सूचना दी गई। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम द्वारा मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई, जिससे मोबाइल गोन की शीघ्र बरामदगी सुनिश्चित की जा सके। प्रकरण के क्रम में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में संभावित स्थलों पर सतर्कता के साथ खोजबीन की गई। इसी क्रम में आरक्षी महेंद्र द्वारा अपनी कर्तव्यनिष्ठा, सूझबूझ एवं तत्परता का परिचय देते हुए उक्त मोबाइल फोन को सुरक्षित अवस्था में बरामद किया गया। बरामद मोबा. इल फोन के संबंध में आवश्यक कानूनी एवं तकनीकी सत्यापन करते हुए उसके वास्तविक स्वामी की पहचान सुनिश्चित की गई।

### न्याय पंचायत नैनीसैण कंडारा में शिविर

चमोली। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जन-जन की सरकार पहल के तहत विकासखंड कर्णप्रयाग की न्याय पंचायत नैनीसैण कंडारा में शुक्रवार को बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। अपर जिला. धिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में हुए इस शिविर में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया।

# फ्हॉर्सक्रैप मॉडल ऑफ डेवलपमेंटय उत्तराखंड के साथ क्रूर मजाक: आर्य

**नेता प्रतिपक्ष यशपाल ने बोला सरकार पर तीखा हमला,कहा,बड़े प्रोजेक्ट अंबानी अडानी को, उत्तराखण्डियों के हिस्से लीद**

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में विकास के नाम पर जो हो रहा है, वह विकास नहीं बल्कि आर्थिक अपमान है। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने धामी सरकार के ताजा फैसले पर तीखा हमला करते हुए कहा कि हॉर्सक्रैप (खच्चर की लीद) को आर्थिक नीति बताकर सरकार ने पहाड़ और पहाड़वासियों का मजाक उड़ा दिया है।

यशपाल आर्य ने कहा, जब राज्य पलायन, बेरोजगारी, स्थानीय अधिकारों की अनदेखी, संसाधनों की लूट और पहाड़ के भविष्य जैसे गंभीर संकटों से जूझ रहा है, तब सरकार को समाधान खच्चर की लीद में दिखाई दे रहा है। यह नीति नहीं, सोच की दरिद्रता है।सरकारी फैसले के मुता. बिक, केदारनाथ यात्रा मार्ग पर प्रतिदिन चलने वाले लगभग 6000 खच्चरों से गिरने वाली करीब 25 टन लीद को इकट्ठा किया जाएगा। सरकार का दावा है कि इससे ईको-फ्रेंडली पैलेट बनाए जाएंगे और सालाना 5460 टन लीद से करीब 50 लाख रुपये की कमाई होगी। सरकार इसे "स्थानीय लोगों की आर्थिकी सुदृढ़ करने" का मॉडल बता रही है। यशपाल आर्य ने सवाल उठाए कि, क्या यही उत्तराखंड का भविष्य है? बड़े प्रोजेक्ट बाहरियों के, और स्थानीय लोगों के हिस्से में लीद?

उन्होंने कहा कि एक तरफ, 4081 करोड़ का केदारनाथ रोपवे प्रोजेक्ट अडानी समूह को दिया गया है। 400 करोड़ का केदारनाथ रिडेवलपमेंट अहमदाबाद की आईएनआई डिजाइन स्टूडियो के हवाले किया गया है, 424 करोड़ का बद्रीनाथ रिडेवलपमेंट भी बाहरी कंपनी को सौंपा गया है, 1500 करोड़ का सिलक्यारा टनल प्रोजेक्ट बाहरी ठेकेदारों को दिया गया है और दूसरी तरफ, स्थानीय लोगों के हिस्से में आईख् खच्चर की लीद।यशपाल आर्य ने कहा, यह विकास नहीं, आर्थिक अपमान है।

बाहरियों को करोड़ों और पहाड़ को प्रयोगशाला बना दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उत्तराखंड में निर्माण बाहरियों का,मुनाफा बाहरियों का, नीति बाहर से, डिजाइन बाहर से, निर्णय बाहर से, यहाँ तक कि गढ़वाल, कुमाऊँ और जौनसार के गाँवों में डाक बाँटने के लिए भी हरियाणा से डाकिए बुलाए गए, और फिर सरकार "स्थानीय सशक्तिकरण" का दावा करती है।

### उत्तराखंड को लीद नहीं, नीति चाहिए

यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार के पास न पलायन रोकने की ठोस नीति है, न युवाओं के लिए स्थायी रोजगार हैं, न स्थानीय ठेकेदारी का अधिकार और न ही संसाधनों पर पहाड़ का हक।उन्होंने कहा, उत्तराखंड खच्चरों की लीद से नहीं, हकघ से चलेगा। प्रदेश को लीद नहीं ठोस नीति की आवश्यकता है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, अगर इतना सब देने के बाद भी स्थानीय लोगों के हिस्से में सिर्फ लीद बचे, तो इसे सशक्तिकरण नहीं, राज्य की बेइज्जती कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की समस्या संसाधनों की कमी नहीं है, समस्या यह है कि यह सरकार स्थानीय लोगों पर भरोसा नहीं करती।

**Government Polytechnic Nainital**
**राजकीय पॉलीटेक्निकनैनीताल**
(उत्तराखण्ड तकनीकी शिक्षा विभाग)
www.gpnainital.org
govtpoly_ntl@rediffmail.com | 05942-236251
उत्तराखण्ड राज्य

पत्रांक : 1905/ जीप-2026/2025-26 विज्ञप्ति दिनांक : 16 जनवरी 2026

**प्रवेश सत्र 2026–27**

सभी इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल में संचालित विभिन्न डिप्लोमा इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन/ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है, जिसका विवरण निम्नवत है–

| डिप्लोमा ब्रांच का नाम | प्रवेश क्षमता |
|---|---|
| सिविल इंजीनियरिंग | 40 |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 40 |
| इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 40 |
| इलैक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग | 41 |
| आई0टी0 इंजीनियरिंग | 30 |
| फार्मेसी | 60 |

उक्त सभी पाठ्यक्रम ए0आई0सी0टी0ई0 एवं पी0सी0आई0 द्वारा मान्यता प्राप्त है। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को उत्तराखंड प्राविधिक शिक्षा परिषद (UBTER) द्वारा आयोजित **JEEP/UBTER** प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा जिस हेतु **दिनांक–15 जनवरी 2026 से दिनांक–15 अप्रैल 2026** तक इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट **www.ubter.in** के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी, योग्यता, पाठ्यक्रम विवरण एवं अन्य निर्देशों के लिए **UBTER** की वेबसाइट **www.ubter.in** अवश्य देखें।

संस्थान में आधुनिक एवं सुसज्जित प्रयोगशालाएँ उपलब्ध हैं तथा शिक्षण कार्य अनुभवी एवं योग्य शिक्षकों द्वारा कराया जाता है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु NCC एवं NSS संचालित हैं। छात्र एवं छात्राओं के लिए पृथक छात्रावास की व्यवस्था के साथ अनुशासित, सुरक्षित एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान किया जाता है।

प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलिटेक्निक नैनीताल

# ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण

## 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अंतर्गत न्यायपंचायत अंडोली में बहुउद्देशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड धौलादेवी की न्यायपंचायत अंडोली अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज गरुड़ाबाज परिसर तथा द्वाराहाट विकासखंड की न्याय पंचायत छतीणा अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा विभाग, पंचायतीराज विभाग, कृषि, उद्यान, विद्युत, पेयजल समेत अनेक विभागों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया। अंडोली शिविर में 1389 से अधिक लोग लाभान्वित हुए तथा कई शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया तथा छतीणा से 1014 लोगों को समेत कुल दोनों शि. विरों से कुल 2403 लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में कई लोगों के आधार कार्ड बने तथा कई



के ई श्रम कार्ड। किसी को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट दी गई तो किसी ने समाज कल्याण विभाग के माध्यम से सहायक उपकरण प्राप्त किए। अंडोली शिविर में पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा तथा छतीणा शिविर में पहुंचीं अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने उपस्थित नागरिकों की एक-एक कर फरियादें सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिक. रियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को सीधे आमजन तक पहुंचाना तथा लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत दिलाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से शासन एवं जनता के बीच की दूरी को कम किया जा रहा है। उन्होंने अधिका. रियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी युक्ता मिश्र ने शि. विर में लगाए गए विभिन्न विभागीय स्टालों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का नियमित अनुश्रवण किया जाएगा ताकि वास्तविक लाभ जनता तक पहुंच सके। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गया तथा प्रत्यक्ष रूप से लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। मुख्य विकास अधिकारी तथा अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किया जाए। अधि. कतर शिकायतें पेयजल से संबंधित रहीं। उन्होंने कहा कि जो लोग विभागीय स्टालों पर आएं हैं उनका विवरण सुरक्षित रखा जाए तथा उनसे संपर्क करके योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

## पार्टी के राजनीतिक व सामाजिक संघर्षों पर डाला प्रकाश

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के पदाधिकारियों द्वारा शनिवार को नगर के एक निजी होटल के सभागार में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता के दौरान पार्टी नेतृत्व ने अपने 17 वर्षों के राजनीतिक व सामाजिक संघर्षों, उपलब्धियों और वैचारिक आधार पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि पार्टी ने अपने गठन से ही जल-जंगल-जमीन की रक्षा, किसान-मजदूरों के अधिकार, महिलाओं की सुरक्षा और शोषित-वंचित वर्गों के हितों के लिए बिना किसी समझौते के संघर्ष किया है। प्रेस वार्ता में पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम की प्रस्तावित रूपरेखा की जानकारी देते हुए आगामी राजनीतिक दिशा और जनआंदोलनों को और सशक्त करने के संकल्प को दोहराया गया। पदा. धिकारियों ने आम जनता से पार्टी के विचारों से जुड़ने और जनहित के मुद्दों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील भी की।

## एक नजर

### महिला पर गुलदार के हमले के बाद बढ़ी दहशत

**अल्मोड़ा।** विकासखंड ताकुला के ग्राम पंचायत भैसोड़ी गांव में महिला पर गुलदार हमले के बाद वन विभाग अलर्ट हो गया है। शनिवार को विभागीय टीम ने गांव में गश्त कर लोगों को जागरूक किया। वहीं, परि. जनों से मुलाकात कर जानकारी जुटाई। दरअसल, ग्राम पंचायत भैसोड़ी निवासी प्रेमा पांडे पर शुक्रवार दोपहर में दो गुलदारों ने हमला कर दिया था। महिला ने साहस दिखाते हुए दराती से दोनों गुलदारों का सामना किया। इससे युवक बाल-बाल बच गया और चोटिल होकर गुलदार जंगल की ओर भाग गए। इसके बाद गुलदारों ने तीन बकरियों को अपना निवाला बना लिया। जिससे क्षेत्र में और दहशतफैल गई। सूचना मिलने पर रात में ही वन विभाग की टीम गांव में डेरा डाल महिला से हाल जाना। इधर, शनिवार को वन क्षेत्राधिकारी मनोज सनवाल के नेतृत्व में टीम ने गांव में गश्त की। वहीं, महिला के परिजनों से मुलाकात कर जानकारी जुटाई। ग्रामीणों को झुंड में ही बाहर निकलने की सलाह दी।

### आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर कोतवाली में तहरीर

**अल्मोड़ा।** रानीखेत कांग्रेस कमेटी ने भारतीय जनता पार्टी नैनीताल के सोशल मीडिया हैंडल से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कांग्रेस वर्किंग कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य करन माहरा के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर कोतवाली रानीखेत में तहरीर दी है। तहरीर में आरोप लगाया कि उक्त पोस्ट को रानीखेत विधायक डा. प्रमोद नैनवाल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से साझा किया, जिससे पोस्ट व्यापक रूप से प्रसारित हुई। कांग्रेस कमेटी का कहना है कि इससे करन माहरा की सामाजिक व राजनी. तिक प्रतिष्ठा को क्षति पहुंची है तथा समाज में भ्रम व वैमनस्य फैलने की आशंका उत्पन्न हुई है। तहरीर में संबंधित सोशल मीडिया हैंडल के संचा. लक व पोस्ट साझा करने वाले विधायक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, यूथ अध्यक्ष ऑ. कता पंत, कोर्डिनेटर कुलदीप कुमार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख प्रेम अधिकारी, मोहन सिंह बिष्ट, प्रमोद पाल, प्रदीप रावत, कुसुम बिष्ट, इंदिरा रावत, संगीता डोगरा, कल्पना आदि मौजूद रहे।

### 18 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** 18 सूत्रीय मांगों का निराकरण को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को आक्रोशित कर्मचारियों ने हवाल. बाग स्थित कृषि विभाग कार्यालय के प्रांगण में प्रदर्शन किया। गेट मीटिंग कर समस्याओं के समाधान की मांग की। मौके पर कर्मचारियों ने कहा कि सेवाकाल में तीन पदोन्नति प्राप्त न कर सकने पर 10, 16, और 26 वर्ष की सेवा के बाद एसीपी के अंतर्गत पदोन्नत वेतनमान देने, गोल्डन कार्ड की विसंगतियों को दूर करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, केंद्र की भांति मकान किराए भत्ता दिए जाने समेत 18 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग कर रहे हैं। लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। इसके अलावा कर्मचारियों ने मौके पर सात फरवरी को प्रस्तावित जनपद स्तरीय महारैली को सफल बनाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। यहां प्रदर्शन करने वालों में परिषद के जिलाध्यक्ष उमापति पांडे, रमेश सिंह कनवाल, हरीश बिष्ट, प्रमोद जोशी, दिनेश शाह, कृष्ण सिंह, बरखा पांडे, रिचा जोशी, नीमा साह, दीप तिवारी, विवेक कुमार नवीन पंतोला, गरिमा पांडे, संजय कुमार मौजूद रहे।

### एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

**पंतनगर।** मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि डा. विपुल गुप्ता, कार्यवाहक अधिष्ठाता, ने कार्यक्रम की शुरुआत की। शिविर का विषय 'पर्यावरण विकास' रखा गया है, जिसमें 30 छात्रों द्वारा बेनी बस्ती में पर्यावरण से संबंधित कार्य किए जाएंगे और जागरूकता फैलाने के लिए नुक्कड़ नाटक, रैली व वार्तालाप जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में डा. विपुल गुप्ता ने कहा कि समाज सेवा और बौद्धिक विकास दोनों का संतुलन आवश्यक है। छात्रों को समाज और नागरिक दायित्व की भावना विकसित करने का भी संदेश दिया। शिविर के दौरान छात्रों को ग्रामीण समाज की समस्याओं से अवगत होने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन श्रेयांसि और प्रेम प्रज्ञान ने किया। इस अवसर पर अन्य अतिथि भी उपस्थित थे।

### रामनगर में किसान चौपाल का आयोजन

**पंतनगर।** कृषि विश्वविद्यालय और केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना-फ्रिजवाल के तहत ग्राम रामनगर के कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र-केलाखेड़ा में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. सीबी सिंह, प्राध्यापक प्रजनन विभाग और परियोजना अधिकारी ने किया। डा. सिंह ने पशुपालकों और परियोजना टीम के सदस्याओं को उत्साहित करते हुए परियोजना के लाभों और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डा. बृजेश सिंह ने पशु प्रबंधन, प्रजनन और पोषण समस्याओं के समाधान पर सुझाव दिए और उन्नत पशुपालन की तकनीकी विधियों को अपनाने की सलाह दी। किसान चौपाल में 40 पशुपालकों ने भाग लिया, पंजीकरण और सामग्री वितरण शिवांशु तिवारी ने किया, जबकि धन्यवाद प्रस्ताव डा. सीबी सिंह ने दिया।

### डीएम ने की विकास कार्यों की समीक्षा

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला योजना, राज्य और केंद्र पोषित योजनाओं, 20 सूत्रीय कार्यक्रम और टास्क फोर्स रिपोर्ट पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों में ई-ऑफिस के पूर्ण उपयोग के निर्देश दिए और शत-प्रतिशत कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने को कहा। लंबित कार्यों को समय सीमा में पूरा करने की सख्त चेतावनी दी गई। बैठक में उद्यान विभाग को नर्सरी सुदृढ़ीकरण, कृषि सुरक्षा हेतु बायो-फेंसिंग, रेशम विभाग को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। जल संस्थानों को आरपीडब्लूएसएस में आईडी जनरेशन सुनिश्चित करने और सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान करने के आदेश दिए गए। इसके अतिरिक्त सुराग पुल निर्माण कार्य को जनवरी अंत तक पूर्ण करने के भी निर्देश दिए गए।

### द्रोणासागर किले पर पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

**काशीपुर।** द्रोणासागर टीले पर तेंदुओं का आतंक खत्म करने के लिए लगाये गये पिंजरे में एक तेंदुआ कैद कर लिया गया, जिससे टीला परिसर और आसपास के इलाकों में फैली दहशत कम हुई है। इस रेस्क्यू में पुरातत्व विभाग के सुपरिटेंडेंट डॉ. मोहन चंद्र जोशी, संरक्षण सहायक प्रभारी काशीपुर सहित वन विभाग के रेंजर देवेन्द्र सिंह व वन कर्मी यशपाल तथा अन्य कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई। बताया जा रहा है कि द्रोणासागर टीले पर लंबे समय से तेंदुओं की आवाजाही बनी हुई है। समय-समय पर तेंदुओं के दिखाई देने से न केवल टीले में कार्यरत कर्मचारियों बल्कि आसपास के रिहायशी इलाकों में रहने वाले लोगों में भी भय का माहौल रहता है। पूर्व में भी तेंदुओं की मौजूदगी की शिकायतें सामने आती रही हैं। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। वन विभाग की ओर से आगे की कार्रवाई करते हुए तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

# मनरेगा भ्रष्टाचार मामले में रोज़गार सहायक निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** विकासखंड कोटाबाग में मनरेगा के तहत भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच में तत्कालीन रोजगार सहायक को निलंबित कर दिया गया है। जिला सांख्यिकी अधिकारी की जांच में यह पाया गया कि रोजगार सहायक सहित अन्य अधिकारियों के कार्यों में गड़बड़ियां थीं। शिकायतकर्ता कमल बोहरा ने मनरेगा में भ्रष्टाचार की जांच की मांग की थी और पुख्ता सबूत भी पेश किए थे, जिनमें मस्टरोलों में अनियमितताएं सामने आईं। कमल बोहरा ने आरोप लगाया कि जांच रिपोर्ट को छुपाने का प्रयास किया गया था, लेकिन उन्होंने सूचना का अधिकार का उपयोग कर रिपोर्ट प्राप्त की। इसके अनुसार तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी दीपेंद्र शर्मा, रोजगार सहायक राहुल गुप्ता और दीपचंद तिवारी पर मस्टरोलों में कम भुगतान करने का दोषी पाया गया। जिला सांख्यिकी अधिकारी ने इन अधिकारियों को गलत ठहराते हुए विभागीय कार्रवाई की सिफारिश की, जिसमें आर्थिक दंड और कड़ी चेतावनी शामिल थी। हालांकि कमल बोहरा ने इन अधिका. रियों के निलंबन और मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस भ्रष्टाचार को दबाने के प्रयास किए जा रहे हैं और नाम बदलकर दीपचंद तिवारी को दीपचंद जोशी किया गया है, ताकि प्रधान का बचाव किया जा सके। बोहरा ने कहा कि मनरेगा में अब भी कई फर्जी भुगतान के मामले हैं, जिनकी जांच की जानी चाहिए।

# बैठकों से परहेज़ कर रहे सभी मेयर

## अलोकतांत्रिक तरीके से चल रहे कुमाऊं के पांचों नगर निगम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम अधिनियम के अनुसार नगर निगमों की वास्तविक सत्ता पार्षदों में निहित है और इन पार्षद द्वारा सामूहिक रूप से नगर निगम की बैठकों के माध्यम से इन्हें चलाने का प्रावधान अधिनियम में हैं, परन्तु कुमाऊं के सभी पांचों नगर निगमों में नियमों के अनुसार वर्ष में न्यूनतम 6 तथा प्रत्येक दो माह की अवधि में नगर निगम बैठकों का आयोजन ही नहीं हो पा रहा हैं। यह सनसनीखेज खुलासा नदीम उद्दीन एडवोकेट को कुमाऊं के सभी नगर निगमों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। नदीम उद्दीन एडवोकेट ने कुमाऊं के सभी नगर निगमों के लोक सूचना अधिकारियों से 01 जनवरी 2025 से सूचना उपलब्ध कराने की तिथि तक हुई नगर निगम/बोर्ड बैठकों की सूचना उनके कार्यवृत्त की प्रति सहित चाही थी। कुमाऊं के सभी नगर निगमों के लोक सूचना अधिकारियों ने अपने-अपने नगर निगम की बोर्ड बैठकों के कार्यवृत्तों की प्रतियां उपलब्ध करायी हैं। श्री नदीम को लोक सूचना अधिकारी/सहायक नगर आयुक्त, काशीपुर द्वारा पत्रांक 945 दिनांक 22-11-25 उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार 2025 में केवल दो निगम बोर्ड बैठकें 05 फवरी 2025 तथा 03 मार्च 2025 को आयोजित की गयी है। नगर निगम रूद्रपुर के लोक सूचनाधिकारी/सहायक नगर आयुक्त द्वारा पत्रांक 779 दिनांक 04-12-2025 से उपलब्ध करायी सूचना के अनुसार बोर्ड की 03 बैठके हो चुकी हैं लेकिन दो बैठकों 07-02-2025 तथा 18-02-2025 के कार्यवृत्त की ही फोटो प्रति उपलब्ध करायी है। नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम के लोक सूचना अधिकारी ने पत्रांक 1909 दिनांक 17-12-2025 से सूचना उपलब्ध करायी है। इसमें 26-03-2025 को महापौर गजराम बिष्ट की अध्यक्षता में एक बैठक के कार्यवृत्त की प्रति उपलब्ध करायी है। नगर निगम अल्मोड़ा के लोक सूचना अधिकारी दीपक चन्द्र जोशी ने पत्रांक 39 दिनांक 03-01-26 से 3 बोर्ड बैठकों 07 फरवरी 2025, 29 अप्रैल 2025 तथा 05 अगस्त 2025 के कार्यवृत्त की फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी हैं। नगर निगम पिथौरागढ़ के लोक सूचना अधिकारी/सहायक नगर आयुक्त द्वारा अपने पत्रांक 1259 दिनांक 29-11-2025 के साथ 05 बोर्ड बैठकों के कार्यकृत की फोटो प्रति उपलब्ध करायी गयी। नदीम उद्दीन एडवोकेट ने बताया कि नगर निगम अधिनियम की धारा 88 के अनुसार निगम के प्रतिवर्ष कम से कम 6 अधिवेशन होंगे और आगामी अधिवेशन की प्रथम बैठक का अंतर दो माह से अधिक नहीं होगा।

# ललित मोहन जोशी के गीतों पर झूमा पंडाल

## उत्तरायणी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, स्टार नाइट ने समा बांधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तरायणी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मची हुई है। शुक्रवार की रात दो बजे तक फौजी ललित मोहन जोशी समेत अन्य कलाकारों ने धूम मचाई। कश्मीर बॉर्डर प्यारी मैं आफी लडूंन न, एवं चल कदम कदम वंदे मातरम् गीत ने मेला देखने पहुंचे मेलार्थियों को नाचने पर विवश कर दिया। शुक्रवार की शाम मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल रहे। जिन्हें नगर पालिका चेयरमैन सुरेश खेतवाल द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बलवंत सिंह भौर्याल ने कहा कि उत्तरायणी मेला धार्मिक, व्यापारिक तथा राजनैतिक मेला है। उन्होंने



समस्त मेलार्थियों से स्नेह एवं शांति पूर्व मेले का लुत्फ उठाने को कहा गया।

स्टार नाइट नुमाईशखेत में बने रंगमंच में ललित मोहन जोशी ने एक के बाद एक कुमाऊंनी गीत गाकर दर्शकों को खुश किया। उन्होंने लोगों की फरमाइश पर उत्तरायणी में आए रेनू मेरी बागेश्वर, टक-टका-टक कमला गीत गाकर सभी का दिल जीता। इसी क्रम में लोक गायिका हेमा नेगी ने जागी नंदा समेत कई गीत गाए। कॉमेडियन गणेश बिष्ट ने भी लोगों को अपने अंदाज में गुदगुदाया। संच. ालन अजय चंदोला ने किया। पालि. काध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेले में पहाड़ की संस्कृति की बयार बह रही है। लोग अपने कलाकारों को सुनने के लिए दूर-दराज से पहुंच रहे हैं। इस मौके पर विक्रम शाही, लक्ष्मण देव, रघुवीर दफौटी, हरीश सोनी, दीपक खेतवाल आदि मौजूद रहे। इधर शनिवार दिन में मेले में दूर दूर से पहुंचे मेलार्थियों ने नुमाइश मैदान में रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया। जिसके बाद सरयू बगड़, भोटिया बाजार, जिला पंचायत, सहित अन्य स्थानों से जमकर खरीददारी की गई। वहीं मेले सरयू बगड़ में आयोजित पंजा लड़ाई खेल का भी लुत्फ उठाया।

# पल्यूड़ा के जंगल में धधकी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** ताकुला विकासखंड की पल्यूड़ा-हत्युड़ा वन पंचायत क्षेत्र में शनिवार को जंगल में आग लग गई। सुबह के समय भड़की आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और गांव की आबादी की ओर बढ़ने लगी। आग की लपटें और धुएं को देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हंस फाउंडेशन की महिला फायर फाइटर्स और स्थानीय ग्रामीण महिलाएं तुरंत मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। सूखी पिरुल और पत्तियों के कारण आग तेजी से फैल रही थी, जिससे जंगल के अंदरूनी हिस्सों में आग पर नियंत्रण पाना कठिन हो गया। महिलाओं ने कड़ी मशक्कत कर फायर लाइन काटी और गांव की दिशा में बढ़ रही आग को रोकने में सफलता पाई।



वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। तेज हवा के कारण राहत कार्यों में बाधा आई, लेकिन संयुक्त प्रयासों से आबादी वाले क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया गया। वन क्षेत्राधिकारी मनोज लोहनी ने बताया कि समय रहते टीम भेजी गई, जिससे बड़ा नुकसान टल सका। आग बुझाने में महिलाओं की भूमिका सराहनीय रही।

### मौन उपवास रखा

**बागेश्वर।** उधमसिंह नगर की पुलिस के कृत्य की आग जिले में भी भड़क रही है। जिला संघर्ष वाहिनी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने विरोध में एक घंटे का मौन उपवास रखा। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि काशीपुर में किसान ने आत्महत्या से पहले जो वीडियो जारी किया है वह सबसे बड़ा सबूत है। इसका संज्ञान लेते हुए मामले की सीबीआई जांच की मांग की। जल्द मांग पूरी नहीं होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। अध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में वाहिनी के लोग शनिवार को स्टेशन रोड स्थित गांधी मूर्ति के पास एकत्रित हुए। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। उसके बाद एक घंटे का मौन उपवास रखा। इसके बाद हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि काशीपुर के किसान सुखवंत सिंह को पुलिस उत्पीड़न के कारण आत्महत्या करनी पड़ी।

# बजट आवंटन और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में भेदभाव का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** विकासखंड बागेश्वर के क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने कार्य योजनाओं, बजट आवंटन और प्रशासनिक व्यवस्थाओं में अनियमितताओं और भेदभाव का आरोप लगाते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा है।

इसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपनी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन में कहा है कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों को प्राप्त होने वाली एक लाख से 2.50 लाख रुपये तक की योजनाओं में मस्टरोल प्रक्रिया अपनाई जाए, जबकि 2.50 लाख रुपये से अधिक की योजनाओं में ही निविदा प्रक्रिया लागू की जाए। आरोप लगाया कि इसके बावजूद खंड विकास अधिक. ारी बार-बार टेंडर प्रक्रिया से ही कार्य कराने का दबाव बना रहे हैं। सदस्यों ने यह भी मांग की कि जिस प्रकार ग्राम प्रधानों को अपने-अपने क्षेत्रों में निजी फर्मों के माध्यम से सोलर लाइट स्थापित करने की अनुमति दी जाती है, उसी प्रकार क्षेत्र पंचायत सदस्यों को भी यह अधिकार दिया जाए। साथ ही सभी निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्यों को समान बजट आवंटन सुनिश्चित करने की मांग उठाई। ज्ञापन में ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में पूर्व वर्षों की भांति ज्येष्ठ एवं कनिष्ठ प्रमुखों के बैठने की समुचित व्यवस्था अथवा उनके लिए अलग कक्ष उपलब्ध कराने की भी मांग की।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** भारत में हर साल लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। इसका मुख्य कारण लापरवाही व जागरूकता की कमी है। सड़क हादसों को कम करने और लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक करने के लिए गत दिवस काशीपुर में एक माह के लिए ट्रैफिक पुलिस व सीपीयू टीम द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया, जो आगामी 14 फरवरी तक चलेगा। इस अभियान में हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, तेज रफ्तार से बचने और ट्रैफिक नियमों के पालन पर जोर दिया जा रहा है, ताकि जीवन और आजीविका की रक्षा हो सके। अभियान के तहत



जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय व सतर्कता के साथ दुघटनाओं के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। आज दूसरे दिन ट्रैफिक पुलिस व सीपीयू टीम ने टांडा तिराहे पर सुरक्षित यातायात हेतु जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान टीएसआई अरुण कुमार, टीएसआई रमेश कुमार, सीपीयू सब इंस्पेक्टर जसवंत सिंह, सुरेश रावत, हेम सुयाल, हेड कां. लक्ष्मण सिंह और गिरधर सिंह समेत ट्रैफिक पुलिस व सीपीयू पुलिस की पूरी टीम मौजूद रही।

# तीन स्नान के बाद भगवान बागनाथ ने घी का आवरण ओढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**बागेश्वर।** त्रिमाघी (माघ मास के तीन स्नान) के बाद भगवान बागनाथ ने घी का आवरण ओढ़ लिया है। एक महीने तक भोलेनाथ इसी रूप में भक्तों को दर्शन देंगे। फाल्गुन महीने की पहली तिथि को शिवलिंग से घी का आवरण



हटाया जाएगा। बता दें कि हर साल माघ मास की तीसरी तिथि को बागनाथ को गाय के घी के आवरण से ढक दिया जाता है। इसमें करीब पांच से सात किलो घी प्रयोग होता है। बागनाथ मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और पुजारी नंदन सिंह रावल ने बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार मकर संक्रांति के बाद से एक महीने के लिए भगवान शिव गुफा में जाकर तपस्या करते हैं। इसलिए शिवलिंग को भी घी का आवरण पहनाया जाता है। एक प्रकार से घी से गुफा का रूप दिया जाता है। इस मौके पर पुजारी सभासद नवीन रावल, भरत सिंह रावल, मोहन सिंह रावल, कमल रावल, खीमानंद पंत आदि मौजूद थे।

### फांसी लगाकर दी जान

**काशीपु।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसका पीएम कराकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बाजपुर रोड हिम्मतपुर निवासी 25 वर्षीय रमेश पुत्र ओमप्रकाश ने बीती रात अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्मत्या कर ली। मृतक अपने पीछे दो छोटे बच्चों समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गया है।




# केमिकल फैक्ट्री में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** आलू फार्म स्थित वीपी एग्रो केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर स्टेशन काशीपुर को वीपी एग्रो केमिकल फैक्ट्री में आग लगने की सूचना दी गई, जिस पर तुरंत दो फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना की गईं। मौके पर पहुँचकर दमकल



कर्मियों ने देखा कि आग फैक्ट्री के निबोरी स्टोर एरिया तथा बायो फर्टिलाइजर केमिकल पैकिंग स्टोर एरिया में लगी हुई थी। आग पर काबू पाने के लिए फायर यूनिट द्वारा मोटर फायर इंजन से दो होज लाइनें बिछाकर पंपिंग करते हुए आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। आग की विकरालता को देखते हुए आईजीएल फैक्ट्री से भी एक अतिरिक्त फायर यूनिट को मौके पर बुलाया गया। केमिकल आग की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए फोम मेकिंग ब्रांच की सहायता से फोम का प्रयोग किया गया, जिससे आग पर पूर्ण रूप से नियंत्रण पा लिया गया। दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। इस अग्निशमन अभियान में चालक संदीप शर्मा, सुमित पवार लीडिंग फायरमैन विजेंद्र सिंह, फायरमैन अर्जुन सिंह, बलवंत, पंकज कुमार शामिल रहे।

# सफाई के प्रति जागरूक करने हेतु किया नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** शहर को साफ स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ बनाने के लिए महापौर दीपक बाली कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उनके प्रयासों से आज यहां दिल्ली से आई लोक कलाकारों की एक टीम ने यहां विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक दिखाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। यह कार्यक्रम '17 से 26 जनवरी' तक चलेगा।



दिल्ली से यहां पहुंची कलाकारों की इस टीम का पहले नगर निगम सभागार में महापौर दीपक बाली, नगर आयुक्त रविंद्र सिंह बिष्ट, सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल शाह, डॉ. अमरजीत सिंह साहनी, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट के सामने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया। उसके बाद लोक कलाकारों की यह टीम महाराणा प्रताप चौक, टांडा तिराहा और रोडवेज बस स्टैंड पर पहुंची और लोगों को शहर की साफ सफाई के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर स्फाई निरीक्षक मनोज बिष्ट चौधरी समरपाल सिंह जसवीर सिंह सैनी नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष तथा पार्षद पिता कैलाश चंद्र प्रजापति एडवोकेट भाजपा नेता रवि पाल स्वयं सहायता समूह की रेनू नौटियाल, फेमीदा, दीपा अरोड़ा, बबीता पाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। नगर निगम द्वारा समस्त नागरिकों से अपील की गयी है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता करें, जहाँ भी कलाकारों की टीम दिखाई दे, वहीं रुकें, देखें और संदेशपूर्ण नुक्कड़ नाटक का अनुभव करें।

# सुखवंत सुसाइड केस: एसआईटी की जांच शुरू

- एसआईटी आईजी निलेश आनंद भरणे ने घटनास्थल का किया निरीक्षण
- एसआईटी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करेगी: आईजी भरणे





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम के देवभूमि होटल में खुद को गोली से उड़ाने वाले काशीपुर के किसान सुखवंत सिंह की मौत मामले की जांच अब तेज हो गई। इस मामले की जांच कर रही एसआईटी के आईजी निलेश आनंद भरणे खुद शनिवार को अपनी पांच सदस्यीय टीम के साथ काठगोदाम घटनास्थल उस होटल में पहुंचे और जहां पर किसान सुखवंत ने आत्महत्या की उस कमरे का बारीकी से निरीक्षण कर घटनास्थल से कई साक्ष्य भी जुटाए। इस प्रकरण में आईजी ने जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बीते 11 जनवरी की रात करीब ढाई बजे काठगोदमा पुलिस को सूचना मिली कि गौलापार स्थित देवभूमि होटल के एक कमरे में किसी व्यक्ति ने खुद को गोली मार ली है।

इस सूचना पर एसआई दिलीप कुमार और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। होटल के कमरे नंबर 101 में मृतक सुखवंत सिंह पुत्र तेजा सिंह निवासी ग्राम पैगा, थाना आईटीआई, काशीपुर जिला ऊधमसिंह नगर का शव बेड पर पड़ा था। जांच में पता चला कि उसने अपने सिर में गोली मारकर आत्महत्या की थी। होटल के कमरे से 315 बोर का तंमचा बरामद किया गया, साथ ही दो जिंदा कारतूस और कारतूस के दो खोखे भी मिले। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत का कारण गन शॉट इन्जरी बताया गया। इस मामले में सीएम पुष्कर सिंह ने कुमाऊं आयुक्त को मजिस्ट्रेट जांच सौपी और एक एसआईटी का गठन किया। एसआईटी के आईजी निलेश आनंद भरणे आज शनिवार को पांच सदस्यीय टीम के साथ खुद काठगोदाम गौलापार घटनास्थल पहुंचे। आईजी निलेश आनंद भरणे ने घटनास्थल का जायजा लिया और मामले की जांच शुरू कर दी। इस दौरान आईजी भरणे ने कहा कि एसआईटी इस मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उधम सिंह नगर पुलिस से कोई भी बातचीत पीड़ित परिवार के मामले में नहीं होगी, ताकि जांच में किसी प्रकार की हस्तक्षेप या सवाल उठने की संभावना न हो। आईजी भरणे ने बताया कि प्रारंभ में आईटीआई थाना काशीपुर में दर्ज एफआईआर अब काठगोदाम थाने को ट्रांसफर कर दी गई है। साथ ही, मृतक किसान के घर की सुरक्षा व्यवस्था दूसरे जनपद की पुलिस द्वारा की जा रही है। इस मामले में सुखवंत ने आत्महत्या से पहले जिन-जिन लोगों के नाम लिए थे, उनकी जांच की जाएगी। इसमें उधम सिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा सहित सभी संबंधित पुलिस अधिकारी और कर्मी शामिल होंगे। जांच को हर पहलू से देखने के लिए एसआईटी पूरी गंभीरता से काम कर रही है ताकि सच सामने आ सके। अब तक इस मामले में 26 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा चुका है।

## सड़क हादसे में स्कूटी सवार दंपती की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** शहर के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक अज्ञात



तेज रफ्तार भारी वाहन ने स्कूटी दंपति को कुचल दिया, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार होने में कामयाब रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना शनिवार दोपहर करीब 1 बजे उस समय हुई जब स्कूटी सवार पति-पत्नी लालकुआं से वीआईपी गेट क्षेत्र की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात बड़े वाहन संभवत डंपर ने लापरवाही से चलाते हुए स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर गिर गए और भारी वाहन के टायरों की चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान मृतकों की पहचान राम. निवास उर्फ पप्पू शर्मा (50) और उनकी पत्नी मालती शर्मा (46) के रूप में हुई है। रामनिवास सेंचुरी पेपर मिल में मुंशी के पद पर कार्यरत थे। दोनों पति-पत्नी किसी निजी कार्य से लालकुआं से वीआईपी गेट की ओर जा रहे थे। इस हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस ने दोनों मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। वहीं पुलिस ने घटना की जांच के साथ ही आरोपी वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# जनता से धोखा बर्दाश्त नहीं: दीपक

- जीएमएफएक्स ग्लोबल लिमिटेड के सीईओ के खिलाफ मुकदमा
- आयुक्त के आदेश पर हुई कार्रवाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 25 माह में पैसा दोगुना करने का झांसा देकर हजारों लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाली जीएमएफएक्स ग्लोबल लिमिटेड के सीईओ बिमल रावत के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने दिए हैं। आयुक्त ने साफ शब्दों में कहा कि जनता के साथ धोखाधड़ी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनता का एक-एक पैसा वापस कराया जाएगा। कुसुमखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने आयुक्त दीपक रावत से जीएमएफएक्स ग्लोबल लिमिटेड के सीईओ द्वारा धोखाधड़ी करने एवं पैसा वापस न करने की शिकायत की। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त रावत ने कंपनी के सीईओ को कार्यालय में बुलाया, लेकिन सीईओ कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। जिसके बाद आयुक्त प्रशासनिक अमले के साथ सतलोक कॉलोनी फैज्-6 नियर रणवीर गार्डन पहुंचे, और निरीक्षण कंपनी के डॉक्यूमेंट, कंपनी द्वारा की गई ट्रांजेक्शन, बैलेंस शीट आदि मांगी, लेकिन सीईओ बिमल रावत किसी भी प्रकार के डॉक्यूमेंट नहीं दिखा पाए और कंपनी के पोर्टल पर ऑनलाइन डेटा भी नहीं दिखा पाए। कंपनी के आईडीएफसी बैंक अकाउंट में 42455 रुपए तथा एचडीएफसी बैंक अकाउंट में लगभग 50 हजार रुपए की धनराशि जमा मिली। जबकि 25 माह में पैसा डबल करने के नाम पर 8 हजार लोगों से 39 करोड़ रुपए जमा किए गए। इसके साथ ही मिडिएटर्स को भी इंसेंटिव की सुविधा कंपनी द्वारा दी जा रही थी। आयुक्त ने मल्टीलेवल मार्केटिंग या पिरामिड स्कीम्स, कंपनी एक्ट के उल्लंघन, कंपनी के स्थान पर पर्सनल असेट्स बनाने के साथ ही पीड़ित व्यक्तियों की शिकायतों के आधार पर तत्काल मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, वित्त नियंत्रक सूर्य प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## आयुक्त ने सुनी जनसमस्या, त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कैंप कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान जनता की समस्याएं सुनी और कई मामलों में मौके पर ही समाधान कराया। जनसुनवाई में भूमि विवाद, धोखाधड़ी से धनराशि हड़पने, मृतक आश्रित को नौकरी, भरण-पोषण, खनन भंडारण सीज किए जाने जैसे गंभीर प्रकरण सामने आए जिन पर आयुक्त ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बेरीपड़ाव स्थित रेता बजरी भण्डारण स्टॉक की शिकायत ओवरलोडिंग,सीसीटीवी कैमरा तथा चाहरदीवारी न होने पर आयुक्त ने खान अधिकारी एवं आरटीओ को तलब कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विगत जनसुनवाई में धनराशि हड़पने की लम्बित प्रकरण में रानीखेत निवासी करूणा की 2 लाख की धनराशि का उन्होंने समाधान किया।

आयुक्त रावत ने जनसुनवाई के बाद कंपनी का स्थलीय निरीक्षण भी किया। वही काफी लोगों की यह भी शिकायत आई कि लोगों द्वारा फाइनेंस कम्पनी से वाहन लोन पर लिया जाता है, लोन नहीं देने की स्थिति में वाहन को फाइनेंस कम्पनी बिना वाहन के ट्रांसफर के अन्य व्यक्ति को विक्रय कर दिया जाता है और जिन लोंगो के वाहन नाम पर है, चालानी व अन्य कार्यवाही से गुजरना पड़ता है। उक्त तथ्य को गम्भीरता से लेते हुए आयुक्त ने सम्भागीय परिवहन अधिकारी को इस प्रकार का कृत्य करने वाली फाइनेंस कम्पनी के खिलाफ नोटिस एवं वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में आज जूडो अंडर-19 एवं 14 का परिणाम को खिलाडियों की शिकायत पर आयुक्त ने निरस्त करने के निर्देश जिला क्रीडा अधिकारी को दिये। खिलाड़ियों ने शिकायत की थी कि रेुरी क्वालीफाई नहीं थे तथा रेफरी के निर्णय पर असंतोष व्यत किया। जिस पर आयुक्त ने मैच को कल प्रात: दोबारा कराने के निर्देश दिये और कहा कि काबिल योग्य खिलाड़ियों का चयन किया जाए।

**रमेश सलाहकार, प्रवीण बने संयोजक:** हल्द्वानी। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए नैनीताल के होटल कारोबारी डा. रमेश पांडे को संगठन के सलाहकार मंडल में शामिल किया है, जबकि होटल कारोबारी व प्रदेश स्तरीय बैंक कर्मचारी यूनियन के प्रमुख नेता प्रवीण साह को जिला नैनीताल का संयोजक नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश संयोजक डा. धर्म यादव ने बताया कि दोनों प्रमुख नेताओं के अनुभव का लाभ संगठन के साथ-साथ व्यापारियों को भी प्राप्त होगा और नैनीताल में संगठन मजबूती की तरफ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि नैनीताल, भवाली, भीमताल और कैंची आदि जगहों में कारोबार कर रहे व्यापारियों को जिस प्रकार से शासन-प्रशासन द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है, संगठन प्रशासन की नीतियों का पुरजोर करेगा और मुख्यमंत्री को भी अवगत कराएगा। दोनों पदाधिकारियों के मनोनयन परप्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, राजेन्द्र फर्स्वाण, राजीव अग्रवाल, विरेंद्र गुप्ता, दीपक माहेश्वरी, प्रभजोत चंडोक, नुसरत सिद्दीकी, कुंदन बिष्ट, प्रज्ञान भारद्वाज, गौरव अग्रवाल, चमन गुप्ता, कुंदन रावत, अश्मित गुजराल, विशाल जुनेजा, सोनी सबरवाल आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है जिसके पास से 60 टेट्रा पैक शराब बरामद हुई। जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार की रात्रि बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी कांस्टेबल सुनील कुमार व लक्ष्मण राम ने संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक को रोकरकर पूछताछ की और उसके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर 60 टेट्रा पैक शराब बरामद हुई। पकड़े गए शराब तस्कर ने अपना नाम हरीश सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी देवालचौड़ मानपुर पश्चिम बताया। पुलिस ने आबकारी अधि. नियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया।

## विवाहिता ने देवर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** एक विवाहिता ने अपने देवर पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि ससुरालियों ने उस पर देवर के साथ संबंध बनाने का दवाब डाला और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जनपद मुरादाबाद थाना छजलैट निवासी एक युवती की शादी छह माह पूर्व काशीपुर के मोहल्ला कटोराताल निवासी एक युवक से हुई थी। उसका पति ऋषिकेश में काम करता है। वह अपनी ससुराल में सास-ससुर व देवर के साथ रहती है। आरोप है कि बीती 22 नवंबर, 2025 को सुबह करीब छह बजे उसके देवर ने कमरे में खींचकर उसके साथ दुष्कर्म किया। महिला ने कहा कि उसके सास, ससुर व ननद ने उस पर देवर के साथ सम्बन्ध बनाने का दवाब डाला और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। उसने घटना की सूचना 112 नंबर पर पुलिस को दी और अपने भाई को भी इस बावत जानकारी दी।

# माघ माह में पीडब्ल्यूडी परिसर में खिचड़ी प्रसाद वितरण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** माघ माह के पावन अवसर पर लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी परिसर में एक भव्य खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन पीडब्ल्यूडी ठेकेदार विपिन बिष्ट और आशीष बिष्ट द्वारा किया गया, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं और आमजन ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश द्वारा किया गया। विधायक हृदयेश ने स्वयं श्रद्धालुओं को खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया, जिससे आयोजन का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय और सेवा भाव से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर विधायक सुमित हृदयेश ने कहा माघ माह सेवा, त्याग और श्रद्धा का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। पूर्व दर्जा राज्य मंत्री ललित जोशी ने कहा कि माघ माह में खिचड़ी प्रसाद का विशेष धार्मिक महत्व है। इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि श्रद्धा और सेवा का संगम समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। भाजपा मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौठी ने कहा ऐसे धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। इससे समाज में भाईचारा बढ़ता है और युवा पीढ़ी को संस्कार मिलते हैं। इस मौके पर नंदा बल्लभ गुणवंत, पूर्व पाषर्द विनोद दानी, कौशलेन्द्र भट्ट, क्रियाशाला समिति के एलपी पंत, एनपी पंत, देवकी नंदन जोशी, कैलाश जोशी, पीडी पाण्डे, भगवान सिंह गंगोला, गिरीश गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## मौनी अमावस्या आज, बन रहे पंचग्रही योग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** माघ मास में पड़ने वाली अमावस्या को मौनी अमावस्या कहा जाता है। इस बार मौनी अमावस्या पर अद्भुत पुण्य योग बन रहा है। पंडित डा. नवीन चन्द्र जोशी ने बताया कि मौनी अमावस्या पर पंच गृही योग के साथ रवि अमावस्या व शुभ नामक योग गंगा स्नान व पूजन अर्चन दान धर्म-कर्म के लिए सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। इस वर्ष मौनी अमावस्या कल यानि आज रविवार के दिन सर्वार्थसिद्ध और शिववास योग में पड़ रही है, जिससे इसका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व और अधिक बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में मौन व्रत को सर्वश्रेष्ठ व्रत माना जाता है। मौन रहकर केवल भगवान के नाम मंत्र का जाप करने से परम शांति प्राप्त होती है। मौनी अमावस्या को गंगा स्नान विशेष महत्व है।

**सीएम के संभावित दौरान का साहू ने किया विरोध:** हल्द्वानी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संभावित दौरे को देखते युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के नेतृत्व में काले गुब्बारों के साथ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए अंकिता भंडारी के दोषियों को फांसी की सजा देने, सुखवंत सिंह हत्याकांड की सीबीआई जांच करवाने, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, पलायन नशे के कारोबार का मुद्दा उठाया। कुसुमखेड़ा चौराहे पर कार्यकर्ताओं की पुलिस के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई। इस दौरान हेमन्त साहू व दीपा खत्री ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर किल है। उधमसिंह नगर जनपद के किसान सुखवंत सिंह आत्महत्या मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय न्यायिक जांच हो और एसएसपी को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। साहू ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो गई। अपराध नशे का कारोबार चरम सीमा पर पहुंच गया है। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को 2 बजे गिरफ्तार आरटीओ चौकी ले गई और शाम 5 बजे निजी मुचलके पर सभी को रिहा किया। गिरफ्तार देने में वालों छात्र नेता शोभित कुमार, तस्कीन अहमद, सचिन राठौर, मोनू चौहान, आनंद कुमार, विराज कुमार, नील खत्री, विशाल आर्या आदि शामिल रहे।

## लोकल ओपन पुरुष किकेट प्रतियोगिता होगी 27 जनवरी से

**नैनीताल।** खेल निदेशालय उत्तराखण्ड देहरादून के तत्वावधान में जिला प्रशासन एवं जिला खेल कार्यालय जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी (नैनीताल) द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में 27 जनवरी से 14 फरवरी तक फ्लैट्स मैदान में नैनीताल लोकल ओपन पुरुष किकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बता दें प्रतियोगिता में नैनीताल लोकल की 32 टीमें प्रतिभाग करेगी जिन्हें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निरूशुल्क प्रवेश दिया जाएगा। किकेट प्रतियोगिता में खेल विभाग के मानकों के अनुरूप खिलाडियों को पुरस्कार, उपकरण तथा बॉल आदि अन्य सुविधायें मुहैया करायी जायेगी।

# पाषाण देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव कल से

- मंदिर परिसर में मालपुए बनने का कार्य प्राथमिकता से



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के ठंडी सडक स्थित प्रसिद्ध श्री मां पाषाण देवी मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह 19 जनवरी (सोमवार) से शुरु होने जा रहा है। वार्षिकोत्सव के चलते जहां मंदिर परिसर में रंग रोगन समेत अन्य अन्य सजावटी कार्य पूरे कर लिए गए हैं वहीं मंदिर परिसर में बीते तीन दिनों से वार्षिकोत्सव के दौरान भक्तों को प्रसाद के रुप में वितरित किए जाने वाले मालपुएं बनाने का कार्य इन दिनों प्राथमिकता से चल रहा है,करीब डेढ़ दर्जन से अधिक भक्तों की टोली इस धार्मिक कार्य में भक्तिभाव से जुटी हुई है। मंदिर के पुजारी पंडित जगदीश भट्ट के मुता. बिक अमित, नवीन, प्रमोद, दीपक, पंकज, धीरज, आरुष, अर्जुन, मोहित, मोहन, उपेंद्र, जिगर, गोविन्द, गंगा, त्रिलोक, अभिषेक तथा गौरव आदि भकतों की टोली इन दिनों मंदिर परिसर में मालपुएं समेत अन्य सजावटी कार्यो को अंतिम रुप देने में प्राथमिकता से जुटी है। पुजारी भट्ट ने बताया कि 19 जनवरी यानी सोमवार को पहले दिन सुबह 8 बजे से श्री गणेश पूजन, शिव पूजन व रुद्री पाठ, अपराह्न एक बजे से सुंदरकांड के बाद भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण जबकि शाम को 7 बजे से पंच आरती होगी। इसी तरह से अगले दिन 20 जनवरी यानी मंगलवार को सुबह 7 बजे से गणेश पूजन, पंचागी कर्म, राम परिवार का पूजन के बाद अखंड रामायण पाठ की शुरुआत होगी वही शाम को 7 बजे से पंच आरती के बाद भजन कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण होगा वहीं अंतिम दिन 21 जनवरी यानी बुधवार को सुह के समय पूजन, अखंड रामायण पाठ की समाप्ति के बाद हवन व पूर्णाहुति के बाद अपराह्न एक बजे से कन्या पूजन के बाद दो बजे से श्री मां का समिष्ट भंडारा शुरु होगा जो देर शाम तक चलेगा। भट ने सभी भकतों से तीन दिनी वार्षिकोत्सव में तन-मन-धन से सहयोग देने की गुजारिश की है।

# यूओयू में प्रयोगात्मक कार्यशाला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित एमएससी (पर्यावरण विज्ञान) के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की प्रयोगात्मक कार्यशाला के दौरान शनिवार को कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने शिक्षार्थियों के साथ संवाद किया। उन्होंने पर्यावरण विज्ञान विषय के वर्तमान समय में उपयोगिता, आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार दिल्ली एवं अन्य बड़े शहरों में लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है और जलवायु परिवर्तन के साक्ष्य हमें आपदाओं एवं अन्य रूपों में देखने को मिल रहे है, उसके लिए यह अति आवश्यक है कि हम पर्यावरण के प्रति सवंदेनशील हो। निदेशक भौमिकी एवं पर्यावरण विज्ञान प्रो. पीडी पंत ने कहा कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा माध्यम में प्रयोगात्मक कार्यशाला पर्यावरण विज्ञान विषय के लिए महत्वपूर्ण है, जिसमें प्रायोगिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी अति आवश्यक है। डा. एचसी जोशी ने प्रयोगात्मक कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला एक सप्ताह तथा दो चरणों में आयोजित की जा रही है, जिसके तहत प्रथम चरण में प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के लगभग 50 शिक्षार्थी प्रतिभाग कर रहे है। उक्त शैक्षणिक भ्रमण के तहत विभाग की सहायक प्राध्यापक डा. बीना तिवारी फुलारा, डा. प्रीति पंत एवं डा. खष्टी डसीला के मार्गदर्शन में शिक्षार्थियों को खगोल-भौतिकी एवं वायुमंडलीय विज्ञान के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख अनुसंधान केंद्र आर्यभट्ट प्रेक्षणीय विज्ञान अनुसंधान संस्थान, मनोरा पीक नैनीताल का भ्रमण कराया गया। संवाद कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक डा. एचसी जोशी ने किया। इस दौरान डा. बीना तिवारी फुलारा, डा. कृष्ण कुमार टम्टा, डा. नेहा तिवारी, डा. प्रीति पंत, डा. खष्टी डसीला, डा. दीप्ति नेगी आदि मौजूद रहे।

## शिक्षार्थियों को मिली पुरस्कार राशि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य के रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित विश्वविद्यालय राज्य स्तरीय मुख्य संगीत वाद्ययंत्र (एकल वादन) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के संगीत, नृत्य एवं कला प्रदर्शन विभाग के स्नातक तृतीय सेमेस्टर (तबला) के शिक्षार्थी राहुल को 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। यह पुरस्कार कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने प्रदान किया।

# इफेटिव सेल्स एंड मार्केटिंग स्ट्रेटेजीज पर व्याखयान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के इनोवेशन एवं इन्यूबेशन सेंटर द्वारा शनिवार को इफेटिव सेल्स एंड मार्केटिंग स्ट्रेटेजीज विषय पर व्याखयानमाला का आयोजन किया गया। व्याखयानमाला के मुखय वद्रा प्रो.अमित जोशी रहे। इससे पूर्व प्रो. आशीष तिवारी निदेशक इनोवेशन एवं इन्यूबेशन सेंटर कुमाऊँ विश्वविद्यालय ने औपचारिक रूप से मुखय वक्ता एवं सभी प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया जबकि संचालन प्रो. ललित तिवारी ने किया। मुख्य वक्ता प्रो.अमित जोशी द्वारा बताया गया कि मार्केटिंग के चार बनियादी सिद्धांत यथा उत्पाद, मूल्य, स्थान एवं प्रचार हैं। स्तकेहोल्डर्स का सर्टिस्फिकेशन ही प्रॉपर मार्केटिंग है। प्रो. जोशी ने कहा कि किसी भी प्रोडेकट को लॉच करने से पहले ग्राहक की जरुरत को ध्यान मे रखना चाहिए, कहा कि मार्केटिंग के दूसरे चरण में पोटीशियल कस्टमर की पहचान करनी चाहिए जिसे निक कहा जाता है उन्हें एप्रोच करनी चाहिए।कहा कि मार्केटिंग की प्रथम स्टेज में सरवाईव करना चाहिए और सीखना मार्केटिंग का पहला लक्ष्य होना चाहिए। मार्केटिंग में लोगो को पहचानना एक फोंडेशन बनाना और अलग अलग चौनल बनाने की जरुरत होती है। अंत में प्रो. ललित तिवारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रो. गीता तिवारी, डा. रीना सिंह, डा. हरीप्रिया पाठक, डा. लज्जा भट्ट, डा. श्रुति साह, डा. नंदन सिंह, डा. हर्ष चौहान, डा. दलीप कुमार, ड. ऋचा गिनवाल, डा. नवीन पाण्डे तथा डा. हृदेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## हरियाणा की टीम पहुंची गन्ना किसान संस्थान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** टेक्नोलॉजी मिशन ऑन सुगरकेन प्रोग्राम के तहत हरियाणा के अंबाला क्षेत्र से 10 सदस्य किसानों की एक टीम इंटर स्टेट एक्सपोजर विजिट ऑफ फार्मर के तहत मिस अपूर्वा, सहायक गन्ना विकास अधिकारी अंबाला के नेतृत्व में 10 दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत गन्ना किसान संस्थान एवं प्रशिक्षण केंद्र, काशीपुर में अपना विजिट किया। गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक निलेश कुमार द्वारा इनका स्वागत किया गया। इनके द्वारा गन्ना शोध केंद्र एवं प्रशिक्षण केंद्र का भ्रमण किया गया तथा गन्ना किसान संस्थान में वार्ता द्वारा इन्हें गन्ना विकास विभाग की योजनाएं और गना उत्पादनके विभिन्न पहलुओं तथा उनके विकास से अवगत कराया गया। सहायक निदेशक नितेश कुमार ने बताया कि गन्ना में दूरी तथा गहराई का प्रमुख रूप से महत्व है तथा किसानों को इसका पालन करना चाहिए तभी उपज की बढ़ोतरी में मदद मिलेगी। इस मिशन में जो किसान रहे उनमें शमशेर सिंह ,सुरेश नाथ, हंसराज सैनी ,कुलदीप, बलजोरी आदि शामिल रहे।

## प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव हेतु सदस्यता अभियान शुरू

**काशीपुर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनावों हेतु आज से सदस्यता अभियान की शुरुआत हो चुकी है। आपको बता दें काशीपुर इकाई के चुनावों के लिए अब वोटर और सदस्यों की संख्या सुनिश्चित करने के लिए अब सदस्यता अभियान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा आज मीटिंग में हुई। इसी के साथ कुमाऊं प्रभारी अश्विनी छाबड़ा ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए वही व्यापारी खड़ा हो सकेगा जिसकी उम्र कम से कम 35 वर्ष हो और चुनावों के लिए जो पद सुनिश्चित किए गए हैं उसमें अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष शामिल हैं। आज इस बैठक में कुमाऊँ प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष अश्विनी छाबड़ा, प्रदेश मीडिया प्रभारी दिलप्रीत सेठी, जिला महामंत्री जतिन नरूला, युवा महामंत्री पवनीत सिंह व सदस्य राजीव परनामी मौजूद रहे।

# सीआइएसपी कार्यशाला का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**




**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी की मेडिकल एजुकेशन यूनिट द्वारा आयोजित दो दिवसीय पाठ्यक्रम कार्यान्वयन सहायता कार्यक्रम कार्यशाला का सफल समापन कॉलेज के लेक्चर थियेटर में किया गया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 30 चिकित्सक शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक शिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को नवीन चिकित्सा पाठ्यक्रम की रूपरेखा, सतत एवं समग्र मूल्यांकन, दक्षता आधारित चिकित्सा शिक्षा, आधुनिक शिक्षण तकनीकें तथा पाठ्यक्रम के प्रभावी एवं व्यवहारिक कार्यान्वयन से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. जीएस तितियाल, प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम चिकित्सक शिक्षकों की अकादमिक दक्षता को सुदृढ़ करने के साथ-साथ शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, आधुनिक एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कार्यशाला के दौरान अर्जित ज्ञान एवं अनुभव का उपयोग प्रतिभागी शिक्षक अपने शिक्षण कार्य में करेंगे, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी। कार्यशाला के दौरान सभी प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई एवं विभिन्न सत्रों में विचार-विमर्श कर अपने अनुभव साझा किए। समापन सत्र में प्रतिभागी चिकित्सकों एवं रिसोर्स फैकल्टी सदस्यों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डा. अल्पा गुप्ता (प्रोफेसर, बाल रोग विभाग, हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज), डा. पंकज सिंह, डा. सौरभ अग्रवाल, डा. आरजी नौटियाल, डा. पंकज वर्मा, डा. साधना अवस्थी, डा. ऊषा जोशी सहित अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## विभिन्न मुद्दों को लेकर सभासदों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर पालिका परिषद रामनगर के सभासदों ने विभिन्न मुद्दों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम को दिया।

शनिवार को दिए गए ज्ञापन में सभासदों ने उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार को बताया कि रामनगर क्षेत्र में लोगों को जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड बनवाने और आधार कार्ड अपडेट करवाए जाने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।उन्होंने बताया कि महिलाओं को इधर-उधर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं क्योंकि नगर क्षेत्र में लगभग मात्र तीन आधार कार्ड केंद्र स्थापित हैं जो काफी कम है और तीनों सेंटरों पर भारी भीड़ रहती है। जिससे आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।सभासदों ने समस्याओं को देखते हुए नगर पालिका प्रांगण में भी एक आधार केंद्र स्थापित करने की मांग की गई।उपजिलाधिकारी द्वारा जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया।इस दौरान सभासद तनुज दुर्गापाल, सभासद शमीम अहमद, सभासद सचिन कुमार, सभासद शिवी अग्रवाल, विक्रम भट्ट, सभासद नवीन सुनेजा, सलमान सलमानी, सभासद नदीम अंसारी, सभासद सोनू करीम, सभासद प्रतिनिधि हेमन्त विष्ट, सभासद प्रतिनिधि जफर इकबाल, परवेज सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

# युवक की हत्या को लेकर हंगामा, धरने पर बैठे परिजन

### ठुकराल की मध्यस्थता और पुलिस के आश्वासन के बाद शांत हुए लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रम्पुरा निवासी युवक मलखान की नृशंस हत्या के मामले में शनिवार को परिजनों और रम्पुरावासियों का धैर्य जवाब दे गया। हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोशित लोगों ने पोस्टमार्टम हाउस पर जोरदार प्रदर्शन किया और शव लेने से इनकार करते हुए वहीं धरने पर बैठ गए। काफी देर तक चले हंगामे के बाद पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की मध्यस्थता और पुलिस अधिकारियों द्वारा जल्द खुलासे के भरोसे के बाद ही परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए।



उल्लेखनीय है कि रम्पुरा वार्ड-22 निवासी 45 वर्षीय मलखान का रक्त रंजित शव शुक्रवार शाम प्रीत विहार फाजलपुर महरौला के पास झाड़ियों में बरामद हुआ था। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान भारी संख्या में रम्पुरा के निवासी पोस्टमार्टम हाउस परिसर में एकत्र हो गए। परिजनों का आरोप था कि पुलिस आरोपियों को पकड़ने में ढिलाई बरत रही है। इसी बात से नाराज होकर परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और अस्पताल के बाहर ही धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिससे अस्पताल परिसर में काफी देर तक गहमागहमी बनी रही। हंगामे की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक राज. कुमार ठुकराल मौके पर पहुंचे और परिजनों को समर्थन देते हुए पुलिस अधिकारियों से वार्ता की। ठुकराल ने पुलिस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि शहर में अपराध बढ़ रहे हैं और पुलिस को इस मामले में तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही हत्यारों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वह स्वयं कोतवाली में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर होंगे। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को शांत कराने का प्रयास किया और बताया कि मामले की जांच के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं।

पुलिस ने खुलासा किया कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और बहुत जल्द असली कातिल सलाखों के पीछे होंगे। इस पुख्ता आश्वासन के बाद ही परिजन शव का अंतिम संस्कार करने को राजी हुए और धरना समाप्त किया गया। इस दौरान मृतक की पत्नी कौशल्या, बेटी सलोनी, राजमणि, दीपक कोली, चेतन प्रकाश, सोनू कोली, अनीता, राज मुनि कोली समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

**एक नजर**

## सड़क हादसे में आईटीबीपी जवान की मौत, पिता घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर खनन के डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक आईटीबीपी का जवान था। इन दिनों अवकाश पर घर आया था।

**लेह लद्दाक में था तैनात, छुट्टी पर आया था घर**

शुक्रवार की सायं 32 वर्षीय त्रिलोकी कुमार अपने पिता ओम प्रकाश के साथ खटीमा चंदेली से बाइक से लौट रहे थे। हाईवे पर बघौरा के पास डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में त्रिलोकी कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उनके पिता ओम प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए। त्रिलोकी आईटीबीपी में इन दिनों लेह लद्दाक में तैनात थे। उन्हें एक फरवरी को वापस लौटना था। त्रिलोकी का एक पुत्र व एक पुत्री है। पत्नी व मां का रो-रोक बुरा हाल है। सूचना मिलते ही कैलाशपुरी से लोग अस्पताल पहुंचे। लोगों में क्षेत्र में काल बने ओवरलोड खनन वाहनों में रोष है।

## हनुमंत कथा में उमड़े भक्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** आदर्श कॉलोनी स्थित श्री बाला जी मन्दिर में श्री हनुमंत कथा का आयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ किया गया। कथा के अंतिम दिन पूर्व पालिका अध्यक्ष और कांग्रेस की बरिष्ठ नेत्री मीना शर्मा ने भी अपने साथियों के साथ मन्दिर पहुंचकर श्री हनुमंत कथा का श्रवन किया। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने कथा व्यास आचार्य व्रजरज अभिषेक बशिष्ठ महाराज का फूल मालाएं पहनाकर और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदीप गुप्ता, पूनम गुप्ता, अरविंद सक्सेना आदि उपस्थित थे।



## 19 जनवरी को नौसर में होगी बृहद पशु प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरआर चन्तोला ने एक पत्र जारी कर 19 जनवरी 2026 को ग्राम नौसर के राजकीय पशु सेवा केंद्र के प्रांगण में आयोजित होने वाली बृहद पशु प्रदर्शनी में क्षेत्र के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया है। यह प्रदर्शनी प्रात: 9 बजे से प्रारंभ होगी। पशु चिकित्सा अधिकारी चन्तोला ने क्षेत्र के पशुपालकों से इस प्रदर्शनी का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

## वरिष्ठ व्यवसायी देवेन्द्र जुनेजा राजू की माता का हुआ निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** वरिष्ठ व्यवसायी देवेन्द्र जुनेजा राजू की माता स्वर्णा रानी 87 पत्नी मदन लाल जुनेजा का अकस्मात निधन हो गया है। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। सायं चार बजे नगर स्थित मुक्तिधाम में हुई अंत्योष्टि में चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र देवेन्द्र जुनेजा राजू ने दी। इस दौरान शोक संवेदना व्यक्त कर श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ रही। वहां रक्षित जुनेजा, अक्षित जुनेजा, सुभाष बत्रा, अशोक बत्रा, दीपक बत्रा, अनिल बत्रा, सुनील बत्रा, मोनिक बत्रा, रमेश चंद्र जोशी रामू , गणेश ठकुराठी, भुवन जोशी, पवन अरोड़ा, राजेश छाबड़ा, वरुण अग्रवाल, रंजन अग्रवाल, राकेश गुम्बर, घनश्याम अग्रवाल, डॉ मनोज बतरा, राजीव अग्रवाल, हरभजन सिंह खिंण्डा, हरप्रीत सिंह महल, सतीश भट्ट, बाबी राठौर आदि मौजूद थे।

## काशीपुर बाईपास और ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में किया अतिक्रमण ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने शनिवार को सख्त कार्रवाई करते हुए काशीपुर बाईपास रोड के दोनों ओर और ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में सड़क किनारे नालियों के ऊपर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने दो दुकानदारों के चालान काटे, जबकि कई ठेली व फड़ लगाने वालों को मौके से हटाया गया।

नगर निगम की 10 सदस्यीय विशेष टीम ने अभियान चलाकर काशीपुर बाईपास रोड पर दुकानों के सामने लगे बोर्ड, फ्लेक्सी और अस्थायी ढांचे हटाए। वहीं ट्रांजिट कैम्प में नालियों के ऊपर किए गए अवैध निर्माण भी हटाए गए।

इस दौरान अतिक्रमण में प्रयुक्त सामग्री जब्त की गई। नगर निगम के अवर अभियंता शिखर ओझा ने बताया कि कार्रवाई से पूर्व संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी। बावजूद इसके अतिक्रमण नहीं हटाया गया, जिस पर यह कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि अब प्रतिदिन अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

## रामनगर एनएच पर हाथी की दस्तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** नेशनल हाईवे-309 पर धनगढ़ी क्षेत्र में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक जंगली हाथी अचानक बीच सड़क पर आ खड़ा हुआ। हाथी के सड़क पर डटे रहने से हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात कई घंटों तक पूरी तरह बाधित रहा।

**घंटों लगा जाम, राहगीरों में रही दहशत**

अचानक हाथी के सामने आ जाने से वाहन चालकों और राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया। जाम में फंसे लोग डर और असमंजस की स्थिति में नजर आए। कई वाहन चालकों ने एहतियातन अपने वाहन वहीं रोक दिए, जबकि कुछ लोग सुरक्षित स्थान की तलाश करते दिखे। लंबा जाम लगने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।इस दौरान कुछ लोगों ने हाथी को अपने मोबाइल फोन में कैद किया, वहीं कुछ युवाओं ने लापरवाही बरतते हुए जोखिम उठाकर हाथी के पास जाकर सेल्फी लेने की कोशिश भी की, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही।काफी देर तक शोर-शराबा और लोगों की हलचल के बाद हाथी स्वयं सड़क से हटकर जंगल की ओर चला गया। हाथी के जंगल में जाने के बाद प्रशासन और पुलिस की मदद से यातायात को धीरे-धीरे सुचारु कराया गया, तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। रामनगर वन प्रभाग के एसडीओ अंकित बडोला ने लोगों से अपील की कि इस तरह की घटनाओं के दौरान संयम बनाए रखें और जंगली जानवरों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हाथियों के सामने शोर-शराबा करना या उनके पास जाना बेहद खतरनाक हो सकता है।वन विभाग ने यह भी चेतावनी दी कि जंगल से सटे इलाकों में यात्रा करते समय विशेष सतर्कता बरतें और किसी भी जंगली जानवर के दिखाई देखना पर तुरंत प्रशासन या वन विभाग को सूचना दें, ताकि किसी प्रकार की जनहानि से बचा जा सके।

## स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत डा. ईश कुमार डल्ला (साइकेट्रिस्ट). जिला चिकित्सालय रुद्रपुर द्वारा कमांडेंट का कार्यालय, 15वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल भारत सरकार (गृह मंत्रालय) गदरपुर, उधम सिंह नगर में स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यशाला आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला में तनाव के कारण जैसे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याए, काम का दबाव या असंतोषजनक काम का वातावरण,संबंधों में समस्या, आर्थिक समस्याएं, अनिश्चितता और भविष्य की चिंता के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी।




तनाव के लक्षण के बारे में जैसे तनाव, बेचौनी और चिंता, नींद की समस्या, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, शारीरिक समस्याएं जैसे कि सिरदर्द, पेट की समस्या आदि, मूड में बदलाव विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी है। डा. ईश कुमार डल्ला (साइकेट्रिस्ट) जिला चिकित्सालय रुद्रपुर द्वारा तनाव को कम करने के लिए उपाय जैसे सांस लेने के व्यायाम, मेडिटेशन और योग, सकारात्मक सोच, सामाजिक समर्थन, स्वस्थ आहार: स्वस्थ आहार लें और पर्याप्त नींद लें । इससे आपका शरीर और मन स्वस्थ रहेगा, व्यायाम: नियमित व्यायाम इत्यादि माध्यम से तनाव को कम किया जा सकता है। इस विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई है। कमांडेंट का कार्यालय 15वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल भारत सरकार (गृह मंत्रालय) गदरपुर, उधम सिंह नगर 110 अधिकारी एसआई एवं कार्मिको द्वारा प्रतिभाग किया गया। किसी भी मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या होने पर मनोचिकित्सक से परामर्श हेतु सम्पर्क स्थापित करना चाहिए। नशे से होने वाले नुकसान एवं जीवन शैली में होने वाले प्रभाव के बारे में अधिकारी एवं कार्मिकों को जागरूक रहने पर चर्चा की गई है तथा मानसिक स्वास्थ्य का मजबूत होना जरुरी है।

इस अवसर पर 15वीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल भारत सरकार (गृह मंत्रालय) गदरपुर, उधम सिंह नगर से संतोष कुमार (कमांडेंट) 15 वाहिनी, एनडीआरएफ डा. राजेंद्र जोशी, डा. प्रमेंद्र कुमार सिंह, डा. मोहिनी आर्या, सुनील कुमार, रोहिताश्व: मिश्रा, दीपक भट्ट, मनोज जोश, भूपेंद्र कोटनाला, राजकुमार एवं समस्त कमांडेंट/कार्मिक उपस्थित रहे।

## गदरपुर विधायक अरविंद पांडे के भाइयों व रिश्तेदारों पर लैंड फ्रॉड का आरोप

- बहादुरगंज निवासी संजय कुमार बंसल ने की कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम बिचपुरी क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर बीते दिनों गंभीर आरोप सामने आए थे। उसके बाद अब बहादुरगंज, बाजपुर निवासी संजय कुमार बंसल ने शनिवार को प्रभारी निरीक्षक, एसडीएम बाजपुर को प्रार्थना पत्र सौंपकर गदरपुर विधायक अरविंद पांडे के भाइयों व रिश्तेदारों समेत कुछ लोगों पर जमीन हड़पने, फर्जी दस्तावेज तैयार कराने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।



पीड़ित के अनुसार उनकी ग्राम मुंडिया पिस्तौर स्थित भूमि खसरा संख्या 417 है, जिसमें से 417/6 मीटर भूमि आपसी रजामंदी से जय प्रकाश तिवारी को देखरेख व कार्य के लिए दी गई थी। आरोप है कि 21 जुलाई 2025 को उन्हें प्राधिकरण द्वारा मौके पर बुलाया गया, जहां निर्माण को अवैध बताते हुए नोटिस दिया गया। इसी दौरान मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने उनके साथ अभद्रता की और जमीन पर अपना अधिकार जताते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि आरोपितों द्वारा फर्जी स्टांप और कागजात दिखाकर जमीन हड़पने का प्रयास किया जा रहा है और लगातार दबाव बनाया जा रहा है। संजय बंसल ने स्वयं को बीपी का मरीज बताते हुए किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में संबंधित लोगों को जिम्मेदार ठहराने की मांग की है। पीड़ित ने संबंधित लोगों के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। साथ ही, उन्होंने गदरपुर विधायक अरविंद पांडे और उनके भाई अमर पांडे पर जमीन में धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। शिकायत के साथ स्टांप की छायाप्रति और प्राधिकरण का नोटिस भी संलग्न किया गया है। पीड़ित ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है और कहा है कि उन्हें विधायक, उनके भाइयों व रिश्तेदारों से जान का खतरा है। यदि कुछ भी होता है तो इसकी जिम्मेदारी वही होंगे।

## खटीमा मुख्य मार्गों का नगर पालिका सीमा तक होगा चौड़ीकरण

- जाम से निजात और सौंदर्यीकरण हेतु हो रही है कवायद
- एनएच, पीडब्ल्यूडी, वन विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग, जल संस्थान एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आदेश के क्रम में मुख्य चौक से नगर पालिका सीमा तक प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण को लेकर शनिवार को एनएच, राजस्व विभाग, वन विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग, जल संस्थान एवं लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने अपर जिला अधिकारी पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में स्थलीय निरीक्षण किया। अपर जिला अधिकारी उपाध्याय व नगर पालि. का अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ सबसे पहले पीलीभीत रोड के मुख्य चौक से पीलीभीत रोड के चार किलोमीटर फोन लेन सड़क निर्माण किए जाने हेतु स्थलीय निरीक्षण किया। इसके उपरांत टनकपुर रोड, सब्जी मंडी, सितारग. ंज रोड पहुंच कर रोड चौड़ीकरण की संभावनाओं व निर्माण स्थल पर अतिक्रमण सहित विभिन्न पहलुओं को लेकर निरीक्षण किया। वहीं नगर में मुख्य चौक से पीलीभीत रोड, टनकपुर रोड एवं सितारगंज रोड फोन लेन निर्माण की जल्द से जल्द शुरू किए जाने हेतु विभागीय सहमति भी बनी। अपर जिला अधिकारी पंकज उपाध्याय ने इस मौके पर मीडिया को बताया कि मुख्यमंत्री के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर आज उन्होंने खटीमा नगर को जाम से निजात दिलाने हेतु नगर के पीलीभीत रोड, टनकपुर रोड एवं सितारगंज रोड को फोर लेन किए जाने हेतु स्थलीय निरीक्षण किया है। उन्होंने कहा कि पीलीभीत रोड पर मुख्य चौक से चार किलोमीटर तक, मुख्य चौक से टनकपुर रोड बाईपास तक फोर लेन सड़क निर्माण हेतु चौड़ीकरण होना है। जबकि मुख्य चौक से सितारगंज रोड फोर लेन का प्रस्ताव पहले से ही शासन में प्रस्तावित है। वहीं खटीमा कोतवाली से सब्जी मंडी होते हुए टनकपुर रोड तक नए वैकल्पिक मार्ग निर्माण को लेकर भी निरीक्षण किया गया है। प्रशासन के तीन प्रस्ताव पहले से ही लाइन में है। वहीं दो नए प्रस्तावों पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नगर की सड़क चौड़ीकरण पर कार्य शुरू हो जाएगा जिससे नगर को जाम से निजात मिलेगी। रोड चौड़ीकरण के साथ ही रोड के बीच में डिवाइडर एवं सौंदर्यीरण का भी कार्य कराया जाएगा। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी द्वारा खटीमा नगर को सुंदर एवं आदर्श नगर बनाने की कवायद शुरू की जा चुकी है। इसी के तहत प्रशासनिक हलचल शुरू हो चुकी है। जल्द ही खटीमा नगर के सभी प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण के कार्य को शासन द्वारा शुरू कर नगर की लंबे समय से चली आ रही जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही खटीमा नगर स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श नगर के रूप में हमारे सामने होगा। आपको बता दे कि मेलाघाट रोड चौड़ीकरण का कार्य जारी है। रेलवे फाटक से मेलाघाट तक लगभग 50 प्रतिशत कार्यदाई संस्था द्वारा कार्य कराया जा चुका है जिसमें रोड के दोनों तरफ 5 फीट सड़क चौड़ी की जा रही है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, एनएच हल्द्वानी अधीक्षण अभियंता हरीश पांगती, विद्युत विभाग के एसडीओ अंबिका यादव, वन विभाग की एसडीओ संचिता वर्मा, जल संस्थान के उच्च अधिकारी सहित शुभम पटवा, अर्पित कॉलोनी तथा कमलजीत चौहान आदि उपस्थित रहे।

> खटीमा में जाम की समस्या से निजात हेतु रोड चौड़ीकरण के लिए एक व्यापक प्लान तैयार करने हेतु मुख्यमंत्री द्वारा डीएम ऊधम सिंह नगर को आदेशित किया गया था। इसी क्रम में आज डीएम के निर्देश पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया गया है। मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण के साथ ही खटीमा कोतवाली से सब्जी मंडी होते हुए टनकपुर रोड तक चौड़ीकरण कर मिनी बायपास बनाने हेतु भी स्थलीय निरीक्षण गया है।
>
> **पंकज उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी, उधम सिंह नगर**
>
> मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हमारे अनुरोध पर जनहित में इस मांग को ध्यान में रखते हुए संज्ञान लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में आज अधिकारियों द्वारा खटीमा पहुंचकर प्रस्तावित फोर लेन मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। यह कदम क्षेत्र के विकास, यातायात सुविधा और आम जनता के हित में एक महत्वपूर्ण पहल है। जल्द ही खटीमा नगर स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श नगर के रूप में हमारे सामने होगा।
>
> **रमेश चंद्र जोशी, अध्यक्ष, नगर पालिका, खटीमा**

## अवैध अतिक्रमण के खिलाफ करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** करणी सेना ने करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एसडीएम प्रमोद कुमार को ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि ग्राम ढिकुली में वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।प्रदेश अध्यक्ष सूरज चौधरी ने कहा कि उक्त क्षेत्र में द ग्रिल कबाब ट्रीट होटल के स्वामी द्वारा वन भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है।उन्होंने इस मामले की जांच पर निर्माण कार्य पर रोक लगाने के साथ ही कार्रवाई करने की मांग की है।

एसडीएम द्वारा इस मामले में संगठन के कार्यकर्ताओं को जांच कर कार्रवाई करने का भरोसा दिया गया।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष करणी सेना सूरज चौधरी, प्रदेश महामंत्री हरीश प्रकाश,अजीम खान,सुभाष चंद्रा, कल्पना वर्मा,प्रशांत तिवारी, हिरदेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य जांच से ना छूटे एक भी बच्चा: सीएमओ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सभागार मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी उधम सिंह नगर डा. केके अग्रवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा एवं समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समन्वय बैठक बाल विकास परियोजना एवं शिक्षा विभाग के मध्य आयोजित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, बाल विकास परियोजना अधिकारी आश नेगी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरेंद्र मलिक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीपी सिंह उपस्थिति रहे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केके अग्रवाल द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताते हुए एक भी बच्चा स्वास्थ्य जांच से ना छूटे। इस लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु टीमों को कहा गया। जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के मध्य समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने हेतु टीमों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का वचन दिया गया। जिला बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केदो में स्क्रीनिंग हेतु आंगनबाड़ी केंद्रों एवं के मध्य सूचनाओं का समुचित तंत्र विकसित करने एवं शत प्रतिशत उपस्थिति का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक पूरनमल एवं जावेद अहमद द्वारा जिले के आरबीएस की टीमों की रिपोर्टिंग को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत मे सभी सदस्यों को 'स्वस्थ बालक सुरक्षित भविष्य' थीम को अपनाकर उधम सिंह नगर को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास करें। समीक्षा बैठक में हिमांशु मस्यूनी, डीएस भंडारी, चांद मियां, पूरन मल, जावेद अहमद आदि उपस्थित रहे।

## नव नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा की एक बैठक रामनगर में भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में नव नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सैयद अली नकवी ने कहा कि जल्द ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा संगठन का विस्तार किया जाएगा।जिला नैनीताल के संगठन विस्तार को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने सभी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाने के लिए कहा है।उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार विकास हो रहा है।सबका साथ और सबका विकास के बल पर सरकार चल रही है।भाजपा सरकार सभी धर्मों और वर्गों का सम्मान करती है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आपसी मनमुटाव भुलाकर एक जुट होकर चुनाव में जुट जाने को कहा है।इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कुमाऊं मंडल संयोजक जहीर अंसारी,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन,प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन,भाजपा नेता शमशाद हुसैन,प्रदेश महामंत्री मेहमूद हसन बंजारा,पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अंसारी,पूर्व प्रदेश मंत्री अजीज खान,नफीस अहमद,नाजिम अहमद, अली जान आदि मौजूद रहे।

# जनसुविधा में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त: डीएम

■ शीतकाल को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पिथौरागढ़ जनपद में शीतकाल एवं संभावित बर्फबारी को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने समस्त संबंधित विभागों को पूरी तरह सतर्क रहते हुए जनसुविधा एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उपजिलाधिकारियों, नगर निकायों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रमुख चौराहों, सार्वजनिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में अलाव जलाने की प्रभावी व्यवस्था की जाए। साथ ही रैनबसेरों में पर्याप्त बिस्तर, कंबल, प्रकाश एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएँ, ताकि ठंड के कारण किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो।

उन्होंने जरूरतमंद, असहाय एवं बेघर व्यक्तियों को समयबद्ध रूप से कंबल वितरण सुनिश्चित करने तथा शीतलहर से बचाव हेतु सभी आवश्यक एहतियाती कदम तत्काल उठाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीतकाल एवं बर्फबारी की स्थिति में पर्यटक स्थलों, होटलों, गेस्ट हाउसों एवं अन्य आवासीय इकाइयों में हीटिंग, बिजली, पानी एवं आवश्यक सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने सड़क मार्ग से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि शीतकाल एवं बर्फबारी के दौरान यदि कहीं भी सड़क मार्ग अवरुद्ध होता है तो उन स्थानों पर तत्काल स्नो-कटर, जेसीबी एवं अन्य आवश्यक मशीनरी तैनात कर मार्ग को शीघ्र सुचारु कराया जाए, ताकि आवागमन बाधित न हो और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शीतकाल के दौरान जनहित से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## इंजी.ललित शौर्य को बरेली में मिला नुपुर साहित्य सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** चर्चित बाल साहित्यकार, सुप्रसिद्ध उद्घोषक इंजी. ललित शौर्य को गोहित संस्था बरेली द्वारा सम्मानित किया गया। उत्तरायणी मेला बरेली के मंच पर गोहित संस्था एवं इफको द्वारा इंजी. शौर्य को पुष्प गुच्छ, शाल,स्मृति चिह्न आदि भेंट कर सम्मानित किया गया।

गोहित संस्था के फाउंडर आनंदमणि रतूड़ी ने कहा कि इंजी. ललित शौर्य बाल साहित्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रहे हैं।इनका लेखन प्रेरित करने वाला है। बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी इनकी रचनाएँ पाथेय प्रदान करती हैं। शौर्य मोबाईल नहीं, पुस्तक दो अभियान की मुहिम छेड़े हुए हैं, जो युगानुकूल है। इनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर गोहित संस्था इन्हें नुपुर बाल साहित्य सम्मान से सम्मानित करती है। उत्तरायणी जनकल्याण समिति के अध्यक्ष अमित कुमार पंत ने कहा कि इंजी. ललित शौर्य प्रतिभावान साहित्यकार एवं तेजस्वी उद्घोषक हैं। इनकी लेखनी समाज का मार्गदर्शन करती है।

इस अवसर पर गोहित संस्था से जुड़े भुवन पांडेय,नरेश कार्की , उत्तरायणी जनकल्याण समिति के महासचिव मनोज पांडेय, मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र शर्मा,तारा दत्त जोशी समेत कई लोग उपस्थित थे।

एक नजर

## तीमारदारों के लिए रैन बसेरे का हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

सीएमओ डा. देवेश चौहान ने किया उद्घाटन

**लोहाघाट।** राजकीय उप जिला चिकित्सालय लोहाघाट में रोगियों के तीमारदारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चिकित्सालय प्रशासन द्वारा उनके ठहरने की समुचित व्यवस्था कर दी गई है। नागरिक सुविधाओं के विस्तार की कड़ी में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. देवेश चौहान द्वारा चिकित्सालय परिसर में तीमारदार रैन बसेरे का शुभारंभ किया गया।

रैन बसेरे में तीमारदारों के लिए चार बेड लगाए गए हैं, साथ ही उनके ठहराव हेतु सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे वे अपने रोगियों की बेहतर देखभाल कर सकें। उद्घाटन के पश्चात सीएमओ डॉ. चौहान ने चिकित्सालय परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सालय में सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विराज राठी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए उनकी पीठ थपथपाई। इस अवसर पर फिजिशियन डा. राकेश जोशी, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. धनंजय पाठक, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शोर्य, निर्मल मुरारी, उमेश पंत सहित अन्य चिकित्सक एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

## डम्पर छीने जाने व 6.50 लाख की ठगी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पीड़ित ने कोतवाली बाजपुर में कार्रवाई की मांग

**बाजपुर।** काशीपुर तहसील के ग्राम कुडेश्वरी निवासी निर्मल सिंह ने डम्पर मालिक अरूण कुमार पर डम्पर छीनने, मारपीट कराने और लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पीड़ित ने शनिवार को कोतवाली बाजपुर में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

निर्मल सिंह के अनुसार वह पिछले करीब 11 माह से अरूण कुमार पुत्र प्रेम कुमार निवासी बुलंदशहर का 18 टन का डम्पर (रजिस्ट्रेशन नंबर UP13DT2984) चला रहा था। बाद में दोनों के बीच पार्टनरशिप की बात तय हुई। आरोप है कि 15 जनवरी 2026 को जब निर्मल सिंह ने उक्त डम्पर पर ड्राइवर राजवेन्द्र सिंह को भेजा, तो अरूण कुमार ने उसके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करवा दी। इसके बाद मुरादाबाद बाइपास पर राजवेन्द्र सिंह के साथ मारपीट कर डम्पर जबरन छीन लिया गया। पीड़ित का कहना है कि पार्टनरशिप के नाम पर उसने अरूण कुमार को लगभग 6 लाख 50 हजार रुपये दिए थे, जिनमें चालान आदि के भुगतान शामिल थे। यह रकम उसने अपनी कार गिरवी रखकर दी थी। आरोप है कि अरूण कुमार ने उसे पार्टनर बनाने का झूठा आश्वासन देकर यह रकम हड़प ली। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

## आउटसोर्स कर्मचारियों को नहीं मिला दो माह से मानदेय

■ मंत्री रेखा आर्या को ज्ञापन सौंपकर लगाई गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत आउटसोर्स कंपनी विजिलेंट सिक्योरिटी, प्लेसमेंट एंड डिटेक्टिव सर्विस के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों को बीते दो माह से मानदेय नहीं मिलने से कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। इस गंभीर मामले को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संगठन, जनपद चम्पावत ने महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

संगठन का कहना है कि लगातार मानदेय न मिलने से कर्मचारियों और उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, किराया, इलाज और दैनिक जरूरतों को पूरा करना मुश्किल होता जा रहा है। इसके साथ ही संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि जनवरी 2025 से कर्मचारियों का ईपीएफ नियमित रूप से जमा नहीं किया गया, जबकि यह श्रम कानूनों के तहत अनिवार्य है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि संगठन द्वारा पूर्व में प्रशासन के माध्यम से आउटसोर्स कंपनी को पत्राचार किया गया, लेकिन अब तक न तो कोई संतोषजनक जवाब मिला और न ही बकाया भुगतान की स्थिति स्पष्ट की गई।

संगठन ने मांग की है कि दो माह का लंबित मानदेय तत्काल जारी किया जाए। जनवरी 2025 से लंबित ईपीएफ राशि शीघ्र जमा कर उसकी लिखित जानकारी कर्मचारियों को उपलब्ध कराई जाए। यहां राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष चन्द्र मोहन लडवाल एवं महासचिव दिनेश थ्वाल ने विश्वास जताया कि प्रभारी मंत्री इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र निर्णय लेंगी।

## गणतंत्र दिवस तैयारी को लेकर डीएम ने की बैठक

■ 26 जनवरी को पुलिस लाइन में होगा मुख्य समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशीष भटगाई की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। निर्णय लिया गया कि जनपद में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया जाएगा।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद के सभी कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में प्रात: 9:30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा, जबकि कलेक्ट्रेट परिसर में 9:35 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं कार्मिकों को सम्मानित भी किया जाएगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन में आयोजित होगा, जहां मुख्य अतिथि द्वारा प्रात: 11:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। विकास से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा झांकियाँ निकाली जाएंगी, जो प्रात: 9:35 बजे कलेक्ट्रेट परिसर से गुप्ता चौराहा, अप्टाक चौराहा, नगर पालिका, घंटाकरण सिलथाम होते हुए पुलिस लाइन तक जाएंगी। प्रात: 11:00 बजे पुलिस लाइन में पुलिस टुकड़ी द्वारा मार्च पास्ट किया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को फ्लैग कोड ऑफ इंडिया के अंतर्गत राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा एवं सम्मान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि 23 जनवरी को चंडाक क्षेत्र में विभागीय अधिकारियों के साथ एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में कमांडेंट एसएसबी,अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयराज नबियाल, महाप्रबंधक डीआईसी कविता भगत, अधिशासी अधिकारी नगर निगम राजदेव जायसी, जिला खेल अधिकारी अनूप बिष्ट, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरक राम कोहली सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर मां-बेटे से मारपीट ट्रैक्टर जलाने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पीड़िता ने पुलिस चौकी में दी तहरीर, आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

**बाजपुर।** पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में एक महिला ने पड़ोसियों पर घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करने और ट्रैक्टर में आग लगाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

शनिवार को ग्राम रामजीवनपुर निवासी ऊषा पत्नी किशनलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 16 जनवरी 2026 की रात करीब 8 बजे उनका पुत्र जितेंद्र, जो ट्रैक्टर चालक है, ने घर के बाहर रास्ते के किनारे ट्रैक्टर खड़ा किया था। इसी बात को लेकर पड़ोसी और उसके चार पुत्रों ने लाठी-डंडे और फावड़ा लेकर गाली-गलौच करते हुए उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने जितेंद्र को जान से मारने की नीयत से पीटना शुरू कर दिया। जब ऊषा ने अपने पुत्र को बचाने का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने ट्रैक्टर में आग लगाने की धमकी दी और रास्ता देने से भी साफ इनकार कर दिया। इससे पहले भी उक्त लोग तीन बार मारपीट कर चुके हैं तथा उक्त लोगों द्वारा अश्लील गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़िता ने परिवार की सुरक्षा को लेकर खतरा जताते हुए पुलिस से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों की दी गई जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शनिवार को बाजपुर कोतवाली परिसर में ई-रिक्शा चालकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपनिरीक्षक देवेंद्र मरनाल एवं उपनिरीक्षक प्रहलाद सिंह ने चालकों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने ई-रिक्शा चालकों को निर्धारित मार्गों पर वाहन संचालन, गति सीमा का पालन, यात्री क्षमता से अधिक सवारी न बैठाने, हेलमेट व अन्य सुरक्षा नियमों के महत्व के बारे में बताया। साथ ही बिना लाइसेंस, बिना पंजीकरण और नियमों के उल्लंघन पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी भी दी गई। पुलिस ने चालकों से अपील की कि वे स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ यात्रियों और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यातायात नियमों का पालन करें। कार्यक्रम के अंत में चालकों ने नियमों का पालन करने का आश्वासन दिया।

## ब्लॉक प्रमुख कार्यालय व सभागार का कायाकल्प

■ कैंपस एवं महान विभूतियों की मूर्तियों का होगा सुधार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** विकासखंड के ब्लॉक सभागार, कृषक विश्रामगृह एवं ब्लॉक प्रमुख कार्यालय के बाद अब ब्लॉक परिसर का भी कायाकल्प की योजना बनायी जा रही है। ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा एवं सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह राणा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सहमति से ब्लॉक सभागार एवं प्रमुख कार्यालय को भव्य एवं आकर्षक रूप दिया है।

कमोवेश अब ब्लॉक परिसर के खाली पड़े भू-भाग को भी भव्य बनाने की योजना है। इसके लिए विभागीय इंजीनियरों, अधिकारियों एवं क्षेत्र समिति सदस्यों से भी राय सुमारी कर सर्वे कार्य हो चुका है। ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा एवं सांसद प्रतिनिधि रविन्द्र राणा ने ब्लॉक परिसर में स्थापित देश के सात महान विभूतियों की मूर्तियों को भी वास्तविक रूप देने की योजना है। इसके लिए कई मूर्तिकारों से भी संपर्क कर लिया गया है। पूर्व क्षेत्र समिति द्वारा यहां स्थापित महान वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कलाम, शहीद भगत सिंह, पूर्व गृहमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत, सुभाष चंद्र बोस, भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, महाराणा प्रताप, शहीद उधम सिंह की मूर्तियों के चेहरे वास्तविकता से भिन्न होने की वजह से आम जनता में महान विभूतियों के वास्तविक चेहरे को लेकर संसय की स्थिति बनी थी। सांसद प्रतिनिधि राणा, खंड विकास अधिकारी संजय कुमार गांधी और सहायक अभियंता कमल राय ने विकास खंड के खाली पड़े जंगल नुमा भू-भाग को साफ कर भव्य एवं शानदार परिसर की कल्पना को साकार बनाने की कार्य योजना तैयार की गयी है।

सांसद अजय भट्ट द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर ब्लॉक सभागार व ब्लाक प्रमुख कार्यालय का निरीक्षण कर भव्यता की सराहना की थी। उन्होंने यहां स्थापित देश के सात महान विभूतियों की मूर्तियों की वास्तविकता पर भी टिप्पणी की थी। इस दौरान दान सिंह पूर्व प्रधान, जेई कमल राय, तेज सिंह मेहर पूर्व बीडीसी एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य नवीन जोशी आदि मौजूद रहे।

## एमपीआइसी में बोर्ड प्रेक्टिकल 19 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एमपी इंटर कॉलेज रामनगर में बोर्ड की वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षाएं 19 जनवरी दिन सोमवार से प्रारम्भ होंगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने जानकारी दी है कि हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के व्यक्तिगत छात्र अपने विषयों की तिथियां विद्यालय में आकर संपर्क कर ले। हाई स्कूल के संस्थागत एवं व्यक्तिगत छात्रों की परीक्षाएं 19 जनवरी से प्रारंभ होंगी। जबकि 20 जनवरी को इंटरमीडिएट कला की परीक्षा होगी।

## पांच बकायेदार बंदीगृह भेजे गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान की अगुवाई में राजस्व विभाग द्वारा बकाया वसूली को लेकर सख्त अभियान चलाया गया। अभियान के तहत कुल पांच बकायेदारों को बंदीगृह में बंद किया गया है।

बताया गया कि इनमें दो बकायेदार सुल्तानपुर पट्टी क्षेत्र से तथा तीन बकायेदार ग्राम बन्नाखेड़ा सानी के निवासी हैं। लंबे समय से बकाया राजस्व जमा न करने पर प्रशासन ने यह कार्रवाई की। तहसीलदार प्रताप सिंह चौहान ने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशों के क्रम में बकाया वसूली को लेकर आगे भी अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बकायेदारों से अपील की कि वे समय रहते अपना बकाया जमा कर प्रशासनिक कार्रवाई से बचें।

## विवादित भूमि पर निर्माण रोकने का आरोप

■ पीड़ित ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार
■ राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर धमकाने का आरोप
■ जान का खतरा बताकर मांगी सुरक्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** तहसील बाजपुर के ग्राम मुंडिया पिस्तौर में भूमि विवाद का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने कुछ लोगों पर जमीन पर अवैध हस्तक्षेप, गाली-गलौच और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

इस संबंध में पीड़ित मुकुल गोयल ने शनिवार को उपजिलाधिकारी बाजपुर को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी माता स्वर्गीय ममता गोयल पत्नी स्वर्गीय राजकुमार गोयल ने वर्ष 2009 में उपनिबंधक कार्यालय बाजपुर से खसरा संख्या 418 व 419/3 स्थित कुल 1.530 हेक्टेयर भूमि में से 1/4 भाग (0.382 हेक्टेयर) क्रय किया था। माता की मृत्यु के पश्चात उक्त भूमि वर्ष 2014 में विरासत के रूप में प्रार्थी एवं उनके भाई राघव गोयल के नाम दर्ज हो चुकी है। भूमि पर पूर्व से परिवार का कब्जा चला आ रहा है। पीड़ित के अनुसार 4 जनवरी 2026 की शाम करीब 4:30 बजे वह अपने भाई के साथ भूमि पर चारदीवारी निर्माण के लिए सामग्री डलवा रहे थे। तभी कुछ लोग सहित 5-6 अन्य लोग मौके पर पहुंचे और भूमि को अपनी बताते हुए निर्माण कार्य रोकने लगे। आरोप है कि उक्त लोगों ने गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और बीच-बचाव कराया। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने वाले लोग राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर लगातार धमका रहे हैं और भूमि से दूर रहने की चेतावनी दे रहे हैं।

पीड़ित ने एसडीएम को बताया कि उसे व उसके भाई को जान का खतरा है। मामले में उपजिलाधिकारी डॉक्टर अमृता शर्मा ने पीड़ित को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पीड़ित ने मांग की है कि कोतवाली बाजपुर को निर्देशित किया जाए ताकि उनकी वैध भूमि पर किसी प्रकार का हस्तक्षेप न हो और उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए।

## हाजी छोटे पहलवान की याद में सजा अखाड़ा

■ दंगल में पहलवानों ने दिखाया दमखम
■ इतवार बाजार गदरपुर में हजारों दर्शकों ने लिया कुश्ती का रोमांच



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** मरहूम हाजी छोटे पहलवान की याद में उनके बेटे एवं समाजसेवी मोहम्मद आलम द्वारा इतवार बाजार गदरपुर में आयोजित तीन दिवसीय विराट दंगल का शनिवार को भव्य समापन हुआ।

तीसरे और अंतिम दिन दंगल देखने के लिए क्षेत्र ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचे। अखाड़े में गूंजते तालियों और ढोल-नगाड़ों की आवाज ने पूरे इलाके को कुश्तीमय बना दिया। तीसरे दिन का मुख्य मुकाबला आगरा के मशहूर पहलवान बबलु राणा और काशीपुर के दमदार पहलवान अवतार सिंह के बीच हुआ। दोनों पहलवानों ने ताकत और दांव-पेंच का शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन अंतत: अवतार सिंह ने बबलु राणा को चित्त कर दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके बाद काशीपुर के पहलवान सोहेल और चंदौसी के मोहम्मद आलम के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें सोहेल पहलवान ने शानदार जीत दर्ज की।दंगल में एक से बढ़कर एक रोमांचक कुश्तियां देखने को मिलीं। अंतिम मुकाबला पंजाब के नामचीन पहलवान मौसम अली और टाइगर के बीच हुआ। इस मुकाबले ने दर्शकों को सांसें थामने पर मजबूर कर दिया। आखिरकार मौसम अली पंजाब ने जीत हासिल कर 21,000 का नकद इनाम अपने नाम किया। वहीं काशीपुर के सोहेल पहलवान ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 21,000 का इनाम और शील्ड जीती।आयोजक मोहम्मद आलम ने बताया कि तीनों दिन दंगल का आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि हजारों की संख्या में लोग दंगल देखने पहुंचे और सभी ने आयोजन की सराहना की। मोहम्मद आलम ने कहा कि ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि युवाओं को सकारात्मक दिशा मिल सके। दंगल का समापन तालियों और उत्साह के साथ हुआ।

## सीलिंग ऑर्डर के खिलाफ हाईकोर्ट की शरण लेगें एजुकेशन इंस्टीटट्यूशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** तहसील बाजपुर के ग्राम बिचपुरी की खाता संख्या 17 खसरा संख्या 6/2 रकवा 4.047 है /64 बीघा भूमि अतिरिक्त सीलिंग भूमि घोषित किये जाने को लेकर विद्या ज्योति कॉलेज के चेयरमैन अजय डबास, मयंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन नीरज दीक्षित व आर.एन.सिंह एजुकेशन फाउंडेशन के डॉ. रामानन्द सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि इस निर्णय से छ: सुचारू रूप से संचालित कॉलेज पी.डी.जी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, मयंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, डी.पी.एस. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, एस.डी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, डी.पी.एस. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, लक्ष्मी कॉलेज ऑफ एजुकेशन व विद्या ज्योति कॉलेज प्रभावित है। इनके अंदर हजारों की संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत है। आर.एन.सिंह एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा इंपीरियल यूनिवर्सिटी नाम से भवन का निर्माण कार्य जारी है। उसकी भी 4.047 है. भूमि पर सीलिंग ऑर्डर का बोर्ड लगाया गया है। इस एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2023-24 के अन्दर यह भूमि खरीदी गई थी। राजस्व सचिव उत्तराखण्ड सरकार के पत्र दिनांक 07/03/2024 एव जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर के पत्र संख्या 7910 दिनाँक 15/04/2024 एवं पत्र. संख्या11152 दिनाँक 11/07/2023 के आख्या अनुसार यह भूमि सीलिंग से प्रभावित नहीं है। इसके आधार पर ही नायब तहसीलदार बाजपुर ने नामान्तरण स्वीकार किया है। अब सरकार ही अपने पुराने आदेशों की धज्जियां उड़ाकर इस जमीन पर सीलिंग के अंतर्गत कब्जा लेने की तैयारी में है। सभी संस्थानों के चेयरमैन संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों व कार्य कर रहे स्टॉफ के हितों की रक्षा के लिए माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेने को विवश है। यह कहीं न कहीं सरकार की कार्यशैली पर भी एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लगाता है कि जिस मूल खातेदार महेन्द्र कौर की खाली पड़े हुए खेतों की जमीन को सीलिंग में न लेकर उस जमीन को चिन्हित किया गया है जिस पर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन बने हुए है।

## केंद्रीय विद्यालय के निर्माणाधीन स्थायी भवन का डीएम ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** छमनिया चौड़ क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा बनाए जा रहे केंद्रीय विद्यालय के निर्माणाधीन स्थायी भवन का आज जिलाधिकारी मनीष कुमार ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण में आ रही व्यावहारिक समस्याओं और सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

निरीक्षण में पाया गया कि विद्युत विभाग के 11 बिजली के पोल भवन निर्माण में बाधा बन रहे हैं। इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ मौके पर ही निरीक्षण कर समाधान निकालने के निर्देश दिए। निर्माण कार्य सीपीडब्ल्यूडी द्वारा किया जा रहा है। बताया गया कि भवन की टेंडर प्रक्रिया के दौरान केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा मल्टीपरपज हॉल का प्रस्ताव हटाया गया था, जिससे लगभग 10 करोड़ रुपये की बचत हुई।



स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी के समक्ष मांग रखी कि यदि मल्टीपरपज हॉल का निर्माण किया जाता है तो इससे विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त और बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने पूरे परिसर का निरीक्षण करने के बाद कहा कि इस विद्यालय में भविष्य में करीब 1000 विद्यार्थियों के अध्ययन की बेहतर व्यवस्था होगी। उन्होंने बची हुई धनराशि के स्थानीय स्तर पर उपयोग की संभावनाओं को लेकर उच्च अधिकारियों से संपर्क करने की बात कही, ताकि विद्यार्थियों को अधिकतम सुविधाएं मिल सकें।

निरीक्षण के दौरान तहसीलदार, सीपीडब्ल्यूडी के प्रतिनिधि, विद्युत विभाग के अशोक कुंवर तथा संबंधित ठेकेदार राकेश मांगलिक भी उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ से लौटा उत्तराखण्ड का दल

## स्काउट गार्ड के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पहली राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भारत स्काउट एवं गाइड के राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा 75 वर्ष पूर्ण होने पर एक विशेष प्रयास के रूप में हीरक जयंती समारोह के तहत पहली राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी का आयोजन छत्तीसगढ़ में किया गया। बता दें छत्तीसगढ़ में 9 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित पहली राष्ट्रीय रोवर रेंजर जंबूरी में उत्तराखंड से 139 सदस्यों के दल द्वारा प्रतिभाग किया गया।



उत्तराखंड राज्य से स्काउट विभाग के कंटीजेन्ट लीडर के रूप में प्रादेशिक संगठन आयुक्त बीरेन्द्र सिंह बिष्ट तथा सहायक कंटीजेन्ट लीडर के रूप में वरिष्ठ प्रशिक्षक जगन्नाथ गोस्वामी के मार्गदर्शन में 38 रोवर समेत 8 सीनियर स्काउट तथा 13 यूनिट लीडर द्वारा प्रतिभाग किया गया जबकि गाइड सेक्शन की कंटीजेन्ट लीडर के रूप में गाइड विभाग की प्रादेशिक संगठन आयुक्त अंजलि चंदोला तथा सहायक कंटीजेन्ट लीडर के रूप में वरिष्ठ प्रशिक्षक कल्पना धामी के नेतृत्व में 49 रेंजर समेत 14 सीनियर गाइड सहित 12 यूनिट लीडर द्वारा प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। उत्तराखंड के दल की उत्कृष्ट प्रस्तुति के परिणाम स्वरूप दल को एथनिक फैशन शो, राज्य प्रदर्शनी तथा बैक वुडस मैन कुकिंग समेत रेंजर विंग के कैंप फायर प्रतियोगिताओं में ए ग्रेड प्राप्त हुआ जबकि अन्य प्रतियोगिताओं में सराहनीय प्रस्तुति हेतु मार्च पास्ट, कलर पार्टी, फोक डांस, गाइड स्टेट गेट, पाईनियरिंग तथा स्काउट कैंप क्राफ्ट, गाइड कैंप क्राफ्ट प्रतियोगिताओं में बी ग्रेड प्राप्त किया। उत्तराखंड राज्य के सराहनीय प्रतिभागिता पर प्रादेशिक सचिव रविंद्र मोहन काला सहित विभिन्न शिक्षाविदों एवं स्काउट गाइड से जुड़े प्रशिक्षकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त कर दल को बधाई दी गई। आयोजन को सफल बनाने में प्रादेशिक टीम के सदस्यों के रूप में प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त रेवती बिष्ट, वरिष्ठ प्रशिक्षक भुवनेश्वरी बिष्ट, दीपा पांडे, मंजू बिष्ट, बीना जोशी, गायत्री बिष्ट, निर्मला बिनवाल व पंकज भट्ट सहित प्रभारी यूनिट लीडर के रूप विभिन्न महाविद्यालयों के रोवर लीडर रेंजर लीडर एवं स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन के रूप में डा. रजनी शर्मा, गायत्री साहू, सुशीला जोशी, डा. गोविंद सिंह बोरा, डा. राघव झा तथा जीएस नेगी, डा. त्यागी, धर्मवीर रावत तथा हरीश चंद्र आदि द्वारा योगदान दिया गया। जंबूरी को सफल बनाने में राष्ट्रीय स्तर से आमंत्रित स्टाफ के रूप में उत्तराखण्ड के अजय बहुगुणा, डा. हिमांशु पांडे, कमलेश सती, गौरी शंकर कांडपाल, डा. सरिता कुलयाल, ज्योति नौला एवं अनुराधा पांडे द्वारा नैशनल स्टाफ के रूप में सेवाएं दी गई।

# अलकनंदा नदी में समाया बोलेरो कैम्पर, चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग शहर से लगभग पांच किलोमीटर दूर रैंतोली के समीप शुक्रवार देर रात एक बोलेरो कैम्पर दुर्घटनाग्रस्त होकर अलकनंदा नदी में समा गया। हादसे में चालक का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि वाहन का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बोलेरो वाहन रात के अंधेरे में अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे लगे पैराफिट को तोड़ते हुए करीब डेढ़ सौ मीटर गहरी खाई से नीचे गिर गया और सीधे अलकनंदा नदी में जा समाया। आशंका जताई जा रही है कि वाहन नदी में डूब गया है या तेज बहाव में बह गया है। वाहन की ढूंढखोज की जा रही है। एसडीआरएफ इंचार्ज आशीष डिमरी ने बताया कि बीती 16 जनवरी की रात्रि को रैंतोली पेट्रोल पंप के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए बोलेरो कैंपर संख्या एचआर 98 एन 1991 में मृतक की पहचान चालक शंभू राम पुत्र भूसीराम निवासी बैजाबरी कस्बा रोनापार जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश उम्र 55 वर्ष हाल चालक भूमि कम्पनी जवाड़ी के रूप में हुई है। वायर लेने के लिए ऋषिकेश गया था और वायर लेकर वापस आ रहा था। शव की पहचान भूमि कंपनी के सुपरवाइजर सत्यानन्द ने की। मृतक के परिजनों को कम्पनी द्वारा सूचित कर दिया गया है। रात्रि में दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहन में केवल चालक ही मौजूद था।

## एक नजर

### व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में अग्निसुरक्षा की जांच

**नैनीताल।** नैनीताल में अग्निकांडों की घटनाओं को देखते हुए दमकल की टीम की ओर से शनिवार को नगर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। उन्होंने प्रतिष्ठान स्वामियों व संचालकों को जरूरी निर्देश दिए। शनिवार को अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी ने नैनीताल क्षेत्र के अंतर्गत व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का अग्निसुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से निरीक्षण किया। इस दौरान अग्निसुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई साथ ही उपस्थित स्टाफ को फायर एसटिंग्यूशर द्वारा आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। नेगी ने बताया कि प्रतिष्ठान स्वामियों उओ अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियों को दुरुस्त करने के सुझाव व नोटिस निर्गत किए गए हैं।

### टूरिस्ट गाइडों को दी नियमों की जानकारी

**नैनीताल।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नैनीताल यातायात पुलिस की ओर से जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टैकसी चालकों, नाव चाल. कों, टूरिस्ट गाइडों, रिकशा चालकों के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान टीएसआई हरीश सिंह फर्त्याल ने लोगों को सुरक्षित वाहन संचालन तथा हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचाव के साथ ही नशे में वाहन न चलाने तथा पर्यटकों के साथ शालीन व्यवहार रखने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नैनीताल एक प्रमुख पर्यटन स्थल है ऐसे में यहां यातायात नियमों का पालन करना न केवल अपनी बल्कि पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है। टीएसआई फर्त्याल ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस के साथ-साथ आम जनता की सहभागिता आवश्यक है। अगर हर व्यक्ति यातायात नियमों का पालन करे तो दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने चाल. कों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय पूरी सतर्कता बरतें और दूसरों के लिए भी उदाहरण बनें। इस दौरान विनोद जोशी, महेश कुमार, असलम, शाहिद तथा उमेश चंद्र सहित कई स्थानीय लोग और चालक मौजूद रहे।

### कार के शीशों में काली फिल्म लगाना पड़ा महंगा

**नैनीताल।** कार के शीशों में काली फि ल्म चढ़ाकर तेज गति में वाहन चलाना पर्यटकों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने कार के सीसों से काली फिल्म निकालकर पर्यटकों के खिलाफ एमवी एक्ट में चालानी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश से आए पर्यटकों को यातायात नियमों का उलंघन करना महंगा पड़ गया। मालरोड पर बिना नंबर प्लेट और शीशों पर काली फिल्म लगाए दौड़ रही बोलेरो कार को पुलिस ने मल्लीताल चौकी पर रोक लिया। जब पुलिस ने पर्यटकों को टोका तो वह पुलिस से ही भिड़ गए, जिस पर पुलिस ने फटकार लगाते हुए पुलिस ने कार्रवाई कर वाहन के शीशों पर लगी काली फिल्म मौके पर ही हटवा दी। इसके साथ ही वाहन के अन्य जरूरी कागजातों की भी जांच की गई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि वाहन में नंबर प्लेट भी नियमों के अनुरूप नहीं थी। मामले में टीएसआई हरीश सिंह फर्त्याल ने बताया कि वाहन चालक ग्रेटर नोएडा निवासी भूपेंद्र सिंह के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई है।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने की नारेबाजी

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद नैनीताल के तत्वावधान में परिषद की शाखा धारी द्वारा विकासखंड परिसर में गेट मीटिंग कर 18 सूत्रीय मांगों के संबंध में जनजागरण अभियान जारी रखते हुए शनिवार को सरकार से कर्मचारियों के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाने का अनुरोध किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए परिषद के वरिष्ठ सदस्य रमेश सिंह बिष्ट ने कहा कि कर्मचारियों की पुरानी एसीपी समेत गोल्डन कार्ड की विसंगति तथा वेतन विसंगति से जुड़े प्रकरणों पर राज्य सरकार द्वारा अभी तक कोई भी ठोस निर्णय नहीं ले जाने से प्रदेश भर के कर्मचारियों मे व्यापक आक्रोश फैल गया। परिषद के वरिष्ठ सदस्य प्रकाश चंद कांडपाल ने कहा कि शासन स्तर पर लंबित कर्मचारियों की जायज मांगों को एक सुनियोजित तरीके से निस्तारण के बजाय लटकाया जा रहा है जिससे कर्मचारियों में लगातार निराशा का भाव बढ़ रहा है। इस दौरान परिषद के बलवंत सिंह, अंजू बिष्ट, पवन रावत, राकेश नैनवाल, निधि जोशी, आशा आर्या सहित कई कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### वीकेंड पर उममीद से कम पर्यटक पहुंचे नैनीताल में

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में वीकेंड के चलते शनिवार को उममीद के मुताबिक कम पर्यटक पहुंचे, हालाकि नगर के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों में चहल पहल बनी रही। संभावना जताई जा रही है कि रविवार द्धआजऋ को डे विजिट पर पर्यटकों की आमद अधिक रहेगी। लेक ब्रिज टोल टैकस के अनुसार वीकेंड के पहले दिन यानी शनिवार को लगभग 500 वाहनों ने नगर में प्रवेश किया, जिनमें ढाई हजार से अधिक पर्यटक नगर भ्रमण पर पहुंचे हुए हैं। इस बीच स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वाटर फाल तथा केव गार्डन व जू समेत अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियों की चहल पहल रही। मालरोड में सैलानी अन्य वीकेंड की तुलना में कम संखया में चहल कदमी करते नजर आए। नौका विहार करने वाले सैलानियों की संख्या सीमित रही। मां नयना देवी मंदिर, मां पाषाण देवी व हनुमागढ़ी मंदिर में पर्यटक श्रद्धालु पूजा पाठ करते नजर आए। भोटिया बाजार, तिबबती बाजार व बड़ा बाजार व मालरोड स्थित दुकानों में पिछले वीकेंड की अपेक्षा व्यवसाय कम हुआ। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार इस वीकेंड पर सैलानियों की आमद कम रही। रविवार (आज) को डे विजिट पर आने वाले सैलानियों की संख्या अधिक रहने की संभावना है।

### जल्द ही मिलेगी किसानों को फसल बीमा की राशि: नरेंद्र

**त्यूनी/विकासनगर।** त्यूनी तहसील के सेब उत्पादक किसानों में फसल बीमा क्लेम की देरी को लेकर गहरा रोष है। क्षेत्र में पिछले चार महीनों से सूखे की स्थिति बनी हुई है, जिससे सेब की फसल खराब होने का खतरा मंडरा रहा है। किसानों का आरोप है कि समय पर बीमा राशि न मिलने से आर्थिक संकट गहरा गया है, जबकि अन्य क्षेत्रों में क्लेम का भुगतान हो चुका है। किसान ब्रह्मानंद शर्मा कल्याण, हरदयाल सिंह, पातिराम, विजयपाल सिंह, गोविंद, रामलाल सेमवाल, मोहनलाल सेमवाल सहित कई अन्य ने बताया कि खरीफ सीजन के बीमा क्लेम में लगातार देरी हो रही है।

### विधायक ने ली अधिकारियों की बैठक

**गुप्तकाशी/रुद्रप्रयाग।** आगामी यात्राकल की तैयारियों को लेकर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने जिला प्रशासन एवं एनएच के अधिकारियों के साथ बैठक कर क्षतिग्रस्त हाइवे को यात्रा से पूर्व दूरस्थ करने के निर्देश दिए। साथ ही जीएमवीएन से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गुप्तकाशी तक जाने वाले लिंक मोटरमार्ग पर अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी दिए। ताकि यात्राकाल में शहर में जाम की स्थिति पैदा न हो सके। लोनिवि गुप्तकाशी अतिथि गृह में आयोजित बैठक में विधायक आशा नौटियाल ने राजस्व विभाग की टीम को जीएमवीएन द्वारा किए गए अतिक्रमण को चिन्हित करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व गुप्तकाशी नगर पंचायत सभासद गौरव रावत ने बताया कि यात्राकाल में विश्वनाथ मंदिर मार्ग पर यात्रियों की भीड़ होने से बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचने में भारी दिक्कतें उठानी पड़ती है। बैठक में एडीएम एसएस राणा ने जीएमवीएन के इस मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अतिक्रमण चिन्हिकरण किया गया। जिसके बाद स्थानीय लोगों के साथ यात्राकाल में बीमार यात्रियों को अस्पताल पहुंचने की सुविधा होगी। इसके साथ ही विधायक ने रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाइवे के नारायणकोटी, फाटा एवं रामपुर में क्षतिग्रस्त मार्ग को शीघ्र ठीक करने के निर्देश दिए। कहा कि स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर उनके सुझावों के अनुरूप कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। एनएच के ईई ओंकार पांडेय ने बताया कि आगामी मंगलवार को स्थानीय लोगों के साथ बैठक की जाएगी। तथा उनके सुझाव लेकर कार्य किया जाएगा।

# भीमताल के न्याय पंचायत ओखलढुंगा के रौशिल में बहुउद्देशीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के विकास खंड भीमताल की न्याय पंचायत ओखलढुंगा में शनिवार को जन जन की सरकार-जन जन के द्वार नामक बहुउद्देशीय शि. विर का आयोजन किया गया। बता दें शिविर का आयोजन राजीव गांधी सेवा केन्द्र रौशिल में हुआ। शिविर का मुखय उद्देश्य जनसामान्य को केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना तथा क्षेत्रीय जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करना रहा। शिविर में नोडल अधिकारी शैलेन्द्र नेगी (अपर जिला. धिकारी नैनीताल) ने जनता की समस्याओं को सुना। शि. विर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया गया। शि. विर के दौरान कुल 56 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका तत्काल निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त 224 लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ प्रदान किया गया। शिविर में दर्जा मंत्री शांति मेहरा, भीमताल विकास खंड के ब्लाक प्रमुख डा. हरीश सिंह विष्ट समेत जिला पंचायत सदस्य, न्याय पंचायत ओखलढुंगा के समस्त ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता ने सहभागिता की।



# कार की टक्कर से एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** कुंडा थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने एक बाईक सवार को टक्कर मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इतना ही नहीं सड़क किनारे खड़े एक 17 वर्षीय युवक को भी टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं बाइक सवार गंभीर रूप से घायल का काशीपुर के एक निजी अस्पताल में आईसीयू में उपचार चल रहा है।

कुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत अमृत ढाबा से आगे एक तेज रफ्तार हुंडई कार संख्या यूके19 डीसी 4646 के चालक ने अपना नियंत्रण खोते हुए एक बाईक सवार को टक्कर मार दी। इसके बाद सड़क किनारे खड़े 17 वर्षीय प्रिंस पुत्र बलविंदर सिंह को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। बताया जा रहा है कि मृतक प्रिंस अपने बाइक खड़ी कर अपने पिता का इंतजार कर रहा था। उधर, हादसे में गंभीर रूप से घायल बाईक सवार को काशीपुर के निजी अस्तापल में भर्ती कराया गया है। जहां वह आईसीयू में भर्ती है। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# पालिका प्रशासन से नैनीताल होटल संघ की कई मुद्दों पर गहन मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका कार्यालय में शनिवार को नैनीताल होटल एंड रैस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिका. रियों ने पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल और ईओ रोहिताश शर्मा के साथ मुलाकात की और ट्रेड टैक्स की संशोधित दरों को लेकर वार्ता की। इस दौरान होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि वर्ष 2023 से ट्रेड शुल्क की दरों में बढ़ोतरी के चलते शुल्क जमा नहीं किया गया है और अब फिर से संशोधित दरों का गजट नोटिफिकेशन जारी हो चुका है जिसके लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि पुराना शुल्क भी इन्हीं दरों पर लिए जाने को लेकर आज पालि. का के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की गई है जिस पर विचार विमर्श कर पालिका द्वारा निर्णय लिया जाएगा।



पालिका ईओ रोहिताश शर्मा ने बताया कि ट्रेड लाइसेंस शुल्क में पूर्व में काफी बढ़ोत्तरी हुई थी और अब उनमें संशोधन हो चुका है। वर्ष 2025-26 का लाइसेंस शुल्क नई दरों पर लिया जा रहा है जिस पर होटल एसोसिएशन की सहमति है, साथ ही विगत वर्षों का जो शुल्क लिया जाना है उस संबंध में शीघ्र ही एक सप्ताह के भीतर इसका निस्तारण कर लिया जाएगा। बैठक में डोर टू डोर कूड़ा कलेशन के संबंध में भी होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी समस्या लेकर आए थे जिस संबंध में हाईकोर्ट के निर्देशानुसार शीघ्र ही डस्टबिन पालिका के पास आने वाले हैं वह भी वितरित किए जाएंगे और होटल एसोसिएशन से आग्रह किया गया है कि वह थ्री बिन योजना के तहत कूड़े का सेग्रीगेशन करके देंगे जिस पर उन्होंने सहमति जताई है। इस दौरान होटल एसोसिएशन के महासचिव वेद साह तथा उपसचिव रमनजीत सिंह तथा गीता पांडे भी मौजूद रही।

# ‘भारत में सड़क दुर्घटनाएं’ का लोकार्पण

## राज्य की रजत जयंती पर सड़क सुरक्षा को समर्पित पुस्तक का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) द्वारा विश्व पुस्तक मेला 2026 के अवसर पर भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में 16 जनवरी 2026 शुक्रवार को पुस्तक भारत में सड़क दुर्घटनाएं का भव्य लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक भारत में सड़क दुर्घटनाओं की भयावह स्थिति तथा उनके चिकित्सीय, सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों का विस्तृत और तथ्यात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करती है तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता और प्रभावी रोकथाम की आवश्यकता पर बल देती है। यह पुस्तक उनके 25 सालों के अथक परिश्रम एवं अनुभव का परिणाम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. बीकेएस संजय ने कहा कि लगभग 90 प्रतिशत सड़क दुर्घटनाएँ चालक की लापरवाही के कारण होती हैं जिनमें ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग तथा गलत ओवरटेकिंग, थकान तथा नींद की कमी और नशे का प्रभाव प्रमुख कारण हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पुस्तक किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं बल्कि सड़क दुर्घटनाओं से समाज को होने वाले भारी नुकसान को रोकने के उद्देश्य से लिखी गई है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाएँ देश की प्रगति में बाधा बन रही हैं और समाज को शारीरिक व मानसिक रूप से विकलांग कर रही हैं इसलिए यह पुस्तक विशेष रूप से वाहन चालकों को समर्पित है। पुस्तक के सह लेखक डा. गौरव संजय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएँ ऐसी घटनाएँ हैं जिन्हें रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक का उद्देश्य समाज में सड़क सुरक्षा के प्रति शिक्षा, अनुशासन और जिममेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने सभी नागरिकों से जागरूक चालक और जागरूक पैदल यात्री बनने की अपील की। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक युवराज मलिक ने कहा कि सड़क सुरक्षा की अनदेखी का दुष्प्रभाव केवल दुर्घटना पीड़ित तक सीमित नहीं रहता बल्कि उनके परिवार, मित्रों और पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पुस्तक विशेष रूप से युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति चेतना विकसित करेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति लोकपाल सिंह ने देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए युवाओं से सुरक्षितए जिम्मेदार और अनुशासित ड्राइविंग अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन ललित किशोर मंडोरा द्वारा किया गया।




### महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**नैनीताल।** राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल गेट के समीप बच्चे को लेकर सड़क पार कर रही महिला तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गई। बाइक की टक्कर लगने से महिला व बच्चा दोनों सड़क पर गिरकर चोटिल हो गए और बाइक सवार मौके से फरार हो गया। दोनों घायलों को बाद में जिला अस्पताल में उपचार दिया गया। जानकारी के मुताबिक तल्लीताल निवासी कविता शनिवार को अपने बच्चे को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर जा रही थी कि वह अस्पताल गेट के समीप सड़क पार कर ही रही थी कि सामने से तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी जिससे महिला व बच्चा सड़क पर दूर जा गिरे। गनीमत रही कि बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई लेकिन महिला के पैर व हाथ बुरी तरह छिल गए। टक्कर देख लोग महिला की मदद को पहुंचे तो चालक बाइक लेकर फरार हो गया। महिला व बच्चे का जिला अस्पताल में उपचार किया गया।

### पालिका के ईओ व लेखाकार प्रतिनियुक्ति के इच्छुक

**नैनीताल।** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा और लेखाकार के पद पर कार्यरत सिद्धार्थ शर्मा ने नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल के माध्यम से शहरी विकास विभाग देहरादून को प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन किया है। ईओ रोहिताश शर्मा ने कहा है कि उत्तराखंड भाषा संस्थान तथा भाषा विभाग की ओर से विभिन्न पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए हैं, इसमें एक पद उप निदेशक का भी है। लेखाकार सिद्धार्थ शर्मा का कहना है 20 फरवरी तक मांगे गए आवेदन में एक पद लेखाकार का भी है। दोनों अधिका. रियों ने पालिकाध्यक्ष को पत्र देकर इसे अग्रसारित कर शासन को पहुंचाने का आवेदन किया है। बता दें नंदन रावत सहायक लेखाकार पहले ही जा चुके हैं।

# अग्निवीर भर्ती में युवाओं ने दिखाया दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** कोटद्वार में अग्निवीर भर्ती रैली के तीसरे दिन उत्तरकाशी के लगभग 1200 उम्मीदवारों ने भाग लिया। शनिवार को भर्ती रैली का तीसरा दिन था जिसमें उत्तरकाशी के लगभग 1200 उम्मीदवारों ने भाग लिया। ब्रिगेडियर संजीव कुमार मंडल, सेना पदक, उप महानिदेशक, भर्ती क्षेत्र यूपी और यूके ने विक्टोरिया क्रॉस, गब्बर सिंह स्टेडियम, कोटद्वार, उत्तराखंड में अग्निवीर रैली का दौरा किया और दौड़ को झंडी ध्वजांकित किया।

ब्रिगेडियर मंडल ने रैली में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को प्रेरित किया जिसने उन्हें रैली में उच्च उत्साह दिखाने के लिए प्रोत्साहित किया। आर्मी भर्ती कार्यालय, लैंसडाउन द्वारा विस्तृत और सुविचारित व्यवस्था की गई है जिसमें गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के साथ-साथ नागरिक प्रशासन के अधिकारियों जैसे की एसडीएम कोटद्वार और डीएम पौड़ी से सक्रिय सहायता मिलने से यह रैली बहुत ही व्यवस्थित नजर आ रही है। प्रतिकूल मौसम की स्थिति के बावजूद सुचारू प्रक्रिया और प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करके उम्मीदवारों को सुविधाजनक बनाने पर जोर देने के कारण रैली में प्रत्येक प्रतिभागी उत्साहजनक रहा है। रैली में भाग लेने वाले सभी उम्मीदवारों ने अनुशासन, समर्पण और ईमानदारी के उच्च स्तर का प्रदर्शन किया जो अग्निपथ योजना में उनके विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी है। धोखाधड़ी की गुंजाइश शून्य है। हमारी सलाह उम्मीदवारों को टाउट या एजेंटों से बचना है। यदि ऐसा कोई व्यक्ति आपसे संपर्क करता है तो मामले की सूचना तुरंत पुलिस या भर्ती बोर्ड को दें।

# लोक गायकों ने जमाया रंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** ऐतिहासिक माघ मेला की तीसरी रात यानी शुक्रवार को रंगारंग कार्यक्रम जारी रहे। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकारों ने लोगों को रिझाया तो लोक गायक वर्षा ठाकुर, महेंद्र सिंह चौहान ने विभिन्न गीतों ने दर्शकों को थिरकने को मजबुर कर दिया। वहीं ,शनिवार को माघ मेला पंडाल में जिले के अलग-अलग इलाकों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से मेलार्थियों का हूजूम उमड़ पड़ा है।

इस दौरान माघ मेला पंडाल में लोक गायकों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत नेताला, साल्ड, मुगरसन्ती एवं गीठ पट्टी की महिला मंगल दल का रासौ-तान्दी नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों से किया। बाद में स्वजन शिक्षा समिति पर्यटन घाटी जौनपुर टिहरी गढवाल। महर्षि विद्या मन्दिर ज्ञानसू एवं प्राथमिक विद्यालय ज्ञानसू (पुराना) का सांस्कृतिक कार्यक्रम। लोक गायक धर्मेन्द्र नौटियाल एण्ड पार्टी सास्कृतिक कार्यक्रम। लोक गायक मुकेश नौटियाल, धर्मेन्द्र कैन्तुरा एवं मंजू नौटियाल का सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने खूब रंग जमाया। वहीं चमाला की चौरी में बाड़ाहाट क्षेत्र के राजा श्री कंडार देवता, बाड़ागड्डी क्षेत्र के आराध्य भगवान हरि महाराज, माँ खंडद्वारी देव डोली नृत्य हुआ। देव डोलियों के स्वागत एवं आशीर्वाद लेने पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण पहुंचे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रमेश चौहान, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण, जिला पंचायत सदस्य विजय बंधानी, बीना चौहान, भरत सिंह बिष्ट, ज्योती राणा, दीपेन्द्र कोहली, सरिता बर्धन, अनिता नेगी, सरस्वती नाथ, बबीता रावत, प्रियंका, हीरा लाल, कविता शाह, अपर मेला अधिकारी मोनिका भंडारी, शरत चौहान, देवेन्द्र सिंह नाथ, रोहित जुडियाल, कार्यक्रम का संचालन मनवीर सिंह, अरविंद पश्चिम ने किया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, डीडीहाट, (पिथौरागढ़)**
email:- nagarpalikadidihat@gmail.com Fax or Phone No - 05964232625

पत्रांक: 736/2025-26 दिनांक: 16/01/26

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद डीडीहाट में 02 ई-रिक्शा क्रय किये जाने हेतु ई-निविदा अपराह्न 03:00 बजे दिनांक 31/01/2026 तक निविदा आमंत्रित की जाती है उक्त सम्बन्ध में uktenders.gov.in में दिनांक 17/01/2026 से अपराह्न 03:00 बजे से निविदा उपलब्ध रहेगी।

उक्त सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में नगर पालिका परिषद डीडीहाट कार्यालय में उक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सूचना प्राप्त कर सकते है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद डीडीहाट**
**(पिथौरागढ़)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद डीडीहाट**
**(पिथौरागढ़)**

**कार्यालय नगर पंचायत केलाखेड़ा (ऊधमसिंहनगर)**
(email ID-npkelakhera@gmail.com)

पत्रांक: 891/न0पं0/कोटेशन/2025-26 दिनांक: 17-01-2026

**कोटेशन सूचना**

नगर पंचायत केलाखेड़ा क्षेत्रान्तर्गत बन्दरों की अत्यधिक संख्या व बंदरों के उत्पात से परेशान स्थानीय नागरिकों द्वारा बार-बार किये जा रहे अनुरोध पर नगर पंचायत केलाखेडा क्षेत्रान्तर्गत बंदरों को पकड़े जाने एवं वन क्षेत्र में छोड़े जाने हेतु अनुभवी व्यक्तियों एवं फर्मो से दिनांक 24-01-2026 को अपराहन 3:00 बजे तक कोटेशन दरें आमन्त्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपराहन 4:00 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेंगी। इच्छुक अनुभवी व्यक्ति एवं फर्म नियत तिथि एवं समय तक अपनी-अपनी कोटेशन दरें नगर पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए किसी कार्यदिवस पर कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत केलाखेड़ा
ऊधमसिंहनगर

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत केलाखेड़ा
ऊधमसिंहनगर

# नैनी पेपर्स में सुरक्षा माह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सड़क सुरक्षा जैसे अति संवेदनशील बिन्दुओं पर सहायक परिवहन अधिकारी संदीप वर्मा एवं जगदीश चन्द टीटीओ और उनकी टीम द्वारा नैनी पेपर्स लिमिटेड के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को जागरूक किया गया, जिसमें उदाहरण स्वरूप वास्तविक घटनाओं का सन्दर्भ दर्शाकर एक वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतीकरण भी किया गया। कार्यक्रम में एआरटीओ एवं टीटीओ द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीड से होने वाले दुष्परिणामों तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तृत जानकारी दी गयी। कम्पनी के अधिकारियों ने कर्मचारियों से अपील कर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी इसके लिये जागरूक करने हेतु कहा गया तथा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पम्पलेटस/पोस्टर आदि का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में नैनी पेपर्स लिमिटेड के निदेशक तकनीकी मुकेश कुमार त्यागी, जीएम प्रशासन एसके पाण्डे, सेफ्टी विभाग से दीपक तिवारी एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।




# 26 खेलों में 323 सहायक कोच पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

● **महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत पद आरक्षित है, प्रत्येक पदके लिए आयु सीमा 30 वर्ष है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने 26 खेलों में 323 सहायक कोच पदों की खाली जगहों को भरने के लिए योग्य भारतीय नागरिकों से आवेदन मांगे हैं। इन सहायक कोचों को देश भर के अलग-अलग क्षेत्रीय और नेशनल सेंटर्स ऑफ़ एक्सीलेंस या प्रशिक्षण केंद्रो पर नियुक्त किया जाएगा। उन्हें लेवल 6 - 35400-112400/- रुपये पे बैंड आईआई (9300-34800/- रुपये ग्रेड पे 4200/- रुपये) के अनुसार सैलरी और भत्ते मिलेंगे। जिन खेलों में सहायक कोचों की आवश्यकता है, वे इस प्रकार हैं:- एथलेटिक्स में (28 पद), तीरंदाजी (12), बैडमिंटन (16), बास्केटबॉल (12), मुक्केबाजी (19), कैनोइंग (7), साइकिलिग (12), तलवारबाजी (11), फील्ड हॉकी (13), फुटबॉल (12), जिमनास्टिक (12), हैंडबॉल (6), जूडो (6), कबड्डी (6), खो खो (2), रोइंग (11), सेपक टकरा (3), शूटिग (28), तैराकी (26), टेबल टेनिस (14), ताइक्वांडो (11), टेनिस (8), वॉलीबॉल (10), भारोत्तोलन (10), कुश्ती (22) और वुशू में (छह) पद। ये पदों के योग्य उम्मीदवारों को आरक्षण का लाभ मिलेगा, महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षित है। प्रत्येक पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 30 साल है और इस पद के लिए जरूरी योग्यता साई एनएसएनआईएस, पटियाला या किसी अन्य मान्यता प्राप्त भारतीय/विदेशी यूनिवर्सिटी से कोचिग में डिप्लोमा या उसके बराबर की डिग्री या ओलंपिक / पैरालंपिक्स / वर्ल्ड चैंपियनशिप में कोचिंग में सर्टिफिकेट कोर्स के साथ हिस्सा लेना या उस खास डिसिप्लिन में द्रोणाचार्य विजेता होना अनिवार्य है।

# एंड्रीवा ने जीता एडिलेड इंटरनेशनल

## विक्टोरिया म्बोको को हराने के बाद मीरा एंड्रीवा ने 'मैं स्वयं को धन्यवाद देना चाहूंगी' वाली स्वेटशर्ट पहनी




**एडिलेड, वार्ता।** उभरती हुई टेनिस स्टार मीरा एंड्रीवा ने कनाडा की विक्टोरिया म्बोको को हराकर एडिलेड इंटरनेशनल में महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। शनिवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में रूस की एंड्रीवा ने 64 मिनट में कनाडाई खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको को 6-3, 6-1 से शिकस्त दी।

ऑस्ट्रेलियन ओपन से पहले एंड्रीवा के लिए यह जीत बेहद महत्वपूर्ण है। यह एंड्रीवा का अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए टूर टाइटल और डब्ल्यूटीए 500 लेवल का पहला खिताब है। उन्होंने टूर्नामेंट में गत चैंपियन मैडिसन कीज को क्वार्टर फाइनल में शिकस्त दी और सेमीफाइनल में किम्बर्ली बिरेल को हराया था। मीरा एंड्रीवा ने एडिलेड इंटरनेशनल में महिला एकल का खिताब जीतने के बाद एक स्वेटशर्ट पहनी थी जिस पर उनका सिग्नेचर विनिग कैचफेज लिखा था कि मैं स्वयं को धन्यवाद देना चाहूंगी। फाइनल में शनिवार को विक्टोरिया म्बोको को हराने के बाद एंड्रीवा ने सीधे तौर पर स्वेटशर्ट के बारे में कुछ नहीं कहा। 2026 सीजन का अपना पहला खिताब जीतने के तुरंत बाद एंड्रीवा ने अपने विरोधी, टूर्नामेंट के स्टाफ, स्पॉन्सर और फिजियो को धन्यवाद देने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि मेरी टीम का नंबर इसके बाद आता है। लेकिन मुझे सच में लगता है कि यह सब मैंने ही किया है। मुझे नहीं पता कि मैं क्या कह सकती हूं। मैंने बहुत अभ्यास किया, मैंने काम किया है, पसीना बहाया है और सच कहूं तो मुझे यह भी नहीं पता कि आप लोग यहां क्यों हैं। 18 साल की खिलाड़ी ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में इस कैचफ्रेज की शुरुआत के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि खैर, यह तब शुरू हुआ जब मैंने पहली बार वह वाक्य कहा था। यह तब की बात है जब मैंने रोमानिया के इयासी में अपना पहला टूर्नामेंट जीता था, 250 डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट। तब से, जब भी मैं जीतती हूं और मुझे स्पीच देने का मौका मिलता है, जब भी मुझे जीतने के बाद कोर्ट पर कुछ कहने का मौका मिलता है, तो मैं हमेशा खुद को धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि लेकिन यह मेरी अपनी बात नहीं है। मैंने इसे स्नूप डॉग से चुराया है। क्योंकि मैंने उसे किसी इंटरव्यू में यह कहते हुए देखा था, 'मैं खुद को धन्यवाद देना चाहता हूं।' और फिर बैकग्राउंड में उसका गाना

**खेल विशेष**

## वैभव सूर्यवंशी व अभिज्ञान कुंडु के अर्द्धशतक, भारत ने बनाए 238 रन

**बुलावायो, वार्ता।** वैभव सूर्यवंशी (72) और अभिज्ञान कुंडु (80) की अर्द्धशतककीय पारियों की बदौलत भारत ने शनिवार को अंडर-19 विश्वकप के वर्षा प्रभावित मुकाबले में बांग्लादेश के खिलाफ 238 रन बनाये। बांग्लादेश ने यहां टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय अंडर-19 टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 53 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। कप्तान आयुष म्हात्रे (छह), वेदांत त्रिवेदी (शून्य) को अल फहद ने तीसरे ओवर में आउट किया। विहान मल्होत्रा (सात) को 10वें ओवर में अजीजुल हकीम ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए अभिज्ञान कुंडु ने वैभव सूर्यवंशी के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। इस दौरान वैभव सूर्यवंशी ने अपना अर्द्धशतकक पूरा किया। 27वें ओवर में इकबाल हुसैन इमोन ने वैभव सूर्यवंशी को आउटकर भारत को चौथा झटका दिया। वैभव सूर्यवंशी ने 67 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 72 रनों की आतिशी पारी खेली। हरवंश (दो) और कनिष्क चौहान (28) रन बनाकर आउट हुये। बारिश के कारण खेल रोके जाने के समय भारत ने 39 ओवर में छह विकेट पर 192 रन बना लिये है। बारिश के बाद फिर से खेल शुरु होने पर 40वें ओवर में शेख परवेज जिबोन (पांच) को आउट किया। भारत का आठवां विकेट खिलन पटेल (आठ) के रूप में 45वें ओवर में गिरा। इस दौरान कुंडु एक छोर थामे रन बनाते रहे, उन्हें 47वें ओवर में अल फहद ने आउट किया। कुंडु ने 112 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 80 रनों की पारी खेली।

# श्रीलंका के विरन चामुदिथा अंडर-19 विश्व कप इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाया

● **विरन चामुदिथा ने जापान के खिलाफ 192 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली**

**विंडहोक, वार्ता।** आईसीसी पुरुष अंडर-19 विश्वकप में शनिवार को श्रीलंका के विरन चामुदिथा ने 192 रनों की ऐतिहासिक पारी खेलकर टूर्नामेंट में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गये है।

यहां चामुदिथा अंडर-19 विश्वकप 2026 के अपने पहले मैच में जापान के खिलाफ 192 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की।

उन्होंने अपने हमवतन हसिथ बोयागोडा के 2018 टूर्नामेंट में केन्या के खिलाफ 191 रन के रिकॉर्ड को तोड़ा, इससे पहले उन्हें टिमोथी मूर ने आउट किया था। उन्होंने अपनी पारी में 26 चौके और एक छक्का लगाया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार चामुदिथा ने एक और ऐतिहासिक कारनामा किया है। उन्होंने दीमंथा महाविथान के साथ 328 रन की ओपनिंग साझेदारी की जो कि टूर्नामेंट के इतिहास में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है।

इस बड़ी ओपनिंग साझेदारी की मदद से श्रीलंका ने टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में जापान की अंडर-19 को जीत के लिए 388 रनों का लक्ष्य दिया।

# मेग-लिचफील्ड की फिफ्टी, यूपी ने मुंबई को हराया





● **कप्तान मेग ने 70 और फीबी ने 61 रनों की शानदार पारी खेली की बदौलत मुंबई का आठ विकेट से हराया**

**नवीं मुम्बई, वार्ता।** कप्तान मेग लानिंग (70) और फीबी लिचफील्ड (61) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत यूपी वॉरियर्ज महिला टीम ने शनिवार को विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 10वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 22 रनों से जीत दर्ज की। 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने यूपी वॉरियर्ज के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 69 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा दिए। सजीवन सजना (10), हेली मैथ्यूज (13), नेट साइवर ब्रंट (15), निकोला कैरी (छह) और कप्तान हरमनप्रीत कौर 18 रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद एमेलिया केर और अमनजोत कौर ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठें विकेट के लिए 83 रनों की साझेदारी हुई। 19वें ओवर में शिखा पांडे ने अमनजोत कौर 24 गेंदों में 41रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मुम्बई इंडियंस की टीम निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रन ही बना सकी और 22 रनों से मुकाबला हार गई। एमेलिया केर 28 गेंदों में 49 रन बनाकर नाबाद रही। जी कमालिनी ने नाबाद नौ रन बनाये। यूपी वॉरियर्ज के लिए शिखा पांडे ने दो विकेट लिये। क्रांति गौड़, सोफी एकलस्टन, दीप्ति शर्मा और क्लोई ट्राइऑन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

यहां इससे पहले यूपी वॉरियर्ज ने आठ विकेट पर 187 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुंबई इंडियंस महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी यूपी वॉरियर्ज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में किरण नवगिरे (शून्य) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी फीबी लिचफील्ड ने मेग लालनग के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 119 रनों की साझेदारी हुई।

# जिम्बाब्वे ने कर्टनी वॉल्श को सलाहकार किया नियुक्त



● **आईसीसी के अनुसार जिम्बाब्वे ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया आयरलैंड, ओमन व श्रीलंका के साथ टूनामेंट में वापसी कर रहा है**

**हरारे, वार्ता।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने आगामी टी-20 विश्वकप से अपने सहयोगी स्टाफ के रूप में वेस्टइंडीज के कर्टनी वॉल्श को सलाहकार नियुक्त किया है। उपमहाद्वीप में खेलने का काफी अनुभव रखने वाले वॉल्श ने इस वैश्विक टूर्नामेंट से पहले टीम के साथ काम करना शुरू कर दिया है। यह टूर्नामेंट सात फरवरी से आठ मार्च तक चलेगा। आईसीसी के अनुसार, जिम्बाब्वे ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ओमान और श्रीलंका के साथ है।

जिम्बाब्वे इस टूर्नामेंट में वापसी कर रहा है, क्योंकि वह 2023 में अफ्रीका क्वालिफायर के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद 2024 के संस्करण में हिस्सा नहीं ले पाया था। हालांकि, इस बार उसने नाम.ीबिया के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप अफ्रीका क्वालिफायर 2025 के जरिए क्वालीफाई किया। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर माकोनी ने कहा कि यह नियुक्ति वैश्विक टूर्नामेंट से पहले टीम की तकनीकी गहराई को मजबूत करने के मकसद से की गई है। माकोनी ने कहा कि कर्टनी वॉल्श अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के उच्चतम स्तर पर, खासकर तेज गेंदबाजी में, बेजोड़ अनुभव और समझ रखते हैं। जैसे ही हम आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं, हमारे लिए यह जरूरी था कि हम किसी ऐसे व्यक्ति को लाएं जो समझता हो कि वैश्विक मंच पर सफल होने के लिए क्या करना पड़ता है। उन्होंने आगे कहा कि कर्टनी का ज्ञान, प्रोफेशनलिज्म और खिलाड़ियों को मेंटर करने की क्षमता हमारे लिए बहुत कीमती होगी, क्योंकि हम आने वाली चुनौतियों के लिए अपने गेंदबाजी संसाधनों को बेहतर बना रहे हैं। जिम्बाब्वे अपने पुरुष टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत नौ फरवरी को कोल.ंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में ओमान के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 13 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा।

# पुणे जीटी-2026 जैसी स्पर्धा भारत में बढ़ा सकती हैं लोकप्रियता: सूर्या

● **भारत में साइकिलिंग को स्वीकार किया जा रहा, जरुरत इस बात की है कि देश हर साल उच्च स्तरीय टूर्नामेंट की मेजबानी करें: सूर्या**

**पटियाला, वार्ता।** भारत के सबसे जाने-माने साइकिलिस्ट में से एक सूर्या रमेश थाथू का मानना है कि बजाज पुणे ग्रैंड टूर जैसी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की साइकिलिंग स्पर्धा की मेजबानी करने से देश में इस खेल की लोकप्रियता काफी बढ़ सकती है। फिलहाल पटियाला में आने वाले बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 की तैयारी कर रहे सूर्या ने साइकिलिंग को ज्यादा पहचान दिलाने के लिए भारत में हर साल इसी स्टैंडर्ड की दो से तीन हाई-क्वालिटी रेस की मेजबानी करने की जरूरत पर बल दिया। साइकिलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 2024 में सर्वश्रेष्ठ साइकिलिस्ट चुने गए सूर्या ने यूनीवार्ता से बातचीत में कहा कि भारत में साइकिलिंग को स्वीकार किया जा रहा है। जरूरत इस बात की है कि देश हर साल उच्च स्तरीय टूर्नामेंट की मेजबानी करे। अगर पुणे जीटी जैसी दो या तीन बड़ी रेस हर साल होती हैं, तो साइकिलिग भारत में क्रिकेट जैसी लोकप्रिय हो सकती है। बजाज पुणे ग्रैंड टूर 2026 पुरुषों के लिए भारत की पहली यूसीआई 2-2 कैटेगरी की मल्टी-स्टेज, पांच-दिवसीय कॉन्टिनेंटल साइकिलिग रेस है। यह पांच-दिवसीय रेस, जो 19 से 23 जनवरी 2026 तक होनी है, इसमें पुणे जिले के अलग-अलग इलाकों में 437 किलोमीटर में फैले चार से ज्यादा स्टेज शामिल होंगे। रेस में भारतीय दल में 6-6 राइडर्स की दो टीमें शामिल हैं - भारतीय राष्ट्रीय टीम और भारतीय विकास टीम। सूर्या भारतीय राष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं। 27 वर्षीय साइकिलिस्ट ने माना कि घरेलू मैदान पर मुकाबला करने का अपना दबाव होता है, लेकिन इसके फायदे भी हैं। उन्होंने कहा कि मेजबान होने के नाते, दबाव तो होगा ही, लेकिन यह एक फायदा भी है। आपको रास्ता पता होता है और मौसम भी आपके अनुकूल होता है। उम्मीदें होंगी, और अगर आप अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं, तो आलोचना भी होगी। शिव छत्रपति पुरस्कार विजेता ने अपनी यात्रा के बारे में बताया कि शुरुआत में उन्होंने खुद ही अभ्यास किया, लेकिन कोच अमित जांगड़ा के तहत ट्रेनिग शुरू करने के बाद उनके प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि मैंने एक स्केटर के रूप में शुरुआत की और बाद में साइकि.लिंग में आ गया। शुरुआत में, मैंने स्वयं ही ट्रेनिग ली, अपने आस-पास के लोगों से सीखा और दूसरों को देखकर सीखा। मैंने बिना किसी स्ट्रक्चर्ड प्रोग्राम के एंड्योरेंस राइड्स और स्प्रिंट वर्क पर बहुत ध्यान दिया। मैंने अपनी खुद की ट्रेनिग से मेडल जीते, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुक.ाबला करने के लिए, एक सही ट्रेनिग स्ट्रक्चर जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2023 में उन्हें पेशेवर गाइडेंस की जरूरत महसूस हुई। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि अब समय आ गया है कि मुझे एक ऐसा कोच मिले जो मुझे एक स्ट्रक्चर्ड प्रोग्राम दे सके और सिर्फ एंड्योरेंस राइड्स करने के बजाय मेरी कमजोरियों पर काम कर सके। तब से बहुत कुछ बदल गया है। मैं एक स्प्रिंटर से एक अच्छा क्लाइंबर और टाइम ट्रायलिस्ट बन गया हूं। अपनी रेसिंग स्टाइल में आए बदलाव को लेकर सूर्या ने कहा कि पहले मैं सिर्फ एक स्प्रिंटर था। एक स्प्रिंटर के तौर पर, आप एक्सप्लोसिवनेस पर निर्भर रहते हैं, लेकिन जब आप टाइम ट्रायल में जाते हैं, तो आप एक मजबूत ओवरऑल थ्रेशहोल्ड विकसित करते हैं जिसे आप एक घंटे या उससे ज्यादा समय तक बनाए रख सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महाराष्ट्र में कई प्रतिभावान साइकिलिस्ट हैं, लेकिन उनके पास अंतर्राष्ट्रीय स्तर के जरूरी अनुभव की कमी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में बहुत अच्छे साइकिलिस्ट हैं, लेकिन उन्हें और अधिकतर को अनुभव की जरूरत है। मेरे टीम के साथी और मैं विदेश में रेस कर रहे हैं। कई और रेसर भी हैं जो उतने ही टैलेंटेड हैं। उन्हें रेसिग की टैक्टिक्स सीखने के लिए अनुभव की जरूरत है।

# श्रीनिधि डेक्कन ने मरीना अकादमी को 2-1 से हराया



**नई दिल्ली, वार्ता।** श्रीनिधि डेक्कन फुटबॉल क्लब ने शनिवार को एआईएफएफ एलीट यूथ लीग 2025-26 में एफसी मरीना अकादमी चेन्नई के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की।

सुबह खेले गए मुकाबले की शुरुआत में मुहम्मद जहान एम-एम- ने सातवें मिनट में गोल.कर श्रीनिधि डेक्कन फुटबॉल क्लब को बढ़त दिलाई। इसके बाद अरमान छेत्री ने 29वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसे बाद दोनों टीमों के कई बार गोल करने के प्रयास किए, लेकिन वे इसमें विफल रही। कपमिनलाल ने 89वें मिनट में अपनी टीम एफसी मरीना अकादमी चेन्नई के लिए संत्वाना गोल किया।

# दिल्ली ने महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराया

● **दिल्ली दबंग वॉरियर्स ने अपने पहले मुकाबले में महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराकर लीग में सशक्त शुरुआत की**

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में 16 दिवसीय प्रो रेसलिंग लीग 2026 खेल के दूसरे दिन शुक्रवार देर रात तक खेले गए दंगल मैच में दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने अपने पहले मुकाबले में महाराष्ट्र केसरी को 6-3 से हराकर सशक्त शुरुआत की।

नोएडा इंडोर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली की 17 वर्षीय पहलवान सारिका ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पेरिस 2024 की रजत पदक विज.ेता गुजमान लोपेज युसनेयलिस को 7-0 से मात दी। मुकाबले की शुरुआत महाराष्ट्र केसरी ने 57 किग्रा महिला वर्ग में मनीषा भनवाला की 6-0 की जीत के साथ बढ़त बनाकर की। दिल्ली ने हालांकि पुरुषों के 57 किग्रा वर्ग में शुभम कौशिक की शानदार वापसी के दम पर स्कोर बराबर कर दिया। शुभम ने पावर मिनट में निर्णायक चार अंकों का टेकडाउन लगाते हुए 12-10 से जीत दर्ज की। 53 किग्रा महिला वर्ग में युवा सारिका के दबदबे के बाद महाराष्ट्र की दुडोवा बिल्याना झिवकोवा ने अंजलि को 10-2 से हराकर मुकाबला 2-2 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद 125 किग्रा हैवीवेट में महाराष्ट्र के पूर्व यूरोपीय चैंपियन रॉबर्ट बारन ने रोनक को 5-0 से हराकर अपनी टीम को फिर से बढ़त दिलाई। दिल्ली दंगल वॉरियर्स ने इसके बाद लगातार दमदार प्रदर्शन करते हुए 74 किग्रा वर्ग में तुरान बायरामोव ने यश को 14-10 से हराया, जबकि 76 किग्रा महिला वर्ग में अनास्तासिया अल्पएवा ने हर्षिता मोर को फॉल के जरिए पराजित कर दिल्ली की बढ़त मजबूत की। 86 किग्रा पुरुष वर्ग में वफाएइपौर हादी बख्तियार की 5-3 की जीत ने दिल्ली की जीत लगभग सुनिश्चित कर दी। अंत में कप्तान सुजीत कलकल ने 6-2 की संयमित जीत के साथ दिल्ली को 6-3 की शानदार टीम विजय दिलाई। दिल्ली की अनास्तासिया अल्पएवा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' जबकि महाराष्ट्र केसरी के रॉबर्ट बारन को 'फाइटर ऑफ द मैच' चुना गया। गौरतलब है कि प्रो रेसलिग लीग 2026 का आयोजन 15 जनवरी से एक फरवरी तक नोएडा इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। सभी मुकाबलों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स टेन 4 और टेन 5 पर किया जा रहा है।

## इंदौर एकदिवसीय मैच में भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगी बादशाहत की जंग

**इंदौर, वार्ता।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को वनडे सीरीज के आखिरी मुक.ाबले में बादशाहत की जंग देखने को मिलेगी। जहां मेहमान टीम लगभग दो दशकों के बाद भारतीय धरती पर एक दुर्लभ वनडे सीरीज जीत दर्ज करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी। वहीं भारत घरेलू रिकार्ड को कायम रखते आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगा। होलकर क्रिकेट स्टेडियम में न्यूजीलैंड के भारत दौरे के तीसरे और निर्णायक एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुक.ाबले में भारत अपने शानदार घरेलू रिकॉर्ड को कायम रखते हुए आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगा। भारतीय टीम पिछले 20 सालों में घरेलू जमीं पर न्यूजीलैंड से एक भी वनडे सीरीज नहीं हारी है और इस मैदान पर उसका रिकॉर्ड 7-0 का रहा है। भारत दूसरे वनडे में राजकोट में सात विकेट से हार के बाद इस मुकाबले में उतर रहा है, जहां केएल राहुल (112) के जुझारू नाबाद शतक और कप्तान गिल (56) के शानदार अर्द्धशतकक के बावजूद, उन्हें अच्छी बल्लेबाजी पिच पर 284 रन पर सात विकेट पर रोक दिया गया था। यह स्कोर अपर्याप्त साबित हुआ। न्यूजीलैंड ने 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर इसे आसानी से हासिल कर लिया। डैरिल ने ब्लैक कैप्स के लिए शानदार नाबाद 131 रन बनाए, और विल यंग (87) के साथ मिलकर 162 रनों की निर्णायक साझेदारी की। मिशेल इस सीरीज में न्यूजीलैंड के सबसे शानदार खिलाड़ी रहे हैं, जिन्होंने 215 रन बनाए हैं, जबकि राहुल 141 रनों के साथ भारत के बल्लेबाजी चार्ट में सबसे ऊपर हैं। भारत की गेंदबाजी, खासकर स्पिन विभाग, महत्वपूर्ण चरणों में रन देने के बाद सवालों के घेरे में आ गई है। कुलदीप व जडेजा पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा, जबकि अर्शदीप को शामिल करने से सिराज और प्रसिद्ध के साथ एक बहुत जरूरी स्विंग विकल्प मिल सकता है।

# न्यायालय से मुलजिम फरार होने पर कोर्ट मोहर्रिर निलंबित

**❖ एसएसपी का एक्शन :**
**दो दिन पूर्व चेक बाउंस के मामले में न्यायालय से दो साल की सजा होने पर मुलजिम कोर्ट में अभी रक्षा से हुआ था फरार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** न्यायिक अभिरक्षा में दिए गए एक सजायाफ्ता अभियुक्त के फरार होने के मामले को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार श्री प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने बेहद गंभीरता से लेते हुए कड़ा अनुशासनात्मक कदम उठाया है। प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर रुड़की न्यायालय में तैनात महिला कोर्ट मोहर्रिर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माननीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रुड़की द्वारा दिनांक 16 जनवरी 2025 को धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत प्रचलित एक परिवाद में अभियुक्त को 01 वर्ष का कारावास दंडित किया गया था। सजा सुनाए जाने के उपरांत अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया था। किंतु इसी दौरान अभियुक्त कोर्ट मोहर्रिर की अभिरक्षा से फरार हो गया। इस संबंध में कोर्ट मोहर्रिर द्वारा कोतवाली गंगनहर में अभियुक्त के फरार होने की सूचना देते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया गया। मामले के संज्ञान में आते ही एसएसपी हरिद्वार ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए तत्काल अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि न्यायालय से संबंधित कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रारंभिक जांच में कोर्ट मोहर्रिर की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें निलंबित किया गया है। साथ ही पूरे प्रकरण की निष्पक्ष व विस्तृत जांच सुनिश्चित करने के लिए एडिशनल एसपी/सीओ रुड़की को निर्देशित किया गया है कि वे मामले की गहन जांच कर एक सप्ताह के भीतर विस्तृत तथ्यात्मक जांच आख्या प्रस्तुत करें। पुलिस विभाग द्वारा फरार अभियुक्त की तलाश के प्रयास भी तेज कर दिए गए हैं और जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में स्पष्ट संदेश गया है कि कर्तव्य में किसी भी प्रकार की चूक पर सख्त कार्रवाई तय है।

# नवनियुक्त वक्फ बोर्ड सीईओ मौ. आरिफ ने संभाला कार्यभार

**❖दरगाह पर चादर पोशी कर मांगी देश में अमन चौन व भाईचारे की दुआ**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के नवनियुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मो. आरिफ ने दरगाह साबिर पाक में हाजिरी देकर चादर पेश की और मुल्क व प्रदेश में अमन-चौन, भाईचारे तथा तरक्की के लिए दुआ मांगी।उसके बाद उन्होंने दरगाह का कार्यभार संभाला।इस अवसर पर दरगाह के सुपरवाइजरों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।

उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के नवनियुक्त सीईओ मो आरिफ शनिवार को दरगाह साबिर पाक पहुंचे।सबसे पहले उन्होंने दरगाह साबिर पाक में चादर पेश की। उसके बाद उन्होंने दरगाह कार्यालय का कार्यभार संभाला। साथ ही दरगाह संबंधित पत्रावलियों को देखा।साथ ही दरगाह क्षेत्र का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने दरगाह क्षेत्र में साफ सफाई ,लंगर के खाने में गुणवत्ता सहित अन्य व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही बकायादारों से पैसा वसूल करने के निर्देश दरगाह प्रबंधन को दिए। सीईओ मो. आरिफ ने कहा कि साबिर पाक की धरती से उन्हें अपनी नई जिम्मेदारी के लिए मार्गदर्शन मिला है।उन्होंने बताया कि उनकी प



प्राथमिकताओं में वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा और संरक्षण, अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, वक्फ रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण, तथा आय व्यय में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करना शामिल है। वक्फ संपत्तियों से होने वाली आय का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण के कार्यों में किया जाएगा।इस मौके पर हज अधिकारी हाजी मौ. अहसान, सुपरवाइजर इंतखाब आलम ,अफजाल ,राव शारिक, हारुन, असलम कुरैशी,लेखाकार सद्दाम ,राव सिकंदर वसीम सहित दरगाह कर्मचारी मौजूद रहें।

## शहिदवाला ग्रंट में चौहान समाज व सर्व समाज के लोगों ने

# भाजपा नेता सुबोध राकेश का किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला/ज्वालापुर।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र के शहिदवाला ग्रंट मे चौहान समाज एवं सर्व समाज के बुजुर्गो एवं नौजवान साथियो ने भाजपा नेता सुबोध राकेश का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधानसभा 2027 चुनाव में पूर्ण समर्थन देने की बात कही।

भाजपा नेता सुबोध राकेश ने कहा कि उनका प्रयास है क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति को जल, सड़क, बिजली समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलता रहे। इसके लिए वे प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि विकास में कभी कमी नहीं दी जाएगी। क्षेत्र के लोगों का सम्मान होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की सड़कों का बदहाल स्थिति है। जनता के आशीर्वाद से सबसे पहला कार्य सड़कों को दुरुस्त करने का होगा। इस मौके पर ऋषिपाल प्रधान जी, राजेश प्रधान, मुकेश दशमाना जी, कुशलपाल जी, कुलदीप मास्टर, कल्याण चौहान दरोगा, सौराज चौहान बंजारेवाला, विनीत चौहान, शुभम चौहान, डॉ राजेश गुधिया, छोटन लाल, मोनू, दीपक,



मनोज, सौरभ, अंकित, विक्रम, जयपाल डीलर, सुशील चौहान, रोहित चौहान इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# किसान पर किया धारदार हथियार से जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र के नगर पालिका परिषद अंतर्गत सलेमपुर बंक्काल में आज सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब खेत पर जा रहे एक किसान पर कुछ दबंगों ने धारदार हथियारों और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायल किसान को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

क्या है पूरा मामला : पूर्व सभासद मगता हसनकेअनुसार, उनका भतीजा नौशाद सुबह करीब 10:00 बजे ट्रैक्टर लेकर अपने खेत पर जा रहा था। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे सगीर के लड़कों और उसके पोतों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि इन लोगों ने नौशाद पर तेज धारदार हथियारों औरलाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसे शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं।पुरानी रंजिश का एंगलपूर्व सभासद ने बताया कि हमलावरों से उनकी कोई पुरानी पारिवारिक रंजिश नहीं थी। विवाद की जड़ एक सामाजिक मामला है। मगता हसन ने कहा:गांव की एक लड़की को इनके परिवार का कोई व्यक्ति भगा ले गया था। मैंने पीड़ित परिवार की मदद की थी और हमलावरों को समझाया था कि गरीबों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करते। बस इसी बात की खुन्नस में ये लोग मेरे और मेरे परिवार के दुश्मन बन गए।दबंगई और दहशत का माहौलपीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावर शातिर किस्म के अपराधी हैं। आरोपी एहसान पूर्व में नेहन्दपुर गांव में तमंचे के साथ भी पकड़ा जा चुका है। मगता हसन ने आशंका जताई है कि ये लोग उनके परिवार के साथ किसी बड़ी अनहोनी को अंजाम दे सकते हैं।फिलहाल, पीड़ित पक्ष ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## तमंचे के साथ फोटो खिंचवाने पर एक गिरफ्तार

**लक्सर।** तमंचे के साथ फोटो खिंचवाना युवक को महंगा पड़ा। मुखबिर की सूचना पर रायसी चौकी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से एक तमंचा बरामद किया गया है। एक युवक के तमंचे के साथ फोटो खिंचवाने का मामला सामने आया था। पुलिस आरोपी की पहचान कर रही थी। इसी बीच बृहस्पतिवार रात को रायसी चौकी प्रभारी नीरज रावत टीम के साथ गश्त पर निकले थे। मुखबिर ने उन्हें एक युवक के तमंचा लेकर रायसी से अकौढ़ा की ओर पैदल जाने की सूचना दी। सूचना पर उन्होंने मार्ग से एक युवक को पीछा करके पकड़ लिया। आरोपी से एक तमंचा बरामद किया गया। उसके पास मौजूद मोबाइल फोन में तमंचे के साथ उसकी फोटो भी मिली। नाम रितिक ग्राम अकौढ़ा बताया।

# युवक से मारपीट व अपहरण के मामले में 9 पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना कलियर क्षेत्र में एक युवक के अपहरण और मारपीट के मामले में पीड़ित की तहरी पर 9 युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिरान कलियर के जवांईखेड़ा निवासी रज्जाक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजे अपनी ठेली लेकर जा रहा था। इसी दौरान गंगनहर के पुराने पुल के पास पहले से घात लगाए बैठे कुछ युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने गाली-गलौज करते हुए जबरन उसे सफेद रंग की दिल्ली नंबर की कार में डाल लिया और हाथ-पैर बांधकर बंधक बना लिया। आरोपी उसे दरगाह अब्दाल शाह के पास एक कॉलोनी के चौराहे की ओर ले जाने लगे। रास्ते में कार की गति धीमी होने पर उसने किसी तरह हाथ-पैर खोलकर कार से कूदकर भागने की कोशिश की और पास के एक गेस्ट हाउस में घुस गया। हमलावर वहां भी पीछे-पीछे घुस आए और उसके साथ जमकर मारपीट की। इसके बाद आरोपी उसे जबरन रहेडे में डालकर अपने घर ले जाकर बंधक बना लिया।इसी बीच परिजनों को घटना की जानकारी मिल गई। पीड़ित के भाई ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी।थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया कि जुम्मन, सहजाद, बिलाल, गुलाम साबिर, जुनैद, रजब, सिकंदर,जुबैर,रजब निवासी कलियर और शाहनजर निवासी मंगलौर के खिलाफ अपहरण व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बैंक से डेढ़ लाख रुपए निकालने पर मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** अज्ञात व्यक्ति द्वारा यूपीआई के माध्यम से बैंक खाते से 1 लाख 54 हजार रुपये निकाल लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिरान कलियर के सोहलपुर निवासी राम सिंह ने कलियर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 7 जनवरी 2026 को वह पंजाब नेशनल बैंक की पिरान कलियर शाखा में अपनी पासबुक की प्रविष्टि कराने पहुंचे। पासबुक देखने पर उसे जानकारी मिली कि उसके खाते से 29 नवंबर से 26 दिसंबर 2025 के बीच यूपीआई के माध्यम से कुल 12 बार में 1,54,000 रुपये निकाल लिए गए हैं। जबकि उन्होंने स्वयं इस प्रकार का कोई लेनदेन नहीं किया।पीड़ित के अनुसार खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर उन्होंने तुरंत साइबर सेल को अवगत कराया तथा बैंक से लेनदेन का विवरण प्राप्त किया। रिकॉर्ड से स्पष्ट हुआ कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर रकम निकाली गई है। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाते हुए खाते से गायब धनराशि वापस दिलाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और बैंक रिकॉर्ड और साइबर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# पूर्व मंत्री भड़ाना ने छात्रों को बांटे गर्म कपड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पूर्व केबिनेट मंत्री ने गुरुकुल नारसन में स्थित राजा महेंद्र प्रताप स्कूल के छात्र छात्राओं को स्वेटर बांटे जिसके पश्चात उन्होंने अपने कार्यलय पर ग्राम पिरपुरा और ग्राम नसीरपुर के लोगो को धन्यवाद अदा करने के लिए बुलाया और उन्हें सम्मानित भी किया

करतार सिंह भड़ाना ने कहा कि सर्दी बहुत है इसी के चलते उन्हें एहसास हुआ कि बहुत से छात्र ऐसे है जिन्हें ठंड के मौसम में गर्म कपड़े भी नसीब नही होते इसी लिए उन्होंने शनिवार को राजा महेंद्र प्रताप स्कूल मैं पढ़ने वाले सभी छात्रों को जर्सी बांटी साथ ही दो गाँव के लोगो को सम्मानित भी किया मंगलौर से बसपा ने मोंटी के आर एल डी जॉइन करने पर उन्होंने कहा की किस्मत कोई नही छीन सकेता अगर उनकी किस्मत में परमात्मा ने विधायक बनना लिख दिया है तो उसे कोई नही रोक सकता



# बॉर्डर क्षेत्र में तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन।** नारसन बॉर्डर के पास हाईवे किनारे लगे बांस के पेड़ों में एक राहगीर की नजर पड़ी। जब उसने ध्यान से देखा तो पेड़ों के बीच एक तेंदुआ बैठा हुआ था। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश बॉर्डर पर स्थित नारसन कस्बे में हड़कंप मच गया। हाईवे किनारे एक तेंदुए के देखे जाने की खबर सामने आई। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इससे क्षेत्र के ग्रामीणों और राहगीरों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बृहस्पतिवार देर रात नारसन बॉर्डर के पास हाईवे किनारे लगे बांस के पेड़ों में एक राहगीर की नजर पड़ी। जब उसने ध्यान से देखा तो पेड़ों के बीच एक तेंदुआ बैठा हुआ था। राहगीर के शोर मचाने पर अन्य लोग भी वहां एकत्र हो गए। जैसे ही कुछ लोगों ने अपनी बाइक की लाइट का फोकस पेड़ों की ओर किया, रोशनी पड़ते ही तेंदुआ वहां खेतों की ओर भाग गया। इस दौरान वहां मौजूद कुछ युवकों ने तेंदुए का वीडियो अपने मोबाइल में कैद कर लिया जो अब इंटरनेट पर खूब वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही नारसन कस्बे और आसपास के ग्रामीण इलाकों में डर का माहौल बना हुआ है।

## युवकों ने की मारपीट वीडियो वायरल

**रूडकी।** एक व्यक्ति अपनी ठेली लेकर जा रहा था। इसी दौरान गंगनहर के पुराने पुल के पास पहले से घात लगाए बैठे कुछ युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने गाली-गलौज करते हुए उसे जबरन दिल्ली नंबर की सफेद रंग की कार में डाल लिया और हाथ-पैर बांधकर बंधक बना लिया। कलियर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति का अपहरण कर कार में डालने और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित किसी तरह चंगुल से छूटकर एक गेस्ट हाउस में घुस गया। इसपर आरोपियों ने उसे फिर से पकड़ लिया और पिटाई शुरू कर दी।

# पिता की हत्या के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** पिता की गोली मारकर हत्या के आरोपी पुत्र की जमानत याचिका अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार सिंह ने खारिज कर दी है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उससे एक तमंचा बरामद किया था। आरोपी के खिलाफ हत्या के साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि 24 मई की रात को खानपुर थाना क्षेत्र के हस्तमौली गांव निवासी मलखराज की रात को सोते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पत्नी मालती देवी ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने मलखराज के पुत्र सूरज को अपने पिता की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। आरोपी से हत्या में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद किया गया था। हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में जेल में बंद आरोपी सूरज की ओर से स्वयं को निर्दोष बताते हुए एडीजे कोर्ट में जमानत याचिका दायर की गई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने आरोपी की जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी पर अपने ही पिता की गोली मारकर हत्या करने का संगीन आरोप है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त तमंचा बरामद किया था। उन्होंने अपराध को गंभीर बताते हुए जमानत का विरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार सिंह ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

# रुड़की के सभी 40 वार्डों में लगेंगी हाईमास्ट लाइटें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** शहर की सड़कों व प्रमुख चौराहों को रोशन कर रात के समय सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगर निगम सभी 40 वार्डों में हाईमास्ट लाइटें लगाएगा। नगर आयुक्त राकेश चंद्र तिवारी ने बताया कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी 40 वार्डों में एक-एक हाईमास्ट लाइट स्थापित की जाएगी। इन लाइटों को ऐसे स्थानों पर लगाया जाएगा, जहां यातायात का दबाव अधिक रहता है। नगर आयुक्त ने बताया कि योजना के तहत प्रमुख चौराहों, व्यस्त मार्गों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों को प्राथमिकता दी जा रही है। निगम की तकनीकी टीम की ओर से स्थल चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हाईमास्ट लाइटें लगने से रात के समय पैदल चलने वालों, वाहन चालकों और दुकानदारों को बेहतर सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही आपराधिक गतिविधियों पर भी अंकुश लगेगा क्योंकि पर्याप्त रोशनी होने से असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर निगरानी आसान हो सकेगी।

## ग्राम पंचायत रसूलपुर में बहुउद्देशीय शिविर में राज्यमंत्री ने सुनी जन समस्याएं

# घर-घर जाकर जनता की समस्याएं हल कर रही सरकार : देशराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन पी आर चौहान की अध्यक्षता में विकासखंड रुड़की के न्याय पंचायत पनियाला चंदापुर ग्राम पंचायत रसूलपुर में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनों से 483 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से 736 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए,इस शिविर में 4112 लोगों द्वारा किया गया प्रतिभाग।

आयोजित शिविर ने क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 44 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें 25 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया,शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष, समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति (राज्यमंत्री स्तर)देशराज कर्णवाल ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित



जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना है तथा उनकी समस्याओं का त्वरित गति से समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जन जन की सरकार जन जन के द्वार आयोजित हो रहे शिविरो में भारी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे है तथा शिविर में विभिन्न विभागो की जन-कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 44 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिनमें से 25 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।जिनमें भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़ एवं साफ-सफाई से जुड़ी समस्याएं प्रमुख रहीं। उन्होंने कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से क्षेत्रीय जनता को भरपूर लाभ हो रहा है। राज्य मंत्री द्वारा शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का भी निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी प्रशासन पी आर चौहान ने संबंधित अधिकारियों को कहा कि जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। शिविर में प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अनीश गौड़,जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती नीलकमल शर्मा,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल



वर्मा,खंड विकास अधिकारी सुमन कोठियाल सहित क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानगण, पंचायत सदस्यगण, अधिकारी व कर्मचारीगण और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सिंगापुर के नौसैनिक बेस पहुंचा भारतीय नौसेना का प्रशिक्षण स्क्वाड्रन



■ वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026' के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए यह तैनाती विशेष महत्व रखती है

**नई दिल्ली।** आसियान देशों के साथ समुद्री सहयोग और हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (आईओएनएस) मंच में भारत के मौजूदा नेतृत्व के अनुरूप नौसेना का पहला प्रशिक्षण स्क्वाड्रन (1टीएस) सिंगापुर के चांगी नौसैनिक बेस पहुंचा है जिसमें नौसेना के आईएनएस तीर, आईएनएस शार्दुल, आईएनएस सुजाता तथा भारतीय तटरक्षक पोत सारथी शामिल हैं।

नौसेना के अनुसार यह प्रशिक्षण स्क्वाड्रन इन दिनों दक्षिण-पूर्व हिंद महासागर क्षेत्र में प्रशिक्षण तैनाती पर है। वर्ष 2026 को 'आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष 2026' के रूप में मनाया जा रहा है इसलिए यह तैनाती विशेष महत्व रखती है। यात्रा के दौरान भारतीय नौसेना और सिंगापुर नौसेना के नौसैनिक क्षमता निर्माण और समुद्री सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न बंद. रगाह गतिविधियों और पेशेवर संवादों में भाग लेंगे। दोनों नौसेनाओं के प्रशिक्षुओं के बीच संरचित प्रशिक्षण आदान-प्रदान, संयुक्त योग सत्र और खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत भारतीय नौसेना बैंड द्वारा सिंगापुर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी। प्रवास के दौरान जहाजों को स्कूली बच्चों के दर्शन के लिए खोला जाएगा। सिंगापुर आगमन पर भारत के उच्चायुक्त डा. शिल्पक अंबुले ने 1टीएस के प्रशिक्षुओं से संवाद किया। वरिष्ठ अधिकारी 1टीएस और जहाजों के कमान अधिकारियों ने मैरीटाइम ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमान के कमांडर से भी शिष्टाचार भेंट की। यात्रा के दूसरे दिन सामुदायिक सहभागिता और सिंगापुर नौसेना के साथ विभिन्न संवाद आयोजित किए गए। इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर और आरएसएन म्यूजयिम का भ्रमण, मैत्रीपूर्ण खेल प्रतियोगिताएं तथा नारायण वृद्धाश्रम और नर्सिंग होम में जनसंपर्क गति. विधि इस दिन के प्रमुख आकर्षण रहे। यह यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट नीति के तहत दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ मजबूत समुद्री साझेदारी और सतत सहभागिता को और सुदृढ़ करती है।

## भारतीय सेना ने श्रीलंका में तीसरे बेली ब्रिज का निर्माण किया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के इंजीनियरों ने दित्वा चक्रवात से बुरी तरह प्रभावित श्रीलंका में बी-492 राजमार्ग पर 120 फुट लंबे तीसरे बेली ब्रिज का सफलतापूर्वक निर्माण किया है। सेना के अनुसार क्षेत्रीय एकजुटता और मानवीय सहायता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए मध्य प्रांत में स्थित यह पुल कैंडी और नुवारा एलिया जिलों को जोड़ता है। इससे चक्रवात दित्वा के कारण हुई तबाही के बाद एक महीने से अधिक समय तक बाधित रहे महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग की बहाली हुई है। जाफना और कैंडी क्षेत्रों में पहले दो बेली ब्रिजों के सफल निर्माण के बाद वहां सेना की यह तीसरी उपलब्धि है। सेना के प्रयासों से इस क्षेत्र में सड़क संपर्क बहाल होने के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं तक पहुंच में सुधार हुआ है और चक्रवात से प्रभावित समुदायों को जरूरी राहत मिली है। सेना ने यह निर्माण कार्य ऑपरेशन सागर बंधु के तहत किया है जो भारत की त्वरित, भरोसेमंद और प्रभावी मानवीय सहायता एवं आपदा राहत प्रतिक्रिया को दर्शाता है। भारतीय सेना द्वारा इंजीनियरिंग विशेषज्ञता और संसाधनों की शीघ्र तैनाती प्राकृतिक आपदाओं के समय सहयोग और एकजुटता की भावना को बताती है। यह पहल भारत की पड़ोसी प्रथम की नीति और वसुधैव कुटुम्बकम की शाश्वत भावना को रेखांकित करती है।



**नई दिल्ली। आगामी गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के दौरान भारतीय सेना के वाहन।**

## वेनेजुएला के कार्यवाहक राष्ट्रपति ने की मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा

**काराकास।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल में तीन फेरबदल की घोषणा की। रोड्रिगेज ने टेलीग्राम पर बताया कि मिगुएल पेरेज पिरेला को संचार एवं सूचना मंत्री नियुक्त किया गया है, जो फ्रेडी नैनेज की जगह लेंगे, जो पर्यावरण-समाजवाद मंत्रालय के प्रमुख होंगे। रोड्रिगेज ने कहा कि अपनी नई भूमिका में, नैनेज हमारी पृश्वी की सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण से संबंधित सभी मामलों के लिए सार्वजनिक नीतियों को बढ़ावा देना जारी रखेंगे। कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिग्ज ने एनीबल कोरोनाडो को परिवहन मंत्री नियुक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान के समर्थन में बगदाद में बड़ा प्रदर्शन

**बगदाद।** ईरान को लेकर अमेरिकी धमकियों के खिलाफ इराक की राजधानी बगदाद में एक बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों इराकी नागरिकों ने भाग लिया। यह जानकारी स्पुतनिक संवाददाता ने शनिवार को दी। ईराक में हजारों आम नागरिकों और शिया समूहों के समर्थकों ने शुक्रवार को अमे. रिकी खतरों के बीच ईरानी क्षेत्र पर हमला करने के खिलाफ बगदाद में ईरानी दूतावास के सामने प्रदर्शन किया, जिसमें ईरान और ईरानी नागरिकों का समर्थन किया। इराकी प्रदर्शकारियों ने अमेरिकी और इजरायली विरोधी नारे लगाए और अमेरिकी और इजरायली झंडे जलाने की कोशिश की।

### चीन का शिजियान-32 उपग्रह प्रक्षेपण मिशन विफल

**शीचांग।** चीन के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से शिजियान-32 उपग्रह का प्रक्षेपण शनिवार को विफल रहा। इसके प्रक्षेपण में लॉन्ग मार्च-3बी वाहक रॉकेट का उपयोग किया गया था। दक्षिण-पश्चिमी सिचुआन प्रांत के प्रक्षेपण केंद्र से रॉकेट ने 00:55 बजे (बीजिग समयानुसार) उड़ान भरी लेकिन उड़ान के दौरान एक असामान्य घटना घटित हुई। विफलता के कारणों की जांच की जा रही है।

### माली के अधिकारियों ने ज्यून अफ्रीक अखबार पर प्रतिबंध लगाया

**माली।** माली के क्षेत्रीय प्रशासन और विकेंद्रीकरण मंत्री अब्दुलाए माइगा ने देश में ज्यून अफ्रीक समाचार पत्र के प्रकाशन, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। माली की समाचार वेबसाइट 'अ-बमाको' ने शुक्रवार को माइगा के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि यह प्रतिबंध अखबार की कथित झूठी, अस्थिर करने वाली और पक्षपातपूर्ण खबर के प्रकाशन के कारण लगाया गया है, विशेष रूप से ईंधन आपूर्ति संकट के कवरेज के संदर्भ में।

# ग्रीनलैंड पर कब्जे का विरोध, तो टैरिफ लगाएंगे

## राष्ट्रपति ट्रम्प ने दुनियाभर के देशों को धमकी दी, कनाडाई पीएम बोले: हम हर हाल में ग्रीनलैंड के साथ



■ नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है
■ ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने को लेकर खुली धमकी दी है। बीबीसी के मुता. बिक, उन्होंने कहा कि अगर किसी देश ने ग्रीनलैंड पर कब्जे वाले प्लान में उनका साथ नहीं दिया तो वे उन देशों पर टैरिफ लगाएंगे। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक बैठक के दौरान यह बयान दिया। हालांकि, उन्होंने साफ नहीं किया कि किन देशों पर टैरिफ लगाया जाएगा और इसके लिए वह किस कानूनी अधिकार का इस्तेमाल करेंगे।

दूसरी ओर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि ग्रीनलैंड के मालिकाना हक का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का नहीं है। नाटो देश होने के नाते ग्रीनलैंड के तरफ हमारी जिम्मेदारी बरकरार है। उन्होंने कहा के ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों का फैसला है। कार्नी ने नाटो सहयोगियों, खासकर अमे. रिका से कहा कि वे अपने वादों का सम्मान करें। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए भी अहम बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसा. इल डिफेंस प्रोजेक्ट है।

यह इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है। गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प ने बताया कि अमेरिका ग्रीनलैंड को लेकर नाटो से भी बातचीत कर रहा है। ट्रम्प पहले भी कह चुके हैं कि नाटो को अमेरिका का साथ देना चाहिए। अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कंट्रोल नहीं किया, तो रूस या चीन वहां अपना असर बढ़ा सकते हैं, जो किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। ट्रम्प के बयान के वक्त अमेरिकी संसद का एक द्विदलीय प्रतिनिधिमंडल ग्रीनलैंड के दौरे पर था। इस 11 सदस्यीय टीम का नेतृत्व डेमोक्रेट सीनेटर क्रिस कून्स कर रहे हैं। इसमें रिपब्लिकन सीनेटर थाम टिलिस और लिसा मर्कोव्स्की भी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीनलैंड के सांसदों के अलावा डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन और ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स-फ्रेडरिक नीलसन से मुलाकात की। टीम का मकसद स्थानीय लोगों की बात सुनना और वाशिंगटन में तनाव कम करना है। सीनेटर कून्स ने कहा, हम ग्रीनलैंड के लोगों की सुन रहे हैं और उनकी राय लेकर वापस जाएंगे, ताकि स्थिति शांत हो। ग्रीनलैंड की सांसद आजा चेमनित्ज ने कहा कि हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है। अमेरिका 2019 से दबाव बना रहा है। यह एक लंबी दौड़ है, जो अभी खत्म नहीं हुई। जितना ज्यादा समर्थन मिले, उतना अच्छा। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह मुलाकात फायदेमंद साबित होगी। अमेरिकी सीनेटर मर्कोव्स्की ने ग्रीनलैंड को जबरन लेने के खिलाफ संसद में एक बिल पेश किया है। वहीं, एक रिपब्लिकन सांसद ने ग्रीनलैंड को जोड़ने के पक्ष में दूसरा बिल पेश किया। ट्रम्प के विशेष दूत जेफ लैंड्री ने बताया कि अमे. रिका को ग्रीनलैंड के नेताओं से सीधे बात करनी चाहिए, न कि डेनमार्क से। उन्होंने कहा ट्रम्प गंभीर हैं। जल्द ही सौदा हो जाएगा। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्जफेल्ट ने व्हाइट हाउस में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात की थी। एक डेनिश अधिकारी ने कहा कि सैन्य कार्रवाई की कोई बात नहीं हुई, लेकिन ट्रम्प के बयानों को गंभीरता से लिया जा रहा है। अमेरिकी सांसद कांग्रेसमैन रैंडी फाइन ने 12 जनवरी को ग्रीनलैंड एनेक्सेशन एंड स्टेटहुड बिलश पेश किया, जो अभी हाउस और सीनेट दोनों में पास होना बाकी है। व्हाइट हाउस में बुधवार को हुई बातचीत में डेनमार्क, ग्रीनलैंड और अमेरिका के बीच कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है। उन्होंने ट्रम्प के ग्रीनलैंड को खरीदने या कब्जा करने के विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यह डेनमार्क के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश आर्कटिक में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं।

## व्हाइट हाउस ने गाजा शांति बोर्ड के सदस्यों के नामों की घोषणा की

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर गाजा के लिए शांति बोर्ड के सदस्यों के नामों की आधिकारिक घोषणा की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस शांति बोर्ड की अध्यक्षता करेंगे। बयान में कहा गया कि बोर्ड के सदस्यों में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रम्प के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर शामिल हैं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने गुरुवार को कहा था कि गाजा के लिए शांति बोर्ड की स्थापना कर दी गई है और बोर्ड के सदस्यों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

# घने कोहरे ने पाकिस्तान में ली 24 लोगों की जान





■ पंजाब और बलूचिस्तान में सड़क हादसों से मचा कोहराम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में शनिवार को घने कोहरे ने दो बड़े सड़क हादसों को जन्म दिया। पंजाब और बलूचिस्तान में अलग-अलग दुर्घटनाओं में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सबसे दर्दनाक हादसा पंजाब के सरगोधा जिले में हुआ, जहां एक ट्रक पुल से नीचे सूखी नहर में गिर गया। वहीं बलूचिस्तान के ओरमारा इलाके में एक कोच पलट गई।

दोनों घटनाओं ने पूरे इलाके में अफरा-तफरी मचा दी। पंजाब के सरगोधा जिले में यह हादसा तड़के हुआ। रेस्क्यू अधिकारियों के मुता. बिक, ट्रक इस्लामाबाद से फैसलाबाद जा रहा था। इसमें 23 लोग सवार थे, जो एक जनाजे में शामिल होने जा रहे थे। घने कोहरे के कारण मोटरवे बंद थी, इसलिए चालक ने स्थानीय रास्ता अपनाया। कोट मोमिन तहसील के गालापुर बंगला पुल पर पहुंचते ही ट्रक चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और वाहन पुल से नीचे सूखी नहर में जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें छह बच्चे भी शामिल थे। नौ लोग गंभीर रूप से घायल हुए। ट्रक पलटने के बाद कई यात्री उसके नीचे फंस गए, जिससे रेस्क्यू कार्य बेहद मुश्किल हो गया। घायलों को मौके पर प्राथमिक उपचार देने के बाद सिविल अस्पताल कोट मोमिन ले जाया गया। इनमें से तीन घायलों को बाद में तहसील मुख्यालय अस्पताल रेफर किया गया। रेस्क्यू टीम को घटना की सूचना रात एक बजकर 48 मिनट पर मिली थी, जिसके बाद तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया। सर्दियों के मौसम में पंजाब और आसपास के इलाकों में घना कोहरा आम बात है। कोहरे के चलते ख्रश्यता बेहद कम हो जाती है, जिससे वाहन चालकों को सड़क और पुल का अंदाजा नहीं लग पाता। इसी वजह से शनिवार को एम-1, एम-2, एम-3, एम-4 और एम-11 समेत कई मोटरवे को बंद करना पड़ा। बार-बार हो रहे ऐसे हादसे यह दिखाते हैं कि खराब मौसम में वैकल्पिक मार्गों पर सुरक्षा इंतजाम पर्याप्त नहीं हैं।

# अमेरिका में भारतीय नागरिक को ढाई साल की जेल की सजा

■ हवाई उपकरण अवैध रूप से रूस भेजने का आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक 58 वर्षीय भारतीय नागरिक को ढाई साल जेल की सजा सुनाई गई है। भारतीय नागरिक पर आरोप है कि उसने नियंत्रित हवाई उपकरण अवैध रूप से रूस भेजने की साजिश रची।

इस हफ्ते की शुरुआत में सुनाए गए फैसले में, ओरेगन डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी अटार्नी स्काट ब्रैडफोर्ड ने कहा कि आरोपी संजय कौशिक ने जानबूझकर और मुनाफे के लिए ये साजिश रची। आरोपी संजय कौशिक दिल्ली का निवासी है। अटार्नी ने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश के तहत बनाई गई योजना थी जिसमें विदेशी साजिशकर्ताओं के साथ तालमेल शामिल था। रूस की प्रतिबंधित कंपनियां भी इस साजिश में शामिल थीं। आरोपी ने कई बार अपने निजी फायदे के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के लिए जरूरी सुरक्षा उपायों को कमजोर करने की कोशिश की। आरोपी ने एक्सपोर्ट कंट्रोल रिफार्म एक्ट का उल्लंघन किया, जिसके लिए उसे फेडरल जेल में 30 महीने और 36 महीने की सुपरवाइज्ड रिहाई की सजा सुनाई। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए असिस्टेंट अटार्नी जनरल जान आइजनबर्ग ने इस मामले पर कहा कि जो लोग अमेरिकी एक्सपोर्ट कंट्रोल कानूनों को चकमा देने की योजना बनाते हैं, खासकर जब इसमें मिलिट्री इस्तेमाल वाली टेक्नोलाजी शामिल होती है-तो उन पर कानून के तहत पूरी सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

## अमेरिका के मिनियापोलिस में प्रदर्शन जारी, 12 लोगों को किया गिरफ्तारी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के सबसे बड़े शहर मिनियापोलिस में आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के अभियानों के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों के दौरान 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। यह जानक. ारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने कल कहा कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में आईसीई विरोधी 12 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रदर्शन जारी रहा और बिशप हेनरी व्हिपल फेडरल बिल्डिंग के बाहर भीड़ जमा होती रही। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर मिनेसोटा में शासन कर रहे डेमोक्रेट्स की आलोचना की।

# अमेरिका की एयरलाइंस को दी गई हिदायत

## मेक्सिको के ऊपर उड़ते समय सावधान रहें, 60 दिन की पाबंदी लगाई





■ पिछले हफ्ते ड्रग कार्टेल को लेकर हमले की धमकी दी थी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने अपनी एयरलाइंस के लिए चेतावनी जारी की। इसमें कहा गया है कि वे मेक्सिको, मध्य अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के कुछ हिस्सों के ऊपर उड़ान भरते समय सतर्क रहें। यह चेतावनी संभावित सैन्य गतिविधियों और जीपीएस सिग्नल में रुकावट के खतरे के कारण दी गई है।

एफएए ने मेक्सिको, मध्य अमेरिकी देशों, इक्वाडोर, कोलंबिया और पूर्वी प्रशांत महा. सागर के कुछ हवाई क्षेत्रों के लिए नोटिस टू एयरमेन जारी किए हैं। ये चेतावनियां 16 जनवरी 2026 से शुरू होकर 60 दिनों तक, यानी मार्च 2027 तक प्रभावी रहेंगी। मेक्सिको सरकार ने एफएए की इस चेतावनी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि यह सिर्फ एक सावधानी है। इससे मेक्सिको की हवाई सीमा या वहां की एयरलाइंस पर कोई पाबंदी नहीं लगी है। यह नोटिस केवल अमेरिकी आपरेटरों (एयरलाइंस) पर लागू होता है और मेक्सिको में उड़ानें सामान्य रूप से जारी रहेंगी। ट्रम्प ने 8 दिसम्बर को कहा था कि मेक्सिको में ड्रग कार्टेल देश चला रहे हैं और अमेरिका इनके खिलाफ जमीन पर हमले कर सकता है। वेनेजुएला पर कार्रवाई के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 8 दिसम्बर को कहा था कि उनका प्रशासन जल्द ही जमीन पर मौजूद ड्रग कार्टेल को निशाना बनाने के लिए कार्रवाई शुरू करेगा। ट्रम्प ने फाक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में दावा किया कि मेक्सिको पर ड्रग कार्टेल का राज है। यह अमेरिका में हर साल 2. 5 लाख से 3 लाख लोगों की मौत का कारण बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुद्र के रास्ते से ड्रग्स की तस्करी को 97 प्रतिशत तक रोक दिया है, इसलिए अब जमीन पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि उन्होंने योजनाओं के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने ट्रम्प के बयानों का कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी के बाद कहा कि अमेरिका किसी भी क्षेत्र का मालिक नहीं है। ट्रम्प बोले: मेक्सिको में ड्रग कार्टेल्स खत्म करने की पेशकश की, राष्ट्रपति नहीं मानी। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने साफ किया कि मेक्सिको दूसरे देशों के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप को पूरी तरह खारिज करता है।

# मस्क की एक्स गर्लफ्रेंड ने ग्रोक पर केस किया

## स्वास्तिक प्रिंट वाली बिकनी पहने फोटो बनाई थी, मस्क की कंपनी ने भी काउंटर केस किया





■ ग्रोक से बनाई गई फोटो में उनकी 14 साल की उम्र की एक पुरानी फोटो को बदला

**न्यूयार्क।** टेस्ला और एक्स (पहले ट्विटर) के मालिक इलान मस्क के बच्चों में से एक की मां एश्ले सेंट क्लेयर ने एआई कंपनी के खिलाफ केस दर्ज कराया है। उनका आरोप कि एआई के चैटबाट ग्रोक (ग्रोक) ने यूजर्स को उनकी आपत्तिजनक डीपफेक फोटो बनाने की परमिशन दी, जिससे उन्हें मानसिक पीड़ा और बदनामी झेलनी पड़ी। राइटर और पालिटिकल स्ट्रैटेजिस्ट 27 साल की एश्ले सेंट क्लेयर ने गुरुवार को न्यूयार्क सिटी की स्टेट सुप्रीम कोर्ट में यह मुकदमा दायर किया।

उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रोक से बनाई गई फोटो में उनकी 14 साल की उम्र की एक पुरानी फोटो को बदला। इसमें उन्हें बिकिनी पहने दिखाया गया। इसके अलावा कुछ दूसरी फोटो में उन्हें एक एडल्ट महिला के रूप में सेक्सुअल पोजिशन में और यहां तक कि स्वस्तिक छपी बिकिनी पहने दिखाया गया। एश्ले सेंट क्लेयर यहूदी हैं, इसलिए उन्होंने इसे और भी अपमान. जनक और डराने वाला बताया। वहीं, एआई का आरोप है कि सेंट क्लेयर ने अपने यूजर एग्रीमेंट का उल्लंघन किया है। जिसमें कहा गया है कि कंपनी के खिलाफ केस केवल टेक्सास के फेडरल कोर्ट में ही किया जा सकता है। गुरुवार को ही एआई ने इस केस को न्यूयॉर्क स्टेट कोर्ट से हटाकर मैनहट्टन के फेडरल कोर्ट में ट्रांसफर करा लिया। इतना ही नहीं, उसी दिन एआई ने टेक्सास के फेडरल कोर्ट में एश्ले सेंट क्लेयर के खिलाफ दावा भी दायर कर दिया। इस दावे में एआई ने हर्जाने की रकम की मांग की है। सेंट क्लेयर का कहना है कि जैसे ही उन्हें इन डीपफेक फोटो के बारे में पता चला, उन्होंने पिछले साल ही एक्स को इसकी शिकायत की और तस्वीरें हटाने की मांग की। लेकिन शुरुआती जवाब में प्लेटफार्म ने कहा कि ये फोटो उसकी पालिसी का उल्लंघन नहीं करतीं। बाद में एक्स ने यह भरोसा दिलाया कि उनकी सहमति के बिना उनकी फोटो का इस्तेमाल या एडिटिंग नहीं की जाएगी। इसके बावजूद सेंट क्लेयर का दावा है कि उनके साथ जवाबी कार्रवाई (रिटैलियेशन) की गई। उन्होंने आरोप लगाया-उनका प्रीमियम एक्स सब्सक्रिप्शन और वेरिफिकेशन चेकमार्क हटा दिया गया। उनके अकाउंट से कमाई (मानेटाइजेशन) बंद कर दी गई जबकि उनके करीब 10 लाख फालोअर्स हैं।

## आर्कटिक में रूस-चीन का डर दिखाना पश्चिम का खोखला बहाना: रूसी राजदूत

**मास्को।** नार्वे में रूस के राजदूत निकोलाई कोरचुनोव ने रूसी सरक. ारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बात करते हुए कहा कि आर्कटिक में रूस और चीन की तथाकथित 'धमकी भरी मौजूदगी' को डराने-धमकाने के बहाने के रूप में इस्तेमाल करने की पश्चिम की नीति गलत साबित हुई है और ग्रीनलैंड के संदर्भ में यह उनके अपने ही यूरोपीय समर्थकों के खिलाफ उलटी पड़ गई है। कोर्चुनोव ने कहा कि कुछ यूरोपीय देश, जो उस क्षेत्र के बाहर हैं, आर्कटिक राज्यों के बीच असहमति का फायदा उठाने की को. शिश कर रहे हैं, ताकि आर्कटिक में अपनी भूमिका और स्थिति मजबूत कर सकें।

# अमेरिकी कॉमेडियन ने ट्रम्प का मजाक उड़ाया

■ कहा: अप्रवासियों की गिरफ्तारी रोकें अपने अवार्ड दूंगा, व्हाइट हाउस बोला: अपने पास रखो, नौकरी जाने पर गिरवी रखना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी लेट-नाइट होस्ट और कामेडियन जिमी किमेल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का मजाक उड़ाते हुए एक आफर दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प को अवाड्र्स बहुत पसंद हैं, इसलिए अगर ट्रम्प मिनियापोलिस से आईसीई (अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) के एजेंट्स को हटा लें और उन्हें वापस बार्डर पर भेज दें, तो वह ट्रम्प को अपने अवाड्र्स दे देंगे।

यह मजाक जिमी किमेल लाइव शो के गुरुवार रात के एपिसोड में आया। किमेल ने ट्रम्प को अपना 1999 का डेटाइम एमी अवॉर्ड, क्लियो अवार्ड, वेबी अवार्ड, राइटर्स गिल्ड अवार्ड और यहां तक कि 2015 का सोल ट्रेन अवार्ड व्हाइट पर्सन आफ द ईयर देने की पेशकश की। किमेल ने कहा कि 'इस वक्त एक अच्छा राष्ट्रपति हालात को शांत करने का रास्ता खोजता, लेकिन हमारे डोनाल्ड ऐसे नहीं हैं। वह जहां जाते हैं, वहां का तापमान बढ़ा देते हैं।' ट्रम्प ने अमेरिका के मिनेसोटा में सेना तैनात करने की धमकी दी थी। यहां अप्रवासियों की गिरफ्तारी के बाद हिंसा भड़क गई थी। जिमी किमेल के इस आफर पर व्हाइट हाउस ने भी प्रतिक्रिया दी है। व्हाइट हाउस के कम्युनिकेशन डायरेक्टर स्टीवन चेउंग ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, जिमी को ये अवार्ड अपने पास ही रखने चाहिए, ताकि जब खराब रेटिंग्स की वजह से उन्हें नौकरी से निकाल दिया जाए, तो वे इन्हें गिरवी रख सकें। किमेल बोले: राष्ट्रपति किसी के गले से भी मेडल खींच सकते हैं। यह व्यंग्य ऐसे समय आया जब वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना माचाडो ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प को अपना नोबेल पीस प्राइज मेडल भेंट किया। ट्रम्प ने महीनों से नोबेल प्राइज न मिलने की शिकायत की थी। किमेल ने मजाक उड़ाया कि कभी-कभी कोई राष्ट्रपति किसी के गले से भी नोबेल प्राइज का मेडल खींच लेता है। उन्होंने ट्रम्प की फोटो दिखाते हुए कहा कि देखिए कितने खुश हैं ट्रम्प। क्या आपने कभी किसी को इतना खुश देखा है जिसने कोई प्राइज खुद नहीं जीता हो? किमेल ने आगे कहा कि माचाडो खाली हाथ नहीं गईं, उन्हें एक 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' मग गिफ्ट के तौर पर मिला।

# दीया मिर्जा वायरल ट्रेंड में शामिल हुई



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीया मिर्जा वायरल 'दिस वाज 2016' ट्रेंड में शामिल होकर अपने प्रशंसकों को पुरानी यादों में ले गईं और अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें साझा कीं, जिससे उनके प्रशंसकों को अपनी शुरुआती फिल्मों की यादें ताजा हो गईं। शनिवार को इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते हुए, दीया ने अपने 'रहना है तेरे दिल में' (आरएचटीडीएम) के सह-कलाकार आर- माधवन, जिन्हें मैडी के नाम से जाना जाता है, के साथ फिल्म के पर्दे के पीछे और फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट कीं।

फिल्म की 25वीं वर्षगांठ इस अक्टूबर में आ रही है। अपने कैप्शन में दीया ने लिखा कि यह 2016 था। 19 अक्टूबर 2026 को 25 साल पूरे हो जाएंगे। एक ऐसा तोहफा जो हमेशा मिलता रहता है। फिल्म 2001 में रिलीज हुई थी। फिल्म का नाम बताओ। ओह मैडी मैडी, देखो क्या आ गया? कई प्रशंसकों के लिए, रीना और मैडी के रूप में दीया और माधवन बॉलीवुड की सबसे प्रिय जोड़ियों में से एक हैं। दो दशक से अधिक समय पहले रिलीज होने के बावजूद फिल्म के गाने, संवाद और कहानी आज भी दर्शकों के दिलों में एक खास जगह रखते हैं। वाशु भगनानी की पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, 'आरएचटीडीएम' में सैफ अली खान ने भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और यह माधवन और दीया मिर्जा दोनों की बॉलीवुड में पहली फिल्म थी। गौतम वासुद.`व मेनन निर्देशित यह रोमांटिक ड्रामा उनकी अपनी तमिल फिल्म मिन्नाले का हिंदी रीमेक है, जो उसी वर्ष पहले रिलीज हुई थी।



# भाभी जी घर पर हैं, फन ऑन द रन का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक दशक से ज्यादा समय तक टीवी पर दर्शकों को गुदगुदाने के बाद, 'भाबीजी घर पर हैं!' अब अपनी दुनिया को और बड़ा करते हुए अपनी आने वाली थिएट्रिकल फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' के साथ तैयार है।

जी स्टूडियोज और एडिट टू ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' को जी सिनेमा, संजय कोहली और बिनैफर कोहली ने प्रोड्यूस किया है और जी स्टूडियोज व संजय कोहली ने इसे प्रस्तुत किया है। इस फिल्म में शुभांगी अत्रे, विदिशा श्रीवास्तव, आसिफ शेख, रोहिताश्व गौर, रवि किशन, मुकेश तिवारी और निरहुआ अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

शुभांगी अत्रे ने कहा, भाबीजी यूनिवर्स हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहा है और अब इसे बड़े पर्दे पर फिल्म के रूप में देखना मेरे लिए सच में अलग एहसास है। हमने यह फिल्म सिर्फ 17 दिनों में शूट की और उस दौरान हम सबने बहुत मस्ती भी की।

इस बार दर्शक अंगूरी की शरारतों का नया रंग देखेंगे और कई सरप्राइज भी मिलेंगे। रवि किशन सर और मुकेश तिवारी सर के साथ काम करना मेरे लिए सीखने वाला अनुभव रहा और मुझे उम्मीद है कि फैंस को जो आगे आने वाला है, वह उन्हें बहुत पसंद आएगा। रवि किशन ने कहा, ष्जब मैंने इस फिल्म की स्क्रिप्ट पढ़ी, तो मैं बहुत खुश हो गया, क्योंकि मुझे पता चल गया था कि यह कोई आम कॉमेडी नहीं है। 'भाबीजी घर पर हैं!' एक कल्ट शो है और फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए शानदार अनुभव रहा। सेट पर सभी के साथ मेरी बहुत अच्छी बॉन्डिग बन गई। शुभांगी के साथ भी मेरा बहुत मजेदार समय रहा, हमारे कई सीन साथ थे और सेट पर लगातार हंसी का माहौल था। मेरा किरदार एकदम विलेन वाला है और कहानी में कुछ ऐसे ट्विस्ट लाता है, जो दर्शकों ने सोचे भी नहीं होंगे। 'भाबीजी घर पर हैं!- फन ऑन द रन' 06 फरवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।

## 5 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी प्रभास की फिल्म 'स्पिरिट'

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'स्पिरिट' 05 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस फिल्म में प्रभास के साथ तृप्ति डिमरी नजर आएंगी।

स्पिरिट के मेकर टी-सीरीज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर शेयर किया जिसमें बताया गया कि यह फिल्म 05 मार्च 2027 को दुनिया भर में रिलीज होगी। मेकर्स ने लिखा, 'याद रखें स्पिरिट 05 मार्च 2027 को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है'। फिल्म 'स्पिरिट' में प्रभास और तृप्ति मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि प्रकाश राज, विवेक ओबेरॉय और कंचना सहायक भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## फिल्म 'ओ रोमियो' का 'हम तो तेरे ही लिए थे' गाना रिलीज

**नई दिल्ली।** निर्देशक विशाल भारद्वाज की आगामी फिल्म 'ओ रोमियो' का गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे' शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया। यह गीत फिल्म की कहानी की मार्मिक झलक पेश करता है। फिल्म में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, अविनाश तिवारी और फरीदा जलाल सहित कई प्रमुख कलाकार हैं। 'ओ रोमियो' फिल्म के सख्त और स्याह परिवेश के बीच, यह गीत एक मार्मिक भावनात्मक विरोधाभास के रूप में उभरता है, जहां नर्म अहसास तल्ख हकीकत से टकराते हैं। विशाल भारद्वाज के ट्रैक में उनका विशिष्ट हस्ताक्षर गहराई और मधुरता है।

# 'इत्ती सी खुशी' में रजत वर्मा को नए लुक की प्रेरणा शाहरुख से मिली

**मुंबई।** अभिनेता रजत वर्मा ने सोनी सब के शो 'इत्ती सी खुशी' में अपने नए लुक की प्रेरणा शाहरुख खान की फिल्म 'मोहब्बतें' में उनके आइकॉनिक लुक से ली है। शो 'इत्ती सी खुशी' अपनी दिलचस्प कहानी से दर्शकों का दिल जीत रहा है। विराट वर्मा का किरदार निभा रहे रजत वर्मा ने हाल ही में अपने स्टाइल में एक बड़ा बदलाव किया है, जिससे स्क्रीन पर उनके किरदार में एक नई गहराई आई है। शुरुआत में वह एक लापरवाह, कूल यंग लड़के के रूप में कैजुअल कपड़ों में दिखे थे, लेकिन अब उनका लुक जडादा मैच्योर और स्वाभाविक रूप से ष्मर्दानाष हो गया है। जैसे-जैसे किरदार अनुभवों और जम्मिेदारियों के साथ बड़ा होता है, विराट की स्टाइलिग भी बदल गई है। क्लीन कट्स, हल्के रंग और करीने से पहने गए कपड़े अब उनके किरदार को परिभाषित करते हैं और उनकी अंदरूनी मैच्योरिटी को दिखाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि विराट के मौजूदा लुक के पीछे की प्रेरणा शाहरुख खान के 'मोहब्बतें' में आइकॉनिक लुक से मिली है, जिसमें स्टाइलिग टीम ने शाहरुख का सादगी भरी एलिगेंस, मिनिमल लेकिन असरदार, शांत लेकिन आत्मविश्वासी अंदाज से प्रेरणा लेकर विराट के बदले हुए व्यक्तित्व को आकार दिया है। हल्के फैब्रिक से लेकर हल्के रंगों तक, हर स्टाइलिग चॉइस उस दौर को दिखाती है जिससे विराट अभी गुजर रहा है, एक ऐसा आदमी जो गंभीर जम्मिेदारियों और मुश्किल हालात का सामना कर रहा है। उनका लुक जवानी की आसानी से हटकर जडादा शांत हो गया है, जो दिखाता है कि विराट भावनात्मक रूप से कैसे बड़ा हुआ है और अब वह खुद को जडादा मैच्योरिटी और गहराई के साथ पेश करता है। रजत वर्मा ने कहा कि जब मैंने विराट का किरदार निभाना शुरू किया, तो उसके कपड़े उस समय के उसके व्यक्तित्व को दिखाते थे, लापरवाह, थोड़ा जल्दबाज, और पल में जीने वाला। जैसे-जैसे किरदार बड़ा हुआ और कहानी आगे बढ़ी, स्टाइलिग स्वाभाविक रूप से जडादा साफ-सुथरी और मैच्योर हो गई, ठीक वैसे ही जैसे उसकी सोच। जब टीम ने इस बदलाव पर चर्चा की, तो सबसे पहला रेफरेंस जो मेरे दिमाग में आया, वह 'मोहब्बतें' के शाहरुख खान का था। नया स्टाइल एक खास गंभीरता लाता है, और इसने मुझे विराट के जडादा जमीनी, विकसित रूप को अपनाने में मदद की है। यह उसका एक ऐसा रूप है जिसे खोजने में मुझे मजा आ रहा है, और मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इस बदलाव को उतनी ही शिद्दत से



महसूस करेंगे, जितनी शिद्दत से हम इसे बनाते समय महसूस करते हैं।' 'इत्ती सी खुशी' हर सोमवार से शनिवार रात नौ बजे, सिर्फ सोनी सब पर प्रसारित होता है।




# अपनी शायरी से जावेद अख्तर ने सभी को किया मदहोश



**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने शायर और गीतकार जावेद अख्तर आज 81 वर्ष के हो गए। 17 जनवरी 1945 को शायर-गीतकार जां निसार अख्तर के घर जब एक लड़के ने जन्म लिया तो उसका नाम रखा गया ''जादू''। यह नाम जां निसार अख्तर के ही एक शेर की एक पंक्ति ''लंबा लंबा किसी जादू का फसाना होगा'' से लिया गया है। बाद मे जां निसार के यही पुत्र जादू ''जावेद अख्तर'' के नाम से फिल्म इंडस्ट्री में विख्यात हुए। बचपन से ही शायरी से जावेद अख्तर का गहरा रिश्ता रहा। उनके घर शेरो-शायरी की महफिलें सजा करती थी जिन्हें वह बड़े चाव से सुना करते थे। उन्होंने जिदगी के उतार-चढ़ाव को बहुत करीब से देखा था इसलिए उनकी शायरी में जिदगी के फसाने को बड़ी शिद्दत से महसूस किया जा सकता है। जावेद अख्तर के गीतों की यह खूबी रही है कि वह अपनी बात बड़ी आसानी से दूसरों को समझाते हैं। उनके जन्म के कुछ समय के बाद उनका परिवार लखनऊ आ गया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ से पूरी की।कुछ समय तक वहां रहने के बाद वह अलीगढ़ आ गए जहां वह अपनी खाला के साथ रहने लगे। जावेद अख्तर ने अपनी मैट्रिक की पढ़ाई अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपनी स्नातक की शिक्षा भोपाल के साफिया कॉलेज से पूरी की लेकिन कुछ दिनों के बाद उनका मन वहां नहीं लगा और वह अपने सपनों को नया रूप देने के लिए वर्ष 1964 में मुंबई आ गए। मुंबई पहुंचने पर जावेद अख्तर को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। मुंबई में कुछ दिनों तक वह महज 100 रुपये के वेतन पर फिल्मों मे डॉयलाग लिखने का काम करने लगे। इस दौरान उन्होंने कई फिल्मों के लिए डॉयलाग लिखे लेकिन इनमें से कोई फिल्म बॉक्स आफिस पर सफल नहीं हुई। मुंबई में जावेद अख्तर की मुलाकात सलीम खान से हुई जो फिल्म इंडस्ट्री में बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बनाना चाह रहे थे। इसके बाद वह और सलीम खान संयुक्त रूप से काम करने लगे। वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म ''अंदाज'' की कामयाबी के बाद जावेद अख्तर कुछ हद तक बतौर डॉयलाग रायटर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने मे सफल हो गए। फिल्म ''अंदाज'' की सफलता के बाद जावेद अख्तर और सलीम खान को कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गए। इन फिल्मों में ''हाथी मेरे साथी, सीता और गीता, जंजीर, यादों की बारात'' जैसी फिल्में शामिल है। सीता और गीता के निर्माण के दौरान उनकी मुलाकात ''हनी ईरानी'' से हुई और जल्द हीं जावेद अख्तर ने हनी ईरानी से निकाह कर लिया। अस्सी के दशक में जावेद अख्तर ने हनी इरानी से तलाक लेने के बाद शबाना आजमी से शादी कर ली। वर्ष 1981 में निर्माता-निर्देशक यश चोपड़ा अपनी नई फिल्म सिलसिला के लिए गीतकार की तलाश कर रहे थे। उन दिनों फिल्म जगत में जावेद अख्तर बतौर संवाद लेखक अपनी पहचान बना चुके थे। यश चोपड़ा ने जावेद अख्तर से फिल्म सिलसिला के गीत लिखने की पेशकश की। फिल्म ''सिल. सिला'' में जावेद अख्तर के गीत ''देखा एक ख्वाब तो सिलसिले हुए और ए कहां आ गए हम '' श्रोताओं के बीच काफी लोकप्रिय हुए। फिल्म सिलसिला में अपने गीत की सफलता से उत्साहित जावेद अख्तर ने गीतकार के रूप में भी काम करना शुरू किया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने एक से बढ़कर एक गीत लिखकर जन जन के हृदय के तार झनझनाए।

